हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -03 ● अंक - 48 ● सोमवार, 01 अप्रैल 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## दिल्ली के रामलीला मैदान से 'इंडिया गठबंधन' ने भरा दम

### केजरीवाल के बहाने मोदी सरकार पर जमकर गरजे इंडिया गठबंधन के सभी नेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े नेता जमा हुए। यहां राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान मोदी सरकार पर जमकर

- **राहुल बोले-लोकसभा चुनाव को आईपीएल की तरह फिक्स करना चाहती है बीजेपी**



निशाना साधा और कांग्रेस के बैंक अकाउंट्स बंद किए जाने के मामले को प्रमुखता से उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी लोकसभा चुनाव को 'मैच फिक्स' करके लड़ना चाहती है। इंडिया गठबंधन की इस रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राजद के नेता तेजस्वी यादव और अन्य नेताओं ने भी भाषण दिए।



राहुल गांधी ने ईवीएम, मैच फिक्सिंग, सोशल मीडिया और मीडिया का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी दबाव की राजनीति के बिना 180 सीटें तक नहीं जीत सकती। राहुल गांधी ने आईपीएल का जिक्र करते हुए कहा-आज आईपीएल मैच हो रहे हैं। जब अंपायरों पर दबाव डाला जाता है, खिलाड़ियों को खरीदा जाता है और कप्तानों को मैच जीतने की धमकी दी जाती है, तो इसे क्रिकेट में मैच फिक्सिंग कहा जाता है। हमारे सामने लोकसभा चुनाव हैं। अंपायरों को पीएम मोदी ने चुना था। दो खिलाड़ी हमारी टीम को मैच से पहले गिरफ्तार कर लिया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा-कांग्रेस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है और चुनाव के बीच में हमारे सभी बैंक खाते बंद कर दिए गए हैं। हमें अभियान चलाना है, कार्यकर्ताओं को राज्यों में भेजना है, पोस्टर लगाना है लेकिन हमारे सभी बैंक खाते बंद कर दिए गए हैं। यह कैसा चुनाव है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा-मैं आम आदमी पार्टी और उनके नेताओं-कार्यकर्ताओं को इस 'लोकतंत्र बचाओ' रैली के आयोजन के लिए धन्यवाद देता हूं।

## 'आपके केजरीवाल शेर हैं जल्द जेल से बाहर आएंगे'

- **रामलीला मैदान में पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दिया भाषण**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रैली में सुनीता केजरीवाल भी मौजूद रहीं। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक शेर हैं और जल्द वह जेल से बाहर आकर आम लोगों के बीच होंगे। सुनीता केजरीवाल ने कहा-ये भाजपा वाले कह रहे हैं कि केजरीवाल जी जेल में हैं, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। क्या आप लोग चाहते हैं कि वे इस्तीफा दें। आपका केजरीवाल शेर है।

## बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में जमानत तक नहीं मिल रही

### मेरठ की रैली में बोले पीएम मोदी, विपक्षी गठबंधन को घेरा





**मेरठ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 31 मार्च को यूपी के मेरठ में पहली रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मिलकर एक इंडिया गठबंधन बनाया है। इनको लगता है कि मोदी इनसे डर जाएगा, लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। पीएम ने कहा, आज बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही। इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा। देश ने 10 साल में विकास का ट्रेलर देखा है। ये चुनाव सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए है। आपने देखा है कि ब्रज में कान्हा-राधा होली खेलते हैं।

### मोदी बोले-हम गन्ना बेल्ट को ऊर्जा बेल्ट बनाना चाहते हैं

हम गन्ने की खेती को चीनी-गुड़ तक सीमित रखना चाहते हैं। गन्ना बेल्ट को ऊर्जा बेल्ट बनाना चाहते हैं। इथेनॉल से गाड़ियां चलें, इसके लिए काम हो रहा है। 10 साल पहले 40 करोड़, आज 500 करोड़ इथेनॉल का उत्पादन हो रहा है। हमारी कोशिश है कि किसानों का लाभ ज्यादा हो, इसलिए पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों की मदद की गई है। पीएम ने कहा कि इंडिया गठबंधन न देश के किसानों, न जवानों का हित सोच सकता है। किसानों से नफरत करने वाली कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को उचित सम्मान नहीं दिया। जब हमारे छोटे भाई जयंत चौधरी संसद में बोलने के लिए खड़े हुए तो उनकी आवाज को रोकने की कोशिश की गई।

## इंदिरा गांधी ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दिया

### पीएम मोदी बोले-कांग्रेस भरोसे लायक नहीं, इसने देश को तोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज सुबह एक खबर आई है कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को दिया गया था। इसके बाद सत्तारूढ़ भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। भाजपा को उम्मीद है कि यह मुद्दा लोकसभा चुनाव में दक्षिणी राज्य में बढ़त हासिल करने के उसके प्रयासों में मददगार साबित होगा। पीएम मोदी ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को संवेदना से हीन बताते हुए हमला किया है।

## राष्ट्रपति ने आडवाणी को घर जाकर दिया भारत रत्न

### पीएम मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी रहे मौजूद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद रहे। इससे पहले शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए गए पुरस्कार उनके परिवार के सदस्यों ने लिए। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के लिए मुर्मू से यह सम्मान उनके पुत्र पी वी प्रभाकर राव ने स्वीकार किया। सरकार ने इस साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री एल के आडवाणी को भी भारत रत्न पुरस्कार देने की घोषणा की थी। बहुभाषाविद्,



राजनेता और विद्वान, पी. वी. नरसिम्हा राव को भारतीय राजनीति के चाणक्य के रूप में जाना जाता है, जिनके प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में दूरगामी आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। वह 1991 से 1996 तक देश के प्रधानमंत्री पद पर रहे थे। वह किसी दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे।

### एयर इंडिया मामला

## सीबीआई ने क्लोज किया केस तो भड़की कांग्रेस

### कहा-पूर्व पीएम मनमोहन सिंह से माफी मांगें मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** एयर इंडिया के पट्टा घोटाले मामले में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट लगा दी है। आरोप था कि यूपीए सरकार के समय में एयर इंडिया के पट्टा मामले में अनियमितता की वजह से लगभग 860 करोड़ रुपये का नुकासन हुआ था। उस समय प्रफुल्ल पटेल एविएशन मिनिस्टर थे। अब कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व पीएम मनमोहन सिंह से माफी मांगनी चाहिए। यूपीए सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए गए थे। मोदी सरकार को देश की जनता से भी माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, अजित पवार गुट



और भारतीय जनता पार्टी के बीच हुए गठबंधन की वजह से ही यह मामला बंद किया गया है। उन्होंने कहा, 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कथित घोटाले को लेकर कैग की रिपोर्ट लेकर सब जगह जाते थे। एक दिन पहले ही सीबीआई ने मामले की क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी क्योंकि एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल भाजपा के साथ चले गए। वह भाजपा की वॉशिंग मशीन में धुलकर साफ हो गए हैं। उन्होंने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और सारे देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, आखिर किस आधार पर मनमोहन सिंह पर आरोप लगाए गए थे। अपने राजनीतिक स्वार्थ को साधने के लिए गलत तथ्य पेश किए गए। रमेश ने कहा, कैग रिपोर्ट के आधार पर मनमोहन सिंह के खिलाफ चार्जशीट फाइल कर दी गई। उन्होंने मनमोहन सिंह सरकार के कथित घोटालों की जो लिस्ट बनाई, पूरी फर्जी थी। प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ जब मामला बंद हो गया तो यह क्या साबित करता है।

## झारखंड से बजेगा लोकतंत्र को बचाने का बिगुल : चम्पाई

**रांची।** दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन ने रविवार को रैली की और अपनी ताकत दिखाई। रैली में झामुमो नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि ईडी और सीबीआई का केंद्र गलत इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड से ही लोकतंत्र को बचाने का बिगुल बजेगा। चम्पाई ने कहा कि आज जिस जमीन के नाम पर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया, उस जमीन का कहीं भी किसी किताब में जिक्र नहीं है। झारखंड में हेमंत सोरेन ने पिछड़े वर्गों और समुदायों का जो उत्थान किया, उससे भाजपा के पेट में दर्द शुरू हो गया। यही लड़ाई हमारे पूर्वजों ने भी झारखंड में लड़ी थी। हम सब एक हैं। हम झारखंड के साथ-साथ देश में भी भाजपा की विचारधारा को पनपने नहीं देंगे। साथ ही कहा कि अत्याचार के खिलाफ लड़ाई झारखंड से शुरू होगी और केंद्र की सरकार को हटा कर खत्म होगी।



**झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं : कल्पना सोरेन**: इस रैली में झामुमो की नेता और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने केंद्र पर ईडी और सीबीआई के गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को गलत तरीके से फंसाया गया है। कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग इनके खिलाफ बोलते हैं उन्हें जेल के अंदर डाला जा रहा है, जो लोग उनकी पार्टी में आ रहे हैं उन्हें माफ किया जा रहा है। कल्पना ने कहा कि विपक्ष के नेताओं को बेवजह परेशान किया जा रहा है। किसी ने कोई घोटाला नहीं किया उसके बावजूद भी किस तरह से विपक्ष के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को परेशान किया जा रहा है। झूठे मामलों में जेल के अंदर किया जा रहा है।ईडी के द्वारा जबरदस्ती रेड करवाई जा रही है। सीबीआई जांच करवाई जा रही है सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है। कल्पना सोरेन ने कहा कि दोषी कौन है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। न्यायपालिका पर हमें पूरा भरोसा है।

हम यही चाहेंगे कि हमें इंसाफ जल्दी से जल्दी मिले। आज हम जितनी भी पार्टी यहां पर इकट्ठा हुए हैं, लोकतंत्र को बचाने के लिए यहां पर आए हैं। यही से हम संकल्प लेकर जा रहे हैं और यहां से हम एकजुट होकर केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। साथ ही कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें सड़क पर आना होगा । विपक्ष की रैली में कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के साथ झामुमो के चम्पाई सोरेन, कल्पना सोरेन, राजद के तेजस्वी यादव, सपा के अखिलेश यादव के अलावा उद्धव ठाकरे, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सुनीता केजरीवाल और भगवंत मान शामिल रहे।

## ओड़िशा में अबकी मुश्किल में नवीन पटनायक की पार्टी

- **फिल्म स्टार तोड़ रहे बीजेडी से नाता, कई भाजपा में हुए शामिल**

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा की सियासत कभी भी फिल्मी दुनिया के प्रभाव से अछूती नहीं रही है। पिछले दो दशकों से कई अभिनेता बीजू जनता दल (बीजेडी) में शामिल होने के लिए कतार में थे। मगर अब 2024 में बीते 15 दिनों से भी कम समय में कम से कम दो उड़िया अभिनेता बीजेडी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। वहीं ऐसा बताया जा रहा है कि दो और लोकप्रिय सितारे भगवा पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को बरहामपुर से दो बार के बीजेडी सांसद और लोकप्रिय ओडिया फिल्म स्टार सिद्धांत महापात्रा दिल्ली में बीजेपी में शामिल हो गए और उन्होंने कबूल किया कि वह पीएम मोदी से प्रभावित हैं।



## आयकर विभाग ने अब थमाया 3567 करोड़ रुपए का नोटिस

### सरकार के ऊपर तिलमिला उठी कांग्रेस, भाजपा का भी पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही कांग्रेस पार्टी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी को आयकर विभाग ने अब तक 3567 करोड़ का नोटिस थमा दिया है। आपको बता दें कि शुक्रवार तक यह राशि 1823 करोड़ रुपये थे। इसके बाद कांग्रेस को शनिवार को तीन और नोटिस मिले और उसमें यह राशि बढ़ गई। आयकर विभाग ने साल 2014-15 में 663.05 करोड़ रुपये, 2015-16 में 663.89 करोड़ रुपये और 2016-17 में 417.31 करोड़ रुपये को नोटिस थमाया है। आपको बता दें कि कांग्रेस ने 2023 के अंत तक अपनी घोषणा संपत्ति करीब 1385 करोड़ रुपये बताया था। कांग्रेस ने आयकर विभाग द्वारा जारी 135 करोड़ रुपये की वसूली नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले को 2016 में दायर एक विशेष अनुमति याचिका के साथ जोड़ने की मांग की है। इस पूरे मामले पर कांग्रेस सांसद और वकील विवेक तन्खा ने कहा, सुप्रीम कोर्ट में दायर पहले की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) में मूल मांग लगभग 26 करोड़ रुपये थी, जिसे घटाकर 11-12 करोड़ रुपये कर दिया गया था। अब वहीं राशि ब्याज जोड़ने के बाद 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है। यह पागलपन की पराकाष्ठा है। पिछले तीन दिनों में कांग्रेस से 3,567.3 करोड़ रुपये के भारी कर की मांग की गई है। यह हाल ही में कांग्रेस के बैंक खातों से बरामद किए गए 135 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है।



### कंबोडिया में फंसे 5 हजार भारतीयों से करा रहे थे साइबर क्राइम

## बिना कुछ खाए-पिए घंटों काम टारगेट पूरा नहीं होने पर सजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 5,000 से अधिक भारतीय कंबोडिया में फंस गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस पराए देश में इन लोगों को उनकी मर्जी के खिलाफ रोका गया है। इतना ही नहीं, घर वापस आने वाले भारतीयों के साथ साइबर ठगी के लिए इन्हें मजबूर किया जा रहा है। सरकार का अनुमान है कि इन धोखेबाजों ने बीते 6 महीनों में कई भारतीयों को चूना लगाया है। ये अब तक 500 करोड़ रुपये तक की ठगी कर चुके हैं। इन भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में रोजगार के अवसरों का लालच दिया गया, लेकिन उन्हें साइबर अपराध करने के लिए मजबूर कर दिया गया। अब भारत सरकार की ओर से इन लोगों को स्वदेश लाने के प्रयास जारी हैं जिसमें कुछ हद तक सफलता भी मिली है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार कंबोडियाई अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है। लगभग 250 भारतीयों को स्वदेश वापस लाया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन 250 भारतीयों में से 75 को पिछले तीन महीने में वापस लाया गया है। उसने कहा, 'हमने कंबोडिया में फंसे भारतीय नागरिकों पर मीडिया रिपोर्ट देखी हैं। कंबोडिया में हमारा दूतावास उन भारतीय नागरिकों की शिकायतों पर तुरंत प्रतिक्रिया दे रहा है, जिन्हें उस देश में रोजगार के अवसरों का लालच दिया गया था, लेकिन उन्हें अवैध साइबर कार्य करने के लिए मजबूर किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, कंबोडिया से जिन लोगों को वापस भारत लाया गया है उनमें से एक स्टीफन हैं। उनके पास डिग्री है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने कंप्यूटर कोर्स भी किया था। स्टीफन ने बताया, कंबोडिया में फंसे कई भारतीयों की फेक सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाई गई।




## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएफ ने यात्री को एप्पल आई पैड लौटाया



**रांची।** रांची रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ ) ने ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री को एप्पल आई पैड लौटाया। रविवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20840 नई दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा करके कोडरमा स्टेशन पर उतरे यात्री अमित अंबस्ट ने रेल मदद पर अपने एप्पल कंपनी के आई पैड मूल्य करीब 27 हजार रुपये के छूट जाने के सम्बंध में शिकायत दर्ज कराया। इसपर त्वरित कारवाई करते हुए आरपीएफ रांची ने आई पैड को ढूंढ निकाला और यात्री को आई पैड सौंपा।

### आईएएस अधिकारियों के नाम से फेक अकाउंट बना रहे हैं साइबर अपराधी




**रांची।** साइबर अपराधियों के जरिये राज्य के आईएएस अधिकारियों के नाम से व्हाट्सएप्प पर फेक अकाउंट बनाकर लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नाम से व्हाट्सएप्प पर फेक अकाउंट बनाने के बाद साइबर अपराधियों ने उपायुक्त लातेहार गरिमा सिंह के नाम से भी फेक अकाउंट बनाया है। साइबर अपराधी मोबाइल नंबर 7874086569 से व्हाट्सएप्प पर फेक अकाउंट बनाकर लोगों को मैसेज कर पैसों की मांग कर रहे हैं। साइबर अपराधियों के जरिये अलग-अलग परिस्थिति का हवाला देकर पैसों की मांग की जा रही है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आमजनों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर उनके नाम पर किसी तरह का मैसेज आने और पैसों की मांग करने पर ट्रांजैक्शन ना करें और तुरंत रिपोर्ट करें। जिला प्रशासन के जरिये फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। साइबर सेल मामले की जांच पड़ताल कर रहा है। यह जानकारी रविवार को जिला प्रशासन की ओर से दी गई।

### शिबू सोरेन परिवार की कठपुतली बने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को एक्स के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अफसोस है कि चम्पाई सोरेन पारिवारिक अंदरूनी महाभारत की परिस्थितिवश सोरेन परिवार की अनुकंपा पर मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद इनके हाथों की कठपुतली बने हुए हैं। मरांडी ने कहा कि दिल्ली में स्वांग रचने से बेहतर होता कि वे झारखंड के छात्रों की समस्या का निदान करते। जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में धांधली करने वाले लोगों के साथ सख्ती बरतते, उन्हें जेल भेजते। राज्य के मरणासन्न कानून व्यवस्था की समीक्षा कर उसे सुदृढ़ करते लेकिन वे भी हेमंत सोरेन के नक्शे कदम पर चलने की कसम खा रखे हैं। उन्होंने कहा यदि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने क्रिया-कलापों में सुधार नहीं किया और उसी राह पर चलते रहे तो वो दिन दूर नहीं जब उन्हें भी होटवार जाना पड़ सकता है।

### पुलिस ने 4.30 करोड़ का डोडा जब्त किया



**रांची।** पुलिस ने रविवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 175 बोरा डोडा जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 4.30 करोड़ रुपये है। रांची के एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी एक ट्रक में लोड कर भारी मात्रा में डोडा यूपी ले जाया जा रहा है। उन्होंने एसडीपीओ बुंडू के नेतृत्व में एक टीम गठित की। पुलिस टीम ने तमाड़ के पास ट्रक को पकड़ा।

### मारपीट और लूटपाट करने के मामले में तीन गिरफ्तार



**रांची।** बरियातू थाना पुलिस ने मारपीट और लूटपाट करने के मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अपराधियों में शिव भगत उर्फ शिव मिंज, विशाल टोप्पो और इंद्रजीत बडाईक शामिल है। इनके पास से मोबाइल फोन बरामद किया गया है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने बताया कि 30 मार्च की रात रिम्स ट्रामा सेन्टर के बाहर तालाब के पास तीन अपराधियों ने जगतपति महतो को मारपीट करते हुए डीआईजी ग्राउंड तक ले गये थे। इसके पास से उसका मोबाईल और पैसा लूट लिया था।

### भारी मात्रा में शराब के साथ चार गिरफ्तार



**रांची।** सदर थाना पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में संतोष कुमार, राज कुमार, आदर्श सिंह और निखिल कुमार शामिल है। इनके पास 100 पाईपर 45 बोतल, ब्लेंडर प्राईड 165, ब्लैक टाईगर 235 बोतल,सिगनेचर 20 बोतल सभी 750 एमएल का, टाटा पंच, अवैध शराब बोतल का रैपर, खाली बोतल और भारत सरकार के कार में लगने वाला नकली बोर्ड बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी सदर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन किया गया। टीम ने बूटी बस्ती स्थित पवन सिंह के एस्बेस्टस युक्त मकान में छापामारी करने पर भारी मात्रा में विभिन्न ब्राण्ड का शराब बरामद हुआ। घटनास्थल से चार युवक को पकड़ा गया। बरामद शराब के संबंध में पूछने पर चारों ने बताया कि वे लोग बोकारो से नकली शराब लाते थे तथा यहां पर महंगे ब्राण्ड के बोतलों में भरकर बिहार के विभिन्न जिलो में बेचने का काम करते हैं। विभिन्न ब्राण्ड के 465 बोतल नकली अवैध शराब तथा नकली शराब को भरने के लिए खाली 181 बोतल एवं अन्य सामग्री को जब्त करते हुए चारों लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# सांसद बनने की राह पर झारखंड के माननीय, भाजपा के तीन विधायक आजमा रहे किस्मत

रांची

झारखंड में कई विधायक हैं जो सांसद बनना चाहते हैं। राष्ट्रीय राजनीति में हिस्सेदारी निभाने की चाहत राज्य के क्षेत्रीय दलों के विधायकों से ज्यादा इच्छा राष्ट्रीय दलों से ताल्लुक रखने वाले विधायकों में देखी जा रही है, जो राज्य से निकलकर देश की राजनीति में दखल देना चाहते हैं। हालांकि, कई विधायकों को उनकी पार्टी ने टिकट दे दिया है, तो कुछ ने पाला बदल कर टिकट हासिल किया है। कुछ नेता अभी टिकट पाने के लिए इंतजार में हैं। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में भाजपा ने अपने हिस्से के 13 सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। भाजपा के टिकट पर वर्तमान विधानसभा के तीन सदस्य लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से दो भाजपा के विधायक हैं जबकि एक झामुमो छोड़ कर भाजपा ज्वाइन की है। कांग्रेस ने तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इसमें




एक प्रत्याशी वर्तमान में विधायक हैं। इसके अलावा फिलहाल दो से तीन और विधायक के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जतायी जा रही है। इंडिया गठबंधन से अब तक 14 में से तीन सीट पर ही प्रत्याशी की घोषणा हुई। जिन सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है, उनमें कोडरमा, पश्चिमी सिंहभूम और गोड्डा से वर्तमान विधानसभा के सदस्यों के चुनाव लड़ने की संभावना जतायी जा रही है।हजारीबाग लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने वर्तमान विधायक को मैदान में उतारा है। भाजपा से विधायक मनीष जायसवाल और कांग्रेस से जेपी पटेल चुनाव लड़ रहे हैं। दुमका से सीता सोरेन और धनबाद से विधायक ढुलु महतो भाजपा से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इंडिया गठबंधन ने जिन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, उनमें से कोडरमा से माले विधायक विनोद सिंह, पश्चिमी सिंहभूम से झामुमो के विधायक दशरथ गगरई के चुनाव लड़ने की संभावना है। इसके अलावा गोड्डा से भी कांग्रेस के विधायक चुनाव लड़ने की तैयारी में है। वर्तमान विधायकों के साथ अब तक दो पूर्व विधायकों को भी लोकसभा चुनाव का टिकट मिला है। कांग्रेस ने लोहरदगा से सुखदेव भगत को चुनाव में उतारा है। सुखदेव भगत पूर्व में विधायक रहे हैं। राजमहल से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी भी पूर्व विधायक हैं।

**ये विधायक बन चुके हैं सांसद-** राज्य में लोकसभा चुनाव में सांसद बनने वाले नेता, जो पहले विधायक रह चुके हैं, उनमें खूंटी से सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, कोडरमा सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पश्चिमी सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा, गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, धनबाद के सांसद पीएन सिंह, लोहरदगा विधायक सुदर्शन भगत, विद्युत वरण महतो आदि विधायक के नाम शामिल हैं। इनमें से भाजपा ने धनबाद और लोहरदगा में इस चुनाव में अपना प्रत्याशी बदल दिया है।

**कई विधायकों की उम्मीदें टूटीं-** भाजपा से इस वर्ष लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले जिन माननीयों की हसरतें पूरी नहीं हो सकी उसमें पांकी से विधायक शशिभूषण मेहता, धनबाद से भाजपा विधायक राज सिन्हा और पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही का नाम हैं। ये लोकसभा चुनाव लड़कर दिल्ली जाना चाहते थे लेकिन टिकट न देकर पार्टी ने दिल्ली की उनकी चाह पर विराम लगा दिया है।

**इंडिया गठबंधन में कई विधायक लोकसभा टिकट पाने की रेस में-** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने तीन लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग, लोहरदगा और खूंटी के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। इसमें भाजपा से कांग्रेस में आये मांडू विधायक जेपी पटेल को हजारीबाग से टिकट मिल भी गया है। बाकी जिन जिन विधायकों ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है उसमें गोड्डा लोकसभा के लिए कांग्रेसी विधायक दीपिका पांडे सिंह और प्रदीप यादव के नाम आगे हैं। इसी तरह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनने की इच्छा पूर्व मंत्री और टुंडी से झामुमो विधायक मथुरा महतो की रही है। इस बार कोडरमा लोकसभा सीट माले के खाते में जाने की संभावना को देखते हुए विधायक विनोद सिंह भी कोडरमा से लोकसभा के लिए किस्मत आजमाना चाहते हैं। बिशुनपुर से झामुमो विधायक चमरा लिंडा, लोहरदगा से उम्मीदवारी के लिए अभी तक अड़े हुए हैं, तो सिंहभूम सीट से उम्मीदवार बनने की इच्छा झामुमो के विधायक दशरथ गगराई, सुखराम उरांव और जोबा मांझी की रही हैं। ऐसे में इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा उम्मीदवारों का फाइनल लिस्ट आने के बाद ही यह तय हो पायेगा कि लोकसभा चुनाव जीत कर सेंट्रल विस्टा की ओर कदम बढ़ाने का मौका किन-किन माननीयों को मिलता है और किसे अभी दिल्ली की राजनीति के लिए इंतजार करना पड़ता है।

# जमशेदपुर में बैडमिंटन खिलाड़ी हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

रांची

पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के अंतरराष्ट्रीय पारा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या के आरोप में पुलिस ने काजल सुमन और उसके आशिक रौनक कुमार को रविवार को जेल भेज दिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को बताया कि काजल ने ही रौनक के साथ मिलकर प्रशांत की हत्या की और फिर शव को बोरे में भरकर हजारीबाग के छड़वा डैम से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपित रौनक के पास से प्रशांत की कलाई घड़ी और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है।एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि प्रशांत की मां ने बिरसानगर थाना में काजल के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज




कराई थी। पुलिस ने टेक्निकल टीम की सहायता से काजल और उसके साथी रौनक को हजारीबाग पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि काजल ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि प्रशांत के साथ वर्ष 2019 से उसकी दोस्ती थी। बाद में लड़की प्रशांत से कटना चाह रही थी। यह बात प्रशांत को कबूल नहीं था। काजल ने पुलिस को यह बताया कि प्रशांत उसे काफी लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहा था। दोस्ती तोड़ लेने पर अंतरंग फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इससे तंग आकर उसे 11 मार्च को जमेशदपुर से बहला-फुसलाकर हजारीबाग शहर के शहीद निर्मल महतो पार्क के पास लायी थी। यहां पहले से मौजूद दोस्त रौनक के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। उसी रात में एक स्कूटी से प्लास्टिक की बोरी में शव को बांधकर बीच में रखकर दोनों छड़वा डैम गए और शव को ठिकाना लगा दिया। उल्लेखनीय है कि प्रशांत सिन्हा अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी था। वह वर्ष 2023 में थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खेल में शामिल हुआ था और भारत का प्रतिनिधित्व किया था। प्रशांत कुमार सिन्हा 11 मार्च से लापता था। प्रशांत की मां ने अपहरण का आवेदन देकर 22 मार्च को प्राथमिकी संख्या 30/24 धारा 364 (ए) के तहत दर्ज करायी थी।

## ग्रामीण एसपी ने बूथों की सुरक्षा को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश




रांची

रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने खूंटी लोकसभा के तमाड़ विधानसभा क्षेत्र दशम फॉल, बुंडू और तमाड़ थाना के बूथों की सुरक्षा को लेकर बैठक की। इस दौरान ग्रामीण एसपी ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उस क्षेत्र में पड़ने वाले सभी बूथों का बारी-बारी से गूगल अर्थ मैप का उपयोग करते हुए उक्त क्षेत्र का भौगोलिक स्थिति को देखते हुए हर बूथ पर कितने पुलिसकर्मी, पदाधिकारी, वाहन प्रतिनियुक्त किया जाएगा । उनके आने-जाने के लिए रूट का निर्धारण के संबंध में विशेष रूप से चर्चा किया गया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# झारखंड की सलीमा टेटे को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का अवॉर्ड

रांची

हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक पुरस्कार-2023 का आयोजन रविवार को दिल्ली में किया गया। इसमें झारखंड की सलीमा टेटे को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सलीमा को हॉकी इंडिया की ओर से 25 लाख का चेक दिया गया। पुरुषों में हार्दिक सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाडी के रूप में सम्मानित किया गया। इस वर्ष हॉकी इंडिया की ओर से आठ श्रेणियों कुल 32 खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनके बीच कुल 7.56 करोड़ की राशि दी गई। सलीमा टेटे के अलावा झारखंड की दीपिका सोरेंग को अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर-21 महिला) के लिए असुंता लकड़ा



अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसके तहत हॉकी इंडिया की ओर से 10 लाख रुपये का चेक दिया गया।

**हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार-2023 के लिए सम्मानित खिलाड़ी-** वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरुष) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार-25 लाख का चेक- हार्दिक सिंह। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (महिला) के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार-25 लाख का चेक-सलीमा टेटे। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-पीआर श्रीजेश। वर्ष के डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-हरमनप्रीत सिंह। वर्ष के मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार-5 लाख का चेक-हार्दिक सिंह। फॉरवर्ड ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लई पुरस्कार-5 लाख का चेक-अभिषेक। हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार (महिला-21 वर्ष से कम)-10 लाख का चेक-दीपिका सोरेंग। हॉकी इंडिया जुगराज सिंह वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार (पुरुष-21 वर्ष से कम)-10 लाख का चेक-अरजीत सिंह हुंदल। मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

# रांची में आलोक हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

रांची

राजधानी की सदर थाना पुलिस ने आलोक कुमार उर्फ कान्हा हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सुंदर हेंब्रम उर्फ एसटी, अमन कुमार पासवान और अनिल ओहदार शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर हत्या करने में प्रयुक्त पत्थर, मृतक का एक मोबाइल, अपराधियों का तीन मोबाइल और एफएसएल टीम के जरिये जब्त किया गया सामान बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि 28 मार्च को रांची नर्सिंग होम के पीछे से पुलिस ने आलोक कुमार उर्फ कान्हा का शव बरामद किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश





पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि पूर्व में हुई मारपीट और शराब पीने के दौरान पैसे के लेन-देन के विवाद में हुई थी। पीएचईडी तालाब से मृतक का मोबाईल एवं घटनास्थल से हत्या करने में प्रयुक्त पत्थर को बरामद किया गया है।

# रांची में पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

रांची

राजधानी की पिठौरिया थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य सूरज महतो उर्फ सूरज गोप को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक पिस्टल, दो लोडेड मैगजीन, 10 गोली, दो मोबाइल फोन, 10 उग्रवादी पर्चा, एक बैग, वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड, पैन कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ है। इसके अन्य तीन सहयोगी रात तथा जंगली क्षेत्र होने का लाभ उठाकर भाग गये। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रंगदारी के लिए क्रशर में आगजनी मामले का खुलासा करते हुए एक पीएलएफआई उग्रवादी




को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पिठौरिया थाना क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादियों के जरिये घटना को अंजाम दिये जाने की सूचना प्राप्त हुई। ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए पिठौरिया थाना के मुरैठा से उग्रवादी सूरज महतो उर्फ सूरज गोप को गिरफ्तार किया गया। वह रातू थाना चिलदाग का रहने वाला है। गिरफ्तार उग्रवादी ने पूछताछ में मुरैठा में आपराधिक सहयोगियों में कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान, रंजन महतो उर्फ रंजन गोप, बब्लु गंझू के उपस्थित रहने की बात बतायी। उसने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वह प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य है। वह एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में उग्रवादी घटनाओं में शामिल रहा है। गिरफ्तार उग्रवादी ने बताया कि एक मार्च की रात को सांगा गांव स्थित हकीम अंसारी के स्टोन क्रशर प्लांट में आगजनी की घटना कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में किया गया था। इस घटना में वह भी शामिल था। क्रशर मालिक से कृष्णा यादव के जरिये दस लाख रुपये लेवी की मांग की गई थी, जिसे नहीं देने पर आगजनी की घटना में क्रशर प्लांट में खड़े हाईवा वाहन, लोडर एवं जेनरेटर में आग लगा दिया गया था। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी के खिलाफ सात मामले दर्ज हैं।

## ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




रांची

सुखदेव नगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में अभिमन्यु गोप और अजय कच्छप शामिल है। इनके पास से 46 ग्राम ब्राउन शुगर, एक किलो गांजा और दो मोबाइल फोन बरामद किया। एसपी चंदन कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि 4-5 ब्राउन शुगर -गांजा की खरीद बिक्री हरमु नदी पुल के पास कर रहा है। सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया । टीम ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते हुए रंगे हाथ दो लोगों को पकड़ा । जबकि छापेमारी के क्रम में अन्य आरोपित भागने में सफल रहे।

# कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

गढ़वा

JSLPS की महिलाओं द्वारा आज गढ़वा जिले के प्रखंड मंझिआंव के बोदरा पंचायत में आमजनों के बीच लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु स्वीप कोषांग के तहत नैतिक मतदान एवं EVM VVPAT के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां कार्यक्रम के दौरान रंगोली, मेहंदी एवं रैली जैसे कार्यक्रमों को आयोजित कर जागरूकता फैलाई गई। ईवीएम वीवीपीएटी की पारदर्शिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बारी-बारी कर उक्त विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से इसके कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई और बताया गया कि कोई भी मतदाता ईवीएम के माध्यम से मतदान करते समय वीवीपीएटी



मशीन पर रियल टाइम में दबाए गए बटन के सामने छपे चुनाव चिन्ह का मिलान कर सकता है। मतदान का यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर मतदाता ध्यान ना दें। स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा एथिकल वोटिंग यानी नैतिक मतदान को लेकर बताया गया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल देश के विकास के लिए अवश्य करना चाहिए। हर एक वोट कीमती है, इसलिए मतदान दिवस के दिन अपने घरों से बाहर आयें और अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। अमीर हो चाहे गरीब सभी वर्ग के पास मतदान करने का अधिकार है, हर एक वोट कीमती है, इसे व्यर्थ न जाने दें। इस दौरान नैतिक मतदान को लेकर उपस्थित लोगों के बीच अपनी बातों को रखा गया। उनसे अपील किया कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास में भागीदारी बने। किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आए ना ही किसी के दबाव में आकर वोट करें। अपने मर्जी से पूरी सूझबूझ के साथ मतदान करें। इस दौरान C-vigil App, SAKSHAM App एवं Voter Helpline App की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि नए मतदाता वोटर हेल्पलाइन App के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं। साथ ही किसी भी प्रकार के सुधार या सहायता के लिए भी इस App का इस्तेमाल कर सकते हैं। C-vigil App के माध्यम से आप चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। C-vigil App के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि चुनाव के दौरान किये जा रहे गड़बड़ी और धांधली आदि की शिकायत सरल तरीके से की जा सकती है, जिसमें शिकायतकर्ता की गोपनीयता भी भंग नहीं होती एवं त्वरित कार्रवाई की जाती है। सरकारी सेवक जो मतदान कार्य मे संलग्न हैं, को भी अपने मतों का उपयोग डाक मतपत्र के द्वारा अवश्य करने की अपील की गई। कार्यक्रम में लोगों द्वारा मतदान एवं मतदाता आदि के बारे में कुछ प्रश्न किए गए, जिन्हें स्वीप के तहत कार्यक्रम में उन्हें उनके प्रश्नों के उत्तर से अवगत कराया गया एवं संदेह को दूर किया गया। इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रम के तहत ELC के सदस्यों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र में प्रविष्टियों की सुधार हेतु फॉर्म 8, मतदाता सूची में नाम हटाने हेतु फॉर्म 7 के बारे में विस्तार से बताया गया।

सभी को स्वीप के तहत भावी मतदाता, चुनाव पाठशाला, वोटर अवेयरनेस फोरम, मतदाता जागरूकता समूह सहित विभिन्न विषयों के बारे में समझाया गया एवं डेमोक्रेसी रूम तैयार की गई। साथ ही साथ सभी नागरिकों को वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप, C-VIGIL एप्प सहित विभिन्न ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर समझाया गया। सभी के बीच रंगोली, मेहंदी, रैली जैसे कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। उक्त मौके पर स्वीप के तहत उपस्थित दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता का कार्य करने हेतु अपील की गई। उन्होंने युवा वर्ग को अवश्य मतदान में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। इस बार मतदान का दर 80 प्रतिशत तक बढ़ाने हेतु मतदाताओं से अपील की गई। उन्होंने उपस्थित प्रखंडवासियों को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही गई एवं लोगों के बीच मतदाता प्रतिज्ञान का शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मौके पर JSLPS की सैकड़ों सखी मंडल की दीदियों के अतिरिक्त उक्त प्रखंड के आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

**शहरी क्षेत्र मै मतदान बढ़ाना लक्ष्यः आनंद शंकर ▪ महिलाओं को वोट के लिए प्रोत्साहित करें: बी डी राम**

# चेंबर का चाय पर चर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ

पलामू

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में मेदनीनगर शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चाय पर चर्चा कार्यक्रम का गांधी उद्यान से चेंबर द्वारा सुबह 6 बजे मॉर्निंग वॉकर्स के साथ चाय पीते हुए शुभारंभ किया गया l कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत काफी कम है। जिसके चलते टोटल वोट प्रतिशत गिर जाता जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अच्छे संकेत नहीं l श्री शंकर ने कहा शहरी क्षेत्र में बुद्धिजीवी लोग ज्यादा रहते हैं जिन्हें प्रत्याशी की परख होती वैसे लोग मतदान नहीं करेंगे या अपने अगल-बगल वाले को वोट करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे तो उनकी थोड़ी सी लापरवाही एक बड़े निर्णय को बदल सकता जो समाज हित में नहीं होगा। इसका पूरा प्रभाव क्षेत्र के डेवलपमेंट पर पड़ता है। आनंद शंकर ने बताया शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चेंबर बहुत जल्द प्रशासन के साथ बैठक कर एक निर्णय लेगा की जो लोग वोट देने के बाद बुथ पर लगे सेल्फी पॉइंट मैं फोटो खिंचवाएंगे उस फोटो को दिखाने पर 2 दिन तक शहर के कई रेस्टोरेंट मैं




20% डिस्काउंट, ऑटोमोबाइल में विशेष गिफ्ट, मॉल में विशेष ऑफर, सोना चांदी के मेकिंग चार्ज में डिस्काउंट इत्यादि इत्यादि कई ऑफर भी लेकर आएगा जिसकी सहमति व्यवसाईयों ने दी है l चाय पर चर्चा कार्यक्रम में कई प्रशासनिक एवं शहर के आइकॉन को बारी बारी मुख्य अतिथि के रूप में सुबह-सुबह आधे घंटे के लिए आमंत्रित किया जाएगा जो वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करेंगे और सबका सुझाव भी लेंगे l मौके पर सांसद बी डी राम ने लोगों को संबोधित करते कहा की ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं पहले वोट करती हैं इसलिए ग्रामीण क्षेत्र का वोट प्रतिशत ज्यादा होता और शहरी क्षेत्र में महिलाएं कामकाज तथा छुट्टी के उत्सव में लग जाती जो वोट करने तक नहीं जाते जिसके चलते वोट प्रतिशत गिर जाता अगर सभी लोग माता बहनों है। कार्यक्रम का संचालन चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया l चेंबर के उपाध्यक्ष श्री कृष्ण अग्रवाल ने बताया यह कार्यक्रम चुनाव तक चलेगा हम सभी कॉलोनी में एवं पब्लिक प्लेस में सुबह-सुबह बैठक करेंगे जहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके।

# ईस्टर मृत्यु पर विजय और आशा का त्योहार : बिशप विनय कंडुलना

खूंटी

प्रभु यीशु मसीह की मृत्यु के उपरांत उनके जी उठने की खुशी में रविवार सुबह आरसी चर्च में मसीही समुदायों द्वारा ईस्टर पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। बिशप विनय कंडुलना ने चर्च में विशेष मिस्सा अनुष्ठान कराया। मौके पर बिशप ने अपना संदेश सुनाया, जिसका सार था पुनरुत्थान हमारे विश्वास और जीवन का आधार है। इसी से हमें आशा और शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि ईस्टर मृत्यु पर विजय और आशा का त्योहार है। यह पर्व लोगों के लिए खुशियां लाता है। लोगों में प्रभु यीशु मसीह के प्रति विश्वास पैदा करता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हम लोगों की रक्षा के लिए प्रभु यीशु मसीह को इस धरती पर भेजा। इससे पूर्व शनिवार की रात आरसी चर्च परिसर के मैदान में सैकड़ों विश्वासी पास्का जागरण धर्म विधि के साक्षी बने। यह धर्म विधि ईस्टर (यीशु के पुनरूत्थान) को लेकर की जाती है। मुख्य अनुष्ठाता खूंटी धर्म प्रांत के बिशप विनय कंडुलना थे, उनका सहयोग फादर विशु बेंजामिन आईंद और फादर अमृत लकड़ा कर रहे थे। इस दौरान सबसे पहले आग एवं पास्का मोमबत्ती की आशीष की गई। पास्का मोमबत्ती से मैदान में मौजूद विश्वासियों ने अपनी मोमबत्तियों को जलाया। मौके पर नए एवं पुराने व्यवस्थान से पाठ पढ़े थे। बिशप विनय कंडुलना ने पास्का जागरण का महत्व बताया। इधर छोटानागपुर डायसिस अंतर्गत उत्तर भारत की कलीसिया सीएनआई चर्च, संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में पवित्र पुनरुत्थान पर्व हर्सोल्लास के साथ संपन्न हुआ पुरोहित रेव्ह मनु महेश हांसदा, तपकारा पेरिश केन्द्र के प्रचारक जोन तोपनो एवं विभिन्न मण्डियों से उपस्थित प्रचारकों ने सामूहिक आराधना में शामिल हुए।

# अभाविप का युवा मतदाता सम्मेलन का आयोजन

मेदिनीनगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा मतदाता सम्मेलन का आयोजन मेदिनीनगर के सेलिब्रेशन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमान याज्ञवल्क शुक्ल उपस्थित रही। अ०भा०वि०प राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला, विभाग प्रमुख सत्देव पांडे, जिला प्रमुख के०सी झा,पलामू विभाग की विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी एवं मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर याज्ञवल्क्य शुक्ल नें छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि

राष्ट्रहित में मतदान सबसे आवश्यक है। जिसका उपयोग हर यूवाओं को अनिवार्य रूप से करना चाहिए। युवाओं को अपने मत का उपयोग हर हाल में करना चाहिए



इसके लिए उन्हें जागरूक होना होगा। यूवाओं को वैसे प्रत्याशी का चुनाव करना है जो राष्ट्रप्रथम की भावनाओं के साथ देश की सर्वांगीण विकास की पहल में कार्य करें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद सभी जिलों में युवाओं के उनके प्रत्याशी से क्या मांगे रहेंगे उनका विमोचन करेगा। विभाग प्रमुख सत्देव पांडे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अ०भा०वि०प के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने की एवं इसका संचालन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पलामू के विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ला, विभाग संयोजक गोंविद मेहता, विभाग सह संयोजक शशांक चौबे, शुभम तिवारी, शुभम कुमार,आदर्श कुमार, उदय गूप्ता, अभय वर्मा राजन कश्यप, रोहित गुप्ता, नितीश दुबे विपिन यादव, कौशल मिश्रा उत्कर्ष तिवारी मनीष पांडे, मून्ना यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# 23–24 वित्तीय वर्ष में ट्रेन टिकट चेकिंग के दौरान करोड़ों रुपए राजस्व की वसूली

**डालटनगंज से नगर उटारी रोड के बीच चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान**

मेदिनीनगर

रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज स्टेशन से नगर उटारी रेलवे स्टेशन के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में वित्तीय वर्ष को लेकर आरपीएफ, जीआरपी व टीटी स्टाफ के द्वारा अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 163 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 18 हजार 480 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान



साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार से रविवार तक लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 2023–24 वित्तीय वर्ष में सीआईसी सेक्शन डालटनगंज स्क्वाड टीम के द्वारा टिकट चेकिंग में करोड़ों रुपए के राजस्व की प्राप्ति कर रेलवे को सौंपा गया है।

विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

# टीपीसी को हथियार सप्लाई करने के दो आरोपित गिरफ्तार

पलामू

उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी को हथियार सप्लाई करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने हरिहरगंज से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लोकल मेड कार्बाइन, 8 एसएलआर का पुराना मैगजीन, 3 एलएमजी का पारदर्शी मैगजीन, तीन जिंदा गोली बरामद की गई है। गिरफ्तार सप्लायरों में हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कटैया कुरहत के रहने वाले 28 वर्षीय गोविंद कुमार एवं औरंगाबाद जिला अंतर्गत टंडवा थाना क्षेत्र के लहंगकर्मा बरईखाप उपाध्याय बिगहा के 48 वर्षीय घनश्याम चौबे शामिल हैं। जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी को हथियार सप्लाई देने के लिए



गोविंद कुमार अपने घर में हथियार, मैगजीन रखे हुए हैं और अपने सहयोगियों से अन्य कई तरह के हथियार, गोली, मैगजीन मंगाने वाला है। छतरपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम के नेतृत्व में टीम बनाई गई और त्वरित कार्रवाई की गई। ग्राम कुरहत में गोविंद के घर पर छापेमारी की गई। यहां से मोबाइल फोन, एसएलआर का पुराना दो मैगजीन और दो जिंदा गोली बरामद की गई। उसकी निशानदेही पर उसके सहयोगी टीएसपीसी के सदस्य घनश्याम चौबे को हरिहरगंज से ही गिरफ्तार किया गया। बाद में घनश्याम चौबे की निशानदेही पर मोबाइल फोन, लोकल मेड कार्बाइन हथियार, 6 एसएलआर का पुराना मैगजीन, एलएमजी का पारदर्शी मैगजीन 3, एक गोली बरामद की गई। जानकारी मिली है कि पिछले 10 साल से दोनों उग्रवादी संगठन टीपीसी को अवैध हथियार एवं मैगजीन सप्लाई करते थे। कभी नाम सामने नहीं आने के कारण इनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था। छानबीन में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपित सिर्फ उग्रवादियों को ही हथियार की आपूर्ति करते थे। करवाई टीम में छतरपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा हरिहरगंज के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर चंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक लाल बहादुर हरिजन, सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह, मनोज दास सहित जवान शामिल थे।

# अवैध गांजा बेचने वाला युवक गिरफ्तार




**लोहरदगा** । सदर थाना पुलिस ने अवैध गांजा बेचने वाले सौरभ साहू को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर ने रविवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी कि शहरी क्षेत्र के बाजार समिति के निकट अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एसपी हरीश बिन जमा ने गांजा बेचने वाले युवक की गिरफ्तारी के लिए सदर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया। छापामारी दल द्वारा पान दुकान में छापेमारी कर गांजा विक्रेता सौरभ साहू को 1 किलो गांजा तथा 40 पीस गांजा भरा सिगरेट के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध लोहरदगा थाना में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया कि यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत किया रहा है। गिरफ्तार युवक को सोमवार को जेल भेजा जाएगा।


## संक्षिप्त समाचार

### पेयजल के नाम पर बड़े स्तर का गड़बड़ी आया सामनेः परशुराम ओझा



**मेदिनीनगर**। पलामू जिला के प्रखंड पड़वा में पानी सप्लाई का टंकी पीएचडी विभाग के द्वारा निर्माण कराया जा रहा था। शनिवार की रात्रि के तूफान तस्वीर देखा जा सकता है की टंकी जमीन पर गिर चुका है। यह बातें वरिष्ट समाजसेवी परशुराम ओझा ने कही। उन्होंने जिला प्रशासन और सरकार से मैं मांग कि है करोड़ों रुपया का टंकी जो बनाया जा रहा था, अभी चालू भी नहीं किया गया था जो गिर कर टंकी बर्बाद हो गया। जहां भी टंकी पलामू जिला में बनाया जा रहा है केंद्र सरकार के द्वारा ग्रामीणों को पानी मिले इसके लिए करोड़ों करोड़ों रुपया झारखंड सरकार को दिया जा रहा है। कोई भी विभाग के पदाधिकारी देखने तक नहीं जाते हैं। बहुत ही बड़े स्तर पर गड़ बड़ी हो रही हैं। परशुराम ने कहा की झारखंड सरकार के पेयजल मंत्री तत्काल चल रही सभी योजनाओं की जांच कराएं ताकि बड़े पैमाने पर घोलता नहीं हो सके।

### चतरा चुनाव के संबंध में खुलकर सामने आएंः रविन्द्र तिवारी



**मेदिनीनगर**। अखिल भारतीय उपाध्यक्ष सह अध्यक्ष झारखंड राज्य पंचायत परिषद और सदस्य राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत के सदस्य रविन्द्र तिवारी ने कहा की 3 मार्च 2024 को लातेहार के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल सभागार आयोजित पंचायत एचबी प्रतिनिधियों के महासम्मेलन में लिये गये निर्णय जिसमें पंचायती राज अधिकार अधिनियम को धरातल पर कार्यान्वित करने के निमित्त अपनी आवाज को सबल, शसक्त संवैधानिक स्वीकार्यता को धरातल पर उतारने हेतु अपना सांसद चुनने अथवा अपने अधिकार के लिए संभावित प्रतिनिधियों को बाध्य करने की सामयिक आवश्यकता महसूस किया गया था. उक्त विषय में उन्हें चतरा से निर्दलीय चुनाव लड़ने अथवा तात्कालिक निर्णय सार्वजनिक रूप से करने का परामर्श अपने सम्मानित प्रतिनिधियों से निरंतर प्राप्त हो रहे हैं. उक्त विषय के आलोक में वे सभी सम्मानित त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के संरक्षकों से आग्रह करते हैं की सभी अपने अपने क्षेत्र में पंचायती राज कानून को अक्षरसः लागू करने में सहयोगी प्रतिनिधियों के चयन के विविध विकल्पों पर विमर्श को जन अभियान बनाने हेतु अपने अपने समर्थक क्षेत्र में व्यापक जागरण अभियान चलायें और अपना अपना विचार समूह वर्ग में विमर्श का महत्वपूर्ण विषय बनाने में यथा संभव भूमिका निभाएं और वे सभी खुल कर बतायें ताकि अखिल भारतीय पंचायत परिषद संगठन यथासमय यथोचित निर्णय पर पहुंच सके।

### खूंटी लोकसभा क्षेत्र में आधी आबादी निभाएगी अहम भूमिका




**रांची**। लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सभी दल अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर रहे हैं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में मुख्य टक्कर भाजपा और कांग्रेस में होगी। इसमें जीत किसकी होगी और हार किसकी, यह तय करने में महिला मतदाताओं की भूमिका अहम होगी। यहां पुरुषों के मुकाबले महिला वोटरों की संख्या ज्यादा है। खूंटी लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिसमें खूंटी, तोरपा, तमाड़, खरसावां, सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों द्वारा महिलाओं को रिझाने का प्रयास किया जा सकता है। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना महिला वोटरों की आबादी अधिक है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल 13 लाख 10 हजार 445 मतदाता हैं, जिसमें महिला मतदाता छह लाख 66 हजार 776 और पुरुष मतदाता छह लाख 43 हजार 663 हैं। इसी प्रकार पुरुष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या 23113 अधिक है। खूंटी संसदीय क्षेत्र के महिला एवं पुरुषों की संख्या आंकड़ों के अनुसार खूंटी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 223658 हैं। यहां पर 114884 महिला मतदाता हैं और पुरुष मतदाताओं की संख्या 108771 है। सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 241864 हैं। यहां पर 124800 महिला मतदाता हैं और पुरुष मतदाता 117063 हैं। कोलेबिरा विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 210300 है। इस विधानसभा क्षेत्र में 107287 महिला मतदाता हैं जबकि पुरुष मतदाता 103013 हैं। खरसावां विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 221913 हैं। यहां महिला मतदाता 111575 है जबकि पुरुष मतदाता 110336 हैं। तमाड़ विधानसभा में कुल मतदाता 2,15101 हैं और महिला मतदाता 107743 हैं जबकि पुरुष मतदाता 107358 है। इसी प्रकार तोरपा विधानसभा में कुल मतदाता 197609 है, जिसमें महिला मतदाता 100487 हैं जबकि तोरपा विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की 97122 है।

### बेटिकट 163 यात्रियों से वसूले एक लाख 18 हजार जुर्माना

**पलामू**। डालटनगंज स्टेशन से नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के बीच विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 163 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया और उनसे 01 लाख 18 हजार 480 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने रविवार को बताया कि अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मूतवी, शक्तिपुंज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ियों में वित्तीय वर्ष को लेकर आरपीएफ, जीआरपी व टीटी स्टाफ ने विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में 163 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से 01 लाख 18 हजार 480 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 2023-24 वित्तीय वर्ष में सीआईसी सेक्शन डालटनगंज स्क्वाड टीम ने टिकट चेकिंग में करोड़ों रुपये राजस्व की प्राप्ति कर रेलवे को सौंपा है।

### धनबाद के पुराना बाजार में लगी आग, कई दुकानें राख

**धनबाद**। शहर के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित पुराना बाजार जामा मस्जिद के समीप रविवार की अहले सुबह आग लग गई। आग इतनी तेज थी की देखते ही देखते इसने कई दुकानों को जद में ले लिया। दुकानदारों और स्थानीय लोगों की सूचना पर जब तक अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचती तब तक कई दुकानें राख हो गईं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित दुकानदार रत्नेश सिंह एयर जावेद आजम ने बताया कि इस अगलगी में करीब डेढ़ दर्जन दुकानें जलकर राख हो गई है। साथ ही रमजान का महीना चल रहा है, जिसकी वजह से दुकानों में नए सामान मंगा कर स्टॉक किया गया था। वो भी जलकर नष्ट हो गए। दुकानदारों की माने तो इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारण पता नहीं चल सका है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने बिहार की 3 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान

**पटना, एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर लोजपा और भाकपा-माले के बाद अब कांग्रेस ने भी 3 सीट पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में 9 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करनी है। वहीं अब केवल राजद द्वारा अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान करना बाकी रह गया है।



कांग्रेस ने 3 सीट पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया, जिसमें किशनगंज से मो. जावेद को टिकट मिला है। कटिहार से तारिक अनवर को मैदान में उतारा गया है जबकि भागलपुर से अजीत शर्मा को पार्टी के द्वारा टिकट दिया गया है। बता दें कि इससे पहले चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पांचों सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। जमुई सीट से चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती उम्मीदवार बने हैं। वैशाली से वीणा देवी को प्रत्याशी बनाया गया है। खगड़िया से राजेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि चिराग पासवान खुद से हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।

### बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी, 13 लाख परीक्षार्थी पास; पूर्णिया के शिवांकर बने टॉपर

**पटना, एजेंसी।** बिहार बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने नतीजों का ऐलान किया है। नतीजों के मुताबिक, 13 लाख 79 हजार 842 परीक्षार्थी पास हुए हैं। पूर्णिया के शिवांकर टॉपर बने हैं तो वहीं समस्तीपुर के आदर्श ने दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे स्थान पर चार परीक्षार्थी हैं। टॉप 10 स्टूडेंट्स में 51 विद्यार्थी शामिल रहे। वहीं 4,52,302 छात्र पहली डिविजन से पास हुए हैं। 6 लाख लड़के पास हुए हैं और 699549 लड़किया पास हुईं। बता दें कि बिहार बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 23 फरवरी, 2024 तक आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए 38 जिलों में 1,585 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2024 में 8,22,587 छात्रों और 8,72,194 छात्राओं सहित 16 लाख से अधिक उम्मीदवार उपस्थित हुए।

### बिहार में पहले चरण में बच गए 39 उम्मीदवार, इतने कैंडिडेट का नामांकन हो गया रद्द

पटना, एजेंसी। बिहार की चार लोकसभा सीटों पर पहले चरण के नामांकन पत्रों की शनिवार को जांच हुई। चार संसदीय सीटों पर कुल 72 पर्चों की जांच में 33 नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद हो गए। वहीं, 39 नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए गए हैं। सर्वाधिक 12 नामांकन पत्र औरंगाबाद जिले में रद हुए हैं। औरंगाबाद में 9 अभ्यर्थियों के पर्चे सही पाए गए हैं। नवादा में 17 में आठ सही पाए गए, जबकि नौ नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद हो गए। गया में 22 में 15 पर्चे सही पाए गए। जबकि सात नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद हो गए। जमुई लोकसभा क्षेत्र में 12 में सात अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र जांच में सही निकले हैं। जबकि पांच नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद हो गए। अब दो अप्रैल को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। अभी संभावना है कि कुछ अभ्यर्थी नाम वापसी की आखिरी तिथि को नामांकन वापस ले सकते हैं।

### तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार पिता-पुत्री को रौंदा, बेटी की मौत

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** बिहार में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सीतामढ़ी जिले से सामने आया है, जहां पर एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार पिता-पुत्री को रौंद दिया। इस हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के सुरसंड थाना क्षेत्र अंतर्गत स॥ 87 बिररख गांव के पास की है। मृतका की पहचान बिररख वार्ड संख्या चार निवासी हरिकिशोर साह की 22 वर्षीय पुत्री निभा कुमारी के रूप में हुई है। निभा कुमारी बीए की छात्रा थी।

# पशुपति बनेंगे राज्यपाल, प्रिंस को नीतीश कैबिनेट में मिलेगी जगह

## बिहार बीजेपी प्रभारी से हुई प्रिंस राज की मुलाकात, चाचा-भतीजे को पुराना ऑफर मंजूर

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले राष्ट्रीय लोजपा के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के सिर्फ 12 दिनों में ही सुर बदल गए हैं। जिस एनडीए पर अपने साथ नाइंसाफी किए जाने का गंभीर आरोप लगा रहे थे, अब फिर से अपनी पार्टी को इसी गठबंधन का अभिन्न अंग बता रहे हैं।

19 मार्च को उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उसी दिन दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। लेकिन, अब उन्होंने फिर यू टर्न ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता बता रहे हैं। उनके निर्णय को सर्वोपरि बता रहे हैं।

30 मार्च को सोशल मीडिया पर अपने वेरिफाइड अकाउंट से लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया हैं। प्रधानमंत्री के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया ङ्क पर शेयर भी की। अब सवाल है कि आखिर कौन सी ऐसी बात हो गई कि जिससे पशुपति कुमार पारस हाजीपुर से



खुद के चुनाव लड़ने की बात से पीछे हट गए सवाल का जवाब तलाशने के लिए दैनिक भास्कर रिपोर्टर ने राष्ट्रीय लोजपा से लेकर एनडीए में शामिल दूसरे दलों के नेताओं से बात की। पॉलिटिकल पार्टियों की गतिविधियों पर नजर रख रहे लोगों से भी बात हुई। इन सब के बीच एक महत्वपूर्ण बात सामने आई कि पशुपति कुमार पारस और सांसद भतीजे प्रिंस राज ने भाजपा के तरफ से दिए गए पुराने फॉर्मूले पर अपनी हामी भर दी है।

मतलब, बिहार के 40 सीटों को लेकर एनडीए के आधिकारिक घोषणा से ठीक पहले भाजपा की तरफ से चुनाव बाद पशुपति कुमार पारस को किसी राज्य का राज्यपाल बनाए जाने और भतीजे प्रिंस राज को बिहार विधान परिषद का सदस्य बनाकर नीतीश सरकार में मंत्री बनाए जाने का ऑफर था। सूत्रों का दावा है कि अब इस ऑफर को चाचा-भतीजे ने मान लिया है।

सूत्र बताते हैं कि हाल ही में भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े से प्रिंस राज की दिल्ली में मुलाकात हुई थी। इसी मुलाकात में दोनों के बीच कई महत्वपूर्ण बातें हुई। प्रिंस को अपने भविष्य की चिंता सता रही थी। सांसद होने के साथ ही वो पार्टी में बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं।

अपने चाचा पशुपति कुमार पारस के साथ ही खुद के लिए भी सम्मानजनक जगह एनडीए के अंदर चाह रहे थे। इसी कारण से भाजपा के दिए पुराने ऑफर को उन्होंने मान लिया। फिर इस पर चाचा ने भी अपनी हामी भर दी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बहुत जल्द इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से पशुपति कुमार पारस की मुलाकात होने वाली है।

इस मामले में आधिकारिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल से बात की। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी की कहीं कोई डील नहीं हुई है। हमारी पार्टी ह्रष्ठ में ही है। इस गठबंधन से हम कभी अलग नहीं हुए हैं। अलग होने की बात भी कभी किसी ने नहीं की थी। पशुपति कुमार पारस हमेशा कहते रहे हैं कि जब तक जिंदा हूं, तब तक एनडीए में ही रहूंगा। आज भी वो अपनी बातों पर कायम हैं।

### जन सुराज अगर पार्टी बनती है तो बिहार विधानसभा चुनाव में 75 सीटों पर ईबीसी को लड़वाएगी चुनाव, पीके का बड़ा ऐलान

**पटना, एजेंसी।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि गरीबों का हक हर उस सरकार ने मारा है, जो पिछड़ों की बात कर पिछड़ों से सिर्फ वोट लेते आया है। बिहार में आज सबसे अशिक्षित बच्चे पिछड़ों के समाज से हैं। आपने भागीदारी मांगी सत्ता में, आपको भागीदारी मिली गरीबी और भुखमरी में।



प्रशांत किशोर ने कहा कि आज इस मंच से मैं आप सब से हाथ जोड़कर विनती करने आया हूं कि किसी दल किसी नेता का झंडा ढोने के जगह अपना फायदा देखिए, अपने बच्चों का फायदा देखिए तभी जाकर आपकी उन्नति हो सकेगी। साल 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार आप देखेंगे कि किसी राजनीतिक प्लेटफॉर्म से कम से कम 75 लोग आपके समाज से विधायक का चुनाव लड़ेंगे। पिछड़े समाज के लोगों को अगर चुनाव लड़ाएंगे तो चुनाव लड़ाने की तैयारी भी कराएंगे और उसके पीछे जन सुराज अपनी पूरी ताकत और व्यवस्था लगाएगा ये आपको मैं आश्वासन दे रहा हूं।

प्रशांत किशोर ने घोषणा करते हुए कहा कि जन सुराज अपने फंड से हर वर्ष अति पिछड़ा समाज के 5 सौ मेधावी बच्चों को शिक्षा दिलाएगा। राज्य के हर जिले 10 से 15 बच्चों को चुना जाएगा। अगर कोई छात्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना चाहता है तो जन सुराज ऐसे बच्चों की तैयारी करवाने में पूरी तरह से मदद करेगा। शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक रहने की अपील करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि पूरे बिहार के लोगों से मेरा अनुरोध है कि चाहे आधा पेट भोजन कीजिए, लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दीजिए। जब तक आप अपने बच्चों को शिक्षा नहीं देंगे तब तक आपके और आपके बच्चों की तरक्की नहीं हो सकती है।

## आरा में भीषण सड़क हादसा, मजदूरों से भरा पिकअप वैन बेकाबू होकर पलटा, 3 महिला समेत 4 की दर्दनाक मौत



**आरा, एजेंसी।** बिहार के आरा में मजदूरों से भरी एक पिकअप वैन पलट गई। इस हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं, एक दर्जन से अधिक लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए। बताया जा रहा है कि सभी लोग मजदूरी करके वापस लौट रहे थे, तभी ये हादसा हुआ।

जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के रानी सागर मोड़ की है। मृतकों की पहचान बक्सर जिले के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत चौगाई गांव निवासी शिवकुमार राम की पत्नी रामदुलारी देवी (50), दफा डिहरी गांव निवासी नागा राम की पत्नी मंगरी देवी (50), उसी गांव के रमुन राम की पत्नी सीता सुंदरी (50) और रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के बिसी खुर्द गांव निवासी सरोज कुमार राम के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सभी मजदूर शाहपुर थाना क्षेत्र के कारनामेपुर ओपी अंतर्गत माधवपुर गांव में काम करने गए थे। शनिवार को जब सभी काम करके पिकअप वाहन पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे, तभी बलौटी गांव स्थित एनएच-922 फोरलेन के पास पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। वहीं, इस हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग बुरी तरीके से जख्मी हो गए। घटना के बाद आनन-फानन में सभी ज़ख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। इस हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ है।

## उजियारपुर में क्या आरजेडी दे पाएगी नित्यानंद राय को चुनौती, लगातार दो बार यहां से सांसद रह चुके हैं राय

**उजियारपुर, एजेंसी।** बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से एक उजियारपुर लोकसभा सीट है। बता दें कि 2008 में हुए परिसीमन में समस्तीपुर जिले की रोसड़ा लोकसभा क्षेत्र को खत्म कर उजियारपुर लोकसभा बनाया गया और इस सीट पर पहली बार साल 2009 में चुनाव हुआ। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला राजद और जदयू के बीच हुआ था, जिसमें जदयू की अश्वमेध देवी ने राजद के आलोक मेहता को हराकर संसद बनीं थी।

वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में यह सीट बीजेपी के खाते में गई और नित्यानंद राय सांसद चुने गए। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में भी नित्यानंद राय ने ही जीत का परचम लहराया था। एक बार फिर बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में नित्यानंद राय पर ही भरोसा जताया है।

गौरतलब है कि उजियारपुर लोकसभा के अंतर्गत विधानसभा की कुल 6 सीटें आती हैं, जिनमें समस्तीपुर जिले की उजियारपुर, मोरवा, सरायरंजन, मोहिउद्दीन नगर, विभूतिपुर और वैशाली जिले की पातेपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी कैंडिडेट नित्यानंद राय ने जीत हासिल की थी। राय को 5 लाख 43 हजार 906 वोट मिले थे। वहीं बीएलएसपी के कैंडिडेट उपेंद्र कुशवाहा 2 लाख 66 हजार 628 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहे थे तो सीपीआईएम के कैंडिडेट अजय कुमार 27 हजार 577 वोट के साथ तीसरे नंबर पर रहे। अब एक नजर पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर डालें तो साल 2014 में इस सीट पर बीजेपी के नित्यानंद राय ने 3 लाख 17 हजार 352 वोट हासिल कर जीत का परचम लहराया था। वहीं आरजेडी के कैंडिडेट आलोक कुमार मेहता 2 लाख 56 हजार 883 वोट हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि जेडीयू की कैंडिडेट अश्वमेध देवी को 1 लाख 19 हजार 669 वोट मिले थे और वे तीसरे स्थान पर रहीं थीं।

वहीं साल 2009 की बात करें तो जेडीयू की अश्वमेध देवी ने 1 लाख 80 हजार 82 वोट हासिल कर जीत का परचम लहराया था। वहीं आरजेडी के आलोक कुमार मेहता 1 लाख 54 हजार 770 वोट हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि सीपीएम के रामदेव वर्मा को 58 हजार 900 वोट मिले थे और वे तीसरे स्थान पर रहे थे। उजियारपुर सीट पर 13 मई को लोकसभा चुनाव होना है। बिहार का उजियारपुर लोकसभा सीट चर्चा के केंद्र में रहा है। खासकर 2019 के बाद से इस सीट को कुछ ज्यादा ही पहचान मिली है। इसकी वजह है यह सीट केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 2014 में जीती थी। इस सीट पर कुशवाहा और यादवों का दबदबा रहा है। यही वजह है कि बीजेपी ने नित्यानंद राय को इस सीट से लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं इस लोकसभा सीट पर ब्राह्मण और मुस्लिम समाज के मतदाता की भी निर्णायक भूमिका होती हैं। साथ ही यहां अति पिछड़ी जाति के लोग भी बड़ी संख्या में हैं। इस बार भी यहां नित्यानंद राय ही चुनावी मैदान में हैं। अब वक्त ही बताएगा कि राय इस बार जीत हासिल कर पाते हैं या नहीं।

### लोजपा से टिकट मिलने पर भावुक हुईं अशोक चौधरी की बेटी शांभवी, पिता ने लगाया गले



**पटना, एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) से समस्तीपुर सीट से टिकट मिलने के बाद शांभवी चौधरी और उनके पिता, मंत्री अशोक चौधरी भावुक हो गए। शांभवी चौधरी 25 वर्ष की आयु में चुनाव लड़ रही हैं और वे देश की सबसे कम उम्र की उम्मीदवार मानी जा रही हैं। वहीं, जब शांभवी अपने पिता से मिलीं तो दोनों की आंखें भर आईं। अशोक चौधरी ने बेटी को गले लगाया और उनकी कामयाबी की कामना की। शांभवी ने कहा कि वह अपने पिता के संघर्ष और त्याग से प्रेरित हैं और उनके नक्शेकदम पर चलकर जनता की सेवा करना चाहती हैं। दरअसल, पूर्व भाजपा नेता चित्रा वाघ ने शांभवी को टिकट देने का निर्णय लिया है। वाघ ने कहा कि शांभवी युवा पीढ़ी की प्रतिनिधि हैं और उनके चुनाव लड़ने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। शांभवी अपनी पढ़ाई और राजनीतिक कार्यों के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि वह युवाओं के लिए रोजगार और बेहतर शिक्षा के अवसर पैदा करना चाहती हैं। बता दें कि चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पांचों सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है।

## बीजेपी विधायक से 10 लाख रंगदारी की मांग, मैसेज कर लिखा- अगर पैसे नहीं दिए तो परिवार समेत जान से मार देंगे

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र में कुछ अपराधियों ने स्थानीय भारतीय जनता पार्टी विधायक ललन पासवान से दस लाख रुपए रंगदारी की मांग की है। वहीं पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। विधायक के मोबाइल पर वॉट्सऐप मैसेज के जरिए धमकी दिया गया है। मामले को लेकर विधायक ने एसएसपी से शिकायत की है।



पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक ललन पासवान के मोबाइल फोन पर अपराधियों ने मैसेज भेज कर दस लाख रुपए रंगदारी मांगी है और पैसे नहीं देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। मैसेज में लिखा गया है कि अगर 10 लाख रुपए नहीं दिए तो परिवार समेत जान से मार देंगे। इस सिलसिले में भाजपा विधायक ललन पासवान ने राज्य के मुख्यमंत्री सहित पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों को लिखित सूचना देकर अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

इस मामले में स्थानीय पुलिस तीन-चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इधर जिला पुलिस के तकनीकी सेल के द्वारा अज्ञात मोबाइल नंबर से भेजे गए मैसेज की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। मामले को लेकर पुलिस द्वारा ट्वीट कर बताया गया है कि पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललन कुमार द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। इसमें मोबाइल पर असामाजिक तत्वों द्वारा फिरौती और जान से मारने की धमकी का उल्लेख किया गया है। मामले की जांच एसडीपीओ कहलगांव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर की जा रही है।

## इंडी गठबंधन की रैली पर विजय सिन्हा का हमला

### कहा– यह वही लोग जो भ्रष्टाचार में लिप्त होकर जनता की संपत्ति लूट रहे थे

**पटना, एजेंसी।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा दिल्ली से पटना लौटे। इस दौरान उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में इंडिया गठबंधन की महारैली को लेकर कहा कि ये लोकतंत्र को कमजोर करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि ये वहीं लोग हैं, जो राजनीति में सुशासन की बात करते थे।



विजय सिन्हा ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की बात करने वाले लोग आज चतुराई की राजनीति करके अपने चरित्र का हनन कर रहे हैं और ऐसे लोग जो भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया करते थे आज अपराध और भ्रष्टाचार युक्त शासन को स्थापित करने का संकल्प दोहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह वही लोग हैं ना जो बिहार में संकल्प लिए थे कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाएंगे, जाति विहीन भारत बनाएंगे। आज देख लीजिए बिहार में जातीय लहर का कहर फैला रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही लोग हैं जो भ्रष्टाचार में लिप्त होकर भारत की जनता की संपत्ति लूट रहे थे। जब आज उनके ऊपर कार्यवाही हो रही है तब यह लोग संवैधानिक स्थान संस्थाओं के ऊपर आरोप लगाते हुए परेशान हो रहे हैं। ऐसे लोगों को जब संवैधानिक संस्थाओं और न्यायालय पर भी भरोसा नहीं है तो ऐसे लोगों को शासन करने का कोई अधिकार नहीं है।

## अररिया में लव-मैरिज के 11 महीने बाद महिला की मौत: मामी बोली-देवर की गंदी नजर थी, संबंध बनाने कहता था, ससुराल वालों ने हत्या की

**अररिया, एजेंसी।** अररिया में लव मैरिज के 11 महीने बाद विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। परिजनों का आरोप है कि देवर की उस पर गंदी नजर थी। वह अपनी भाभी को संबंध बनाने के लिए फोर्स कर रहा था। मना करने पर ससुराल वालों ने मारपीट की, फिर गला दबाकर हत्या कर दी। मामला रानीगंज थाना क्षेत्र की बरबन्ना पंचायत के बढ़ावा गांव का है।



घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लाया, जिसके बाद मायके वालों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। मृतका की पहचान बरबन्ना पंचायत के बढ़ावा गांव निवासी महेश ठाकुर की पत्नी शांति देवी (19) के रूप में हुई है। शांति की मामी गायत्री देवी ने बताया कि उनकी बेटी पर उसके देवर की गलत नजर रहती थी। इसका विरोध मेरी बेटी करती थी। इसी बात को लेकर उसके देवर सहित ससुराल पक्ष के अन्य तीन चार लोगों ने मारपीट की और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी है। रानीगंज थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि विवाहिता के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के देवर, सास, ससुर, जेठ, जेठानी सहित 5 पर पीट-पीटकर हत्या करने को लेकर मामला दर्ज कराया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामी ने बताया कि शादी के बाद से ही शांति देवी पर देवरा अमित ठाकुर की गलत नजर थी। इसी बीच पांच दिन पहले शांति का पति महेश मजदूरी करने के लिए पंजाब चला गया था। इसी दौरान शांति के देवर अमित ठाकुर ने शांति के साथ जोर जबरदस्ती करनी चाही, जब वह नहीं मानी तो देवर ने योजना बनाकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर की पीट-पीटकर हत्या कर दी है।

## प्रथम चरण में एनडीए ने बिहार की दो सुरक्षित सीटों पर बदले विजयी प्रत्याशी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में प्रथम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में चार सीटों में से दो सुरक्षित सीट गया (सु) और जमुई (सु) सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिकने अपने विजयी प्रत्याशी बदल दिए हैं। बिहार में लोकसभा की 40 सीटों में से हाजीपुर, समस्तीपुर जमुई, गोपालगंज, सासाराम और गया सुरक्षित सीट है। बिहार में प्रथम चरण में चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। इनमें दो सुरक्षित सीट गया और जमुई पर राजग ने अपने विजयी प्रत्याशी बदल दिए हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राजग में शामिल जनता दल यूनाईटेड प्रत्याशी विजय कुमार मांझी ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के उम्मीदवार महागठबंधन के प्रत्याशी जीतन राम मांझी को पराजित किया था। वर्ष 2024 के चुनाव में जीतन राम मांझी महागठंधन छोड़कर राजग गठबंधन में शामिल हो गए हैं। राजग के घटक दलों के बीच सीटों के



तालमेल में गया (सु) सीट इस बार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी (हम) को दे दी गई है। इस तरह से वर्ष 2019 में जदयू के टिकट पर विजयी विजय कुमार मांझी इस बार के चुनावी संग्राम से बाहर हैं। गया (सु) सीट पर हम प्रत्याशी जीतन राम मांझी चुनाल खुद लड़ रहे हैं। वहीं इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) में शामिल (राजद) प्रत्याशी और बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत चुनावी रणभूमि में ताल ठोक रहे हैं। गया (सु) इस बार के लोकसभा चुनाव में एकमात्र सीट है, जहां दो विधायक जीतन राम मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच मुकाबला होगा।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जमुई (सु) सीट पर राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान पासवान ने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) उम्मीदवार और पूर्व सांसद भूदेव चौधरी को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में राजग के घटक दल लोजपा-रामविलास से चिराग पासवान ने जमुई (सु) सीट से अपने जीजा अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। चिराग पासवान ने हाजीपुर (सु) लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। वहीं, इस बार के लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल ने जमुई (सु) सीट से अर्चना रविदास को उम्मीदवार बनाया है। अर्चना रविदास मुंगेर के राजद नेता मुकेश यादव की पत्नी हैं और उनका मायका जमुई क्षेत्र में है। अर्चना रविदास पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### जहरीली शराब का 'काला धंधा'

पंजाब में नशे के कारोबार पर नकेल कसना लंबे समय से चुनौती बना हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव में यह सबसे बड़ा मुद्दा था। आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि अगर वह सरकार में आएगी, तो इस धंधे पर पूरी तरह रोक लगा देगी। मगर अभी तक इस दिशा में कोई कामयाबी नजर नहीं आ रही। ताजा मामला यह है कि मुख्यमंत्री के जिले संगरूर में जहरीली शराब पीने से इक्कीस लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोगों का इलाज चल रहा है। इसे लेकर यह प्रश्न लोगों की जेहन में अटक गया है कि जब मुख्यमंत्री के जिले में जहरीली शराब के धंधे और मादक पदार्थों की पहुंच पर रोक नहीं लग पाई है, तो बाकी जगहों पर क्या स्थिति होगी। पंजाब में काफी समय से नशे की वजह से हो रही नौजवानों की मौतों को लेकर चिंता जताई जाती रही है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण वहां पाकिस्तान के रास्ते मादक पदार्थों की पहुंच पर रोक लगाना भी कठिन बना हुआ है। ऐसे में अगर जहरीली शराब से मौतों का नया मामला आया है, तो उसे लेकर स्वाभाविक ही नए सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हालांकि प्रशासन ने छह लोगों को गिरफ्तार कर इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। नकली शराब का कारोबार कमोबेश हर राज्य की समस्या है। चोरी-छिपे शराब बनाने और बेचने वाले हर कहीं मौजूद हैं, मगर जो सरकारें सचमुच इस समस्या से पार पाने को लेकर संजीदा होती हैं, वे ऐसे कारोबारियों पर नकेल कसने में कामयाब ही देखी जाती हैं। पंजाब की तुलना दूसरे राज्यों से फिलहाल इसलिए नहीं की जा सकती, क्योंकि वहां नशे पर काबू पाना सरकार की प्राथमिकता है। वहां नशे के कारोबार के फलने-फूलने की वजहें भी अब काफी हद तक साफ हैं। उसमें अनेक रसूखदार लोगों और बड़े अधिकारियों की गिरफ्तारियां भी हो चुकी हैं। इस तरह माना जा सकता है कि वहां का प्रशासन इस समस्या को लेकर सतर्क है। फिर यह समझना मुश्किल है कि संगरूर में किस तरह नकली शराब बनाई जा रही थी और प्रशासन को इसकी भनक तब मिल सकी, जब जहरीली शराब पीकर लोग मरने लगे। इस तरह के धंधे स्थानीय लोगों की जानकारी से बाहर नहीं होते। फिर स्थानीय लोगों से पुलिस का तालमेल ठीक हो, तो उसे भी इस तरह के धंधे की जानकारी मिल ही जाती है। मगर नकली शराब के धंधे में अक्सर देखा जाता है।

### आतंकवाद अब भी दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती

मास्को में हुए आतंकी हमले से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि तमाम दावों और उपायों के बावजूद आतंकवाद दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। दरअसल, आतंकियों ने रूस की राजधानी में हमला कर अपनी मौजूदगी जाहिर की है। गौरतलब है कि शुक्रवार रात मास्को के क्राकस सिटी हाल में एक समारोह की शुरुआत के ठीक पहले कुछ आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कम से कम एक सौ पंद्रह लोगों की जान चली गई और भारी संख्या में लोग घायल हो गए। मरने वालों में कई बच्चे भी हैं। अभी यूक्रेन और रूस के बीच पिछले करीब दो वर्ष से युद्ध चल रहा है, इसलिए एक वाभाविक आशंका है कि यह हमला इसी की कड़ी हो सकता है। मगर यूक्रेन ने इस हमले में अपना हाथ होने से इनकार किया, वहीं खबरों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर एक खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट ने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। अब आगे की व्यापक पड़ताल के बाद ही पता लगाया जा सकेगा कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है और उसका मकसद क्या था। हैरानी है कि रूस के जिन इलाकों को सबसे सुरक्षित माना जाता रहा है, वहां भी आतंकियों ने बर्बर हमला करके एक तरह से बड़ी चुनौती पेश की है। इस संदर्भ में अमेरिका का कहना है कि उसने रूस में ऐसे हमले की आशंका जताई थी, लेकिन लगता है कि रूस ने उस पर गौर नहीं किया। पिछले कुछ दशकों में दुनिया ने जिस तरह का आतंकवाद देखा है, उसके मद्देनजर अगर कहीं से केवल आशंका ही जाहिर की जाती या खुफिया सूचना मिलती है तो उसके बाद सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि शायद किसी आतंकी हमले को रोका जा सके। आतंकवादी संगठनों की कार्यशैली से दुनिया परिचित है कि उनका मकसद सिर्फ मानवता के विरुद्ध आतंक फैलाना है, भले इसके लिए अनगिनत निर्दोष लोगों, यहां तक कि मासूम बच्चों का भी कत्लेआम करना पड़े। असली चुनौती सरकारों के लिए है कि वे तमाम संसाधनों और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद ऐसे आतंकी हमलों को रोक पाने में कैसे चूक जाती हैं।

## सियासी मैदान में महिलाओं की मजबूती

**(नीरजा चौधरी, वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक)**

*1990 के दशक में राम मंदिर आंदोलन के समय तो मजाक में यह भी कहा जाता था कि मंदिर आंदोलन की खिलाफ मुखर मुलायम सिंह के परिवार की महिलाओं ने भी भाजपा को वोट दिया है। बिहार में नीतीश कुमार की जीत भी महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता का नतीजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी महिला मतदाताओं का खासा रुझान है।*

आम चुनाव का आगाज हुआ और महिलाओं के खिलाफ बदजुबानी तेज होती दिख रही है। दो-ढाई दशक पहले तक महिलाओं के खिलाफ ऐसे 'सेक्सिस्ट रिमार्क', यानी अशोभनीय टिप्पणियां नजरंदाज कर दी जाती थीं, लेकिन अब महिलाएं खुद इसके खिलाफ मुखर होने लगी हैं। सोशल मीडिया का भी साथ उनको मिलता है। इस लिहाज से देखें, तो यह महिलाओं में बढ़ती जागरूकता का संकेत है कि अब वे अपने खिलाफ किसी अभद्र शब्दावली को चुपचाप स्वीकार नहीं करतीं और बयानवीरों को या तो माफी मांगनी पड़ती है या अपने बयान को नकारना पड़ता है। कंगना रनौत प्रकरण इसका ज्वलंत उदाहरण है। हालांकि, राजनीति ही एकमात्र ऐसी जगह है, जहां महिलाओं को पर्याप्त अहमियत नहीं मिल रही। संसद और विधानसभाओं में उनकी निराशाजनक हिस्सेदारी इसकी तस्दीक करती है। हम 2047 तक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, लेकिन संसद में महिलाओं की मौजूदगी 15 फीसदी भी नहीं है। यह स्थिति तब है, जब महिलाओं ने हरेक क्षेत्र में तमाम बाधाओं को पार पाते हुए अपना मुकाम बनाया है। बेशक, 1993 में पारित संविधान के 73वें और 74वें संशोधन द्वारा क्रमशः पंचायतों व नगर निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गई, जिसके कारण जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव आया है, लेकिन प्रधान-पति या पंच-पति जैसी संकल्पना आज भी कायम है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम के एक गांव में पिछले हफ्ते एक ऐसे ही प्रधान-पति के साथ मेरा वास्ता पड़ा। हालांकि, कई अध्ययन यही बताते हैं कि सामाजिक सुधार की दिशा में महिलाएं पुरुष प्रतिनिधि की तुलना में कहीं बेहतर काम करती हैं। जाहिर है, राजनीति में एक तरफ महिलाएं खुद को स्थापित कर रही हैं, तो दूसरी तरफ उनका इस्तेमाल भी खूब हो रहा है। नामचीन चेहरों पर ही राजनीतिक पार्टियां चुनावी दांव लगाना पसंद करती हैं। स्थानीय निकायों में भले ही महिला जन-प्रतिनिधियों का एक बड़ा वर्ग तैयार हुआ है, मगर सियासी पार्टियों की नजर में उनका मानो महत्व ही नहीं। आरोप लगाए जाते हैं कि महिलाओं के पास पुरुषों की तुलना में संसाधनों का अभाव होता है और वे जीत की गारंटी भी नहीं होतीं। यही कारण है कि संसद से पारित 33 फीसदी महिला आरक्षण के जमीन पर उतरने की उम्मीदें अभी कम नजर आती हैं। यदि राजनीतिक दलों की मंशा सही होती, तो इसमें परिसीमन का पेच नहीं जोड़ा जाता। कहा जा रहा है, परिसीमन के बाद दक्षिण में लोकसभा की सीटें कम हो जाएंगी, जबकि उत्तर भारत में बढ़ जाएंगी, क्योंकि यह कवायद जनसंख्या पर आधारित है और दक्षिण के सूबे अपने बेहतर शासन से जनसंख्या वृद्धि को थामने में सफल रहे हैं। वहां परिसीमन को 'दंड' के रूप में देखा जा रहा है। तमिलनाडु की विधानसभा ने तो इसके खिलाफ प्रस्ताव भी पास कर दिया है। स्पष्ट है, अगर परिसीमन का मसला कानूनी दांव-पेच में फंसा, तो 2034 तक भी महिला आरक्षण सच्चाई नहीं बन सकेगा। अगर सियासी दलों की नीयत ठीक होती, तो वे ऐसे प्रावधान के बिना भी महिला प्रत्याशियों पर भरोसा कर सकते हैं। मगर किसी दल ने अब तक ऐसी सदिच्छा नहीं दिखाई है। आज महिला जन-प्रतिनिधियों को कई मोर्चों पर जूझना पड़ता है। पारिवारिक विरासत के तहत राजनीति में उतरने वाली महिलाओं को यदि दरकिनार कर दें, तो आम महिलाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की राजनीति तक पहुंचना टेढ़ी खीर से कम नहीं है। सबसे पहले उन्हें राजनीति में आने के लिए अपने परिवार को मनाना पड़ता है, फिर स्थानीय स्तर पर पार्टी को इस बाबत संतुष्ट करना पड़ता है कि चुनाव में उन पर भी भरोसा किया जा सकता है। इसके बाद उनका नाम केंद्रीय नेतृत्व के पास जाता है, जहां की अपनी चुनौतियां होती हैं। यहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चर्चा लाजिमी है। बेशक, उनकी सियासत की आप आलोचना कर सकते हैं, लेकिन बिना किसी 'गॉडफादर' के उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है कि आज भाजपा को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ अपना पूरा दम-खम लगाना पड़ रहा है। आम चुनाव के लिहाज से महाराष्ट्र की बारामती सीट भी काफी अहम है। यहां एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के बीच जंग तय मानी जा रही है। यह पवार परिवार की पारंपरिक सीट है, लेकिन इस बार मुकाबला परिवार के भीतर ही है। एक तरफ शरद पवार की बेटी हैं, तो दूसरी तरफ उनकी बहू। इसका अर्थ है कि यहां की जीत से एनसीपी का भविष्य भी तय होगा। इससे यह भी पता चलेगा कि क्या वहां की राजनीति में शरद पवार अब भी अहम हैं या अजित पवार महाराष्ट्र के उभरते सितारे हैं? वैसे, भाजपा की तरफ से बांसुरी स्वराज को टिकट मिलने से नई दिल्ली सीट पर भी नजर बनी रहेगी। विधानसभा के लिहाज से यह सीट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की है। ऐसे में, बांसुरी यदि यहां से जीतती हैं, तो अपनी मां सुषमा स्वराज की परंपरा को आगे बढ़ाएंगी और उनको भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। संकेत साफ है, महिलाओं में बढ़ते राजनीतिक रुझान को देखते हुए सियासी दलों के लिए ज्यादा दिनों तक उनको नजरंदाज करना मुश्किल है। वैसे भी, जिस तरह से कहा जा रहा है कि अगले एक दशक में किसी निर्वाचन क्षेत्र में करीब 55 फीसदी महिलाएं मत डालेंगी, जबकि 45 फीसदी पुरुष, तो उम्मीद यही है कि आने वाले चुनावों में महिला प्रत्याशियों की संख्या बढ़ेगी। महिलाएं किस तरह किसी दल की जीत का आधार बनती हैं, इसका अंदाजा हरियाणा और आंध्र प्रदेश में शराबबंदी को लेकर मुखर महिलाओं को देखकर ही हो गया था। 1990 के दशक में राम मंदिर आंदोलन के समय तो मजाक में यह भी कहा जाता था कि मंदिर आंदोलन की खिलाफ मुखर मुलायम सिंह के परिवार की महिलाओं ने भी भाजपा को वोट दिया है। बिहार में नीतीश कुमार की जीत भी महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता का नतीजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी महिला मतदाताओं का खासा रुझान है। इसीलिए सभी दल बतौर वोट-बैंक महिलाओं को लुभाने लगे हैं। अब जरूरत इस ऊर्जा को नेतृत्व की भूमिका सौंपने की है। इससे हमारा लोकतंत्र क्रांतिकारी बदलाव का गवाह बनेगा।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

## अनंत यात्रा पर स्वामी स्मरणानंद

**(नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री)**

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ ही वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद जी का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों, श्रद्धालुओं को शोक संतप्त कर गया है। आज मेरा भी हृदय स्वामी जी के करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन के सभी अनुयायियों सा ही दुखी है। अभी इसी महीने की शुरुआत में अपनी पश्चिम बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। निस्संदेह, स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने भी अपना पूरा जीवन ही आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के पावन विचारों के वैश्विक प्रचार-प्रसार को समर्पित कर दिया था। पूरे श्रद्धा भाव से यह लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई सभी मुलाकातें, उनसे हुई बातें और उनसे जुड़ी सभी स्मृतियां जीवंत हो रही हैं। जनवरी 2020 में पश्चिम बंगाल स्थित पवित्र बेलूर मठ में प्रवास के दौरान मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी। आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। अध्यात्म के एक जिज्ञासु के रूप में पांच दशक से भी ज्यादा के समय में मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेक स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे अध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उनमें स्वामी आत्मास्थानंद जी और स्वामी स्मरणानंद जी जैसे व्यक्तित्व सबसे प्रमुख थे। उनके पावन आध्यात्मिक विचारों और ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी है। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे 'जन सेवा ही प्रभु सेवा' का सत्य सिद्धांत सिखाया। स्वामी आत्मास्थानंद जी और स्वामी स्मरणानंद जी का पावन जीवन रामकृष्ण मिशन के प्रसिद्ध सिद्धांतआत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च (स्वयं के मोक्ष के लिए तथा जगत के कल्याण के लिए) का अमिट उदाहरण है। रामकृष्ण मिशन द्वारा शिक्षा के संवर्द्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को बहुत प्रेरणा मिलती रही है। रामकृष्ण मिशन, दशकों से भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तीकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। साल 1978 में जब पश्चिम बंगाल ने बाढ़ की विभीषिका का सामना किया, तब रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्स्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, वर्ष 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके यह बताया था कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन हरसंभव तरीके से मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप ही तब रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की थी। बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी और स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तीकरण पर निरंतर जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें यह जरूर याद होगा कि आप जैसे समर्पित संत मॉर्डर्न लर्निंग (आधुनिक शिक्षा), स्किलिंग (कौशल विकास)और नारी सशक्तीकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे। स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित हुआ था, वह थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका निश्छल प्रेम और हृदय से सम्मान।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली 5326

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | |
| 7 | | | | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 8 | | 9 |
| 10 | | 11 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 12 | | 13 | |
| 14 | 15 | | 16 | | ■ | | ■ |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | 19 |
| 20 | | | | ■ | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारतीय संसद में पहुंचने वाले नेत्रहीन सदस्य जो मध्यप्रदेश के रीवा संसदीय क्षेत्र से चुनकर 1977 में भेजे गए (8)
7. सहनिवास, साथ उठना-बैठना (5)
8. पुरूष, मानव, मनुज (3)
10. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
12. विवश, लाचार, बेबस (4)
14. संगीतकार लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने अपनी सरगमी शुरूआत इस फिल्म से की थी (1963)(5)
17. दौड़ प्रतियोगिता यह कहलाती है (2)
18. यह बहरीन देश की राजधानी है (4)
20. फद-फद की आवाज (4)

**ऊपर से नीचे**

1. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता और श्रोता के अतिरिक्त निकटवर्ती सभी बातों के लिए होता है (2)
2. हिंदी फिल्मों की एक जानी मानी अभिनेत्री जिन्हें 1996 में लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड दिया गया (1960-1980)(4)
3. तंदूर में पकाई जाने वाली मोटी खमीरी रोटी (2)
4. इस अंग्रेजी में फ्रीजर कहते है, श्यानित्र हिमकारी, हिमित्र (4)
5. समकक्ष (2)
6. कदाचित इस फिल्म की शूटिंग इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल में भी हुई थी विजयेंद्र घाटगे, नसीरउद्दीन शाह आदि ने भूमिकाएं की थी (1979)(3)
8. प्रारंभ, शुरूआत (3)
9. प्रशस्ति स्तंभ, धौलहरा, लाट (3)
10. सेंसर बोर्ड की चेयरमेन रह चुकी है ये अभिनेत्री (कार्यकाल 1990 से 2001 तक)(5)
11. भीष्म साहनी का प्रसिद्ध उपन्यास (3)
12. रत्न, नगीना, जवाहर (2)
13. बुझौवल करना, बोध करना, सुलझाना (3)
15. बिना पकी भोजन सामग्री (3)
16. सहायता, सहयोग (3)
18. आनंदित निश्चित (2)
20. मछली (2)

### वर्ग पहेली 5325 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | पा | ल | कृ | ष्ण | गो | ख | ले |
| आ | ल | य | ■ | ■ | पा | त | क |
| ग | ■ | ही | न | कु | ल | ■ | ■ |
| म | हा | न | ■ | शा | ■ | प | र्थ |
| न | र | ■ | अ | ग्र | स | र | ■ |
| स | ना | त | न | ■ | दा | व | त |
| म | ■ | ■ | ब | दा | ■ | रि | ■ |
| य | ज | मा | न | ■ | य | श | स्वी |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके घर में सुख समृद्धि बढ़ेगी। इस वक्त आपकी दूरदर्शिता से आपको लाभ होगा। आजीविका के क्षेत्र में आपके अनुभव को दूसरे लोग भी भांपने लगे हैं। किसी मामले में आपको परिवार के लोगों से लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृष
आज का दिन काफी अनुकूल है और आज आपको कठोर परिश्रम करना पड़ेगा। आपको मेहनत का फल मीठा मिलेगा। आज आपके जरूरी काम में बाधाएं आ सकती हैं। एक दो दिन बाद हालात सुधरेंगे। आपके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कुछ कर गुजरने के लिए वे सभी हुनर काफी हैं जिनकी आपको जानकारी है। रही बात फायदे की वह भी अपने समय पर होगा।

### कर्क
आज धन सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज आपके भाग्य में वृद्धि का दिन है और आपको रुका हुआ पैसा कहीं से मिल सकता है। आज आपको कठिन मामलों में राहत मिलेगी। आज कोई एक उपयोगी व्यक्ति आपके जीवन में आकर सब कुछ सही करने का प्रयास करेगा। जहां तक हो सके आपको उसके साथ मिलकर हर काम करना चाहिए।

### सिंह
आज का दिन कार्य सफलता से भरा होगा और परिवार का कोई सदस्य आकर आपकी मदद कर सकता है। अपने मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है। आपको अपनी छवि को बेहतर करने के बारे में सोचना चाहिए।

### मिथुन
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको रुका पैसा हाथ लग सकता है। यदि आप किसी करियर से संबंधित प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं तो उसके लिए सभी पक्ष विपक्ष का विचार कर लें। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य पूर्ण होंगे।

### कन्या
आज का दिन धन सम्मान से भरा होगा और आपके कार्य सफल होंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। चलते फिरते समय कुछ सावधानी जरूरी है। महत्वपूर्ण सामान की रक्षा करनी होगी।

### तुला
आज लाभ होगा और आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा और इसके चलते आपका स्वास्थ्य भी बेहतर होगा और तनाव में कमी आएगी। यदि आपका धन किसी योजना या सही निवेश पर खर्च हो रहा है तो बेहतर है वरना फिलहाल आप धन को वहीं सुरक्षित रखें जहां पर वह है। निवेश में आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन सफलता से भरा होगा और कार्ययोजनाएं पूर्ण होंगी। आपके घर में कोई सदस्य विवाह के योग्य है तो उसके विवाह के योग बन रहे हैं। आप अपने घर में मेहमानों के लिए आदर सत्कार की तैयारी कर रहे हैं। साज सज्जा तथा साफ सफाई का भी ध्यान रखना होगा।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके कार्य सफल होंगे। नौकरी और कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए आप काफी प्रयास कर सकते हैं। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। सुधार इतनी जल्दी नहीं होगा। फिर भी अपने को संतुलित करने में देर नहीं करें।

### कुंभ
आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपके घर में माहौल काफी खुशी का रहेगा। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है। आपको कार्यक्षेत्र में काम का काफी अच्छा माहौल मिलेगा। कुछ और पैसा इनवेस्ट करने से स्थितियां नियंत्रण में आ सकती हैं और आपको मनचाहा लाभ होगा।

### धनु
आज लाभ का दिन है और आज किसी प्रकार का रिस्क लेने के लिए अभी समय अच्छा है। अगर कहीं पर धन का निवेश और जमीन का सौदा करने की सोच रहे हैं तो फिर आगे की चर्चा करें। आज आपको धन के मामले में कोई भी फैसला लेने से पहले काफी सोचविचार कर लेना चाहिए। बिना कुछ खोए पाना भी मुश्किल है।

### मीन
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज आप परिवार के साथ कहीं छुट्टी या फिर पर्यटन के बारे में सोच सकते हैं और इसका आयोजन होगा। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे काम पूरे करने की सोचें। कार्यक्रम में परिवर्तन करने से पहले सोचविचारकर लें। कोई जरूरी मीटिंग्स या सेमीनार भी इस बीच आ सकती है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा के बड़े निजी अस्पतालों के पंजीकरण खतरे में! रद्द होंगे लाइसेंस

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत 1261 अस्पताल, लैब के लाइसेंस 30 अप्रैल तक ही मान्य हैं। इस अवधि तक लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराने पर ये अवैध माने जाएंगे। एक अप्रैल से 2024-25 के लिए लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू हो रही है। 5 विभागों की टीम 17 मानकों पर आकलन कर लाइसेंस का नवीनीकरण करेगी। स्वास्थ्य विभाग में 494 अस्पताल, 493 क्लिनिक, 170 पैथोलॉजी लैब और 104 डायग्नोस्टिक सेंटर पंजीकृत हैं। मानक पूरे नहीं होने पर 135 अस्पताल, लैब के लाइसेंस निरस्त कर दिए थे। लाइसेंस के नवीनीकरण में 17 चिकित्सकीय मानकों को परखा जाएगा। इसमें चिकित्सक को शपथपत्र भी देना होगा। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि 30 अप्रैल के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संचालक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इनके मानकों का भौतिक सत्यापन पांच विभागों की टीम करेगी। मानक ठीक मिलने पर ही लाइसेंस का नवीनीकरण होगा।

**आईएमए भवन में लगाएंगे कैंप:** आईएमए सचिव डॉ. पंकज नगायच ने बताया कि लाइसेंस नवीनीकरण के लिए तोता के ताल स्थित कार्यालय में एक अप्रैल से कैंप लगाएंगे। यहां सभी चिकित्सक अपने संस्थानों के लिए जरूरी एनओसी समेत अन्य रिकॉर्ड जमा करेंगे। यहीं से उनका नवीनीकरण के लिए आवेदन कर दिया जाएगा।

**मिलेगी यूनिक आईडी:** सीएमओ ने बताया कि आयुष्मान डिजिटल मिशन के तहत पहली बार एचपीआर (हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्रेशन) और एचएफआर (हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री) की व्यवस्था की जा रही है। एचपीआर में चिकित्सकीय संस्थान और एचएफआर में चिकित्सक को पंजीकरण कराना होगा। इनको यूनिक आईडी मिलेगी। इससे पंजीकृत संस्थानों की सही जानकारी भी रहेगी।

### बजरंग दल व पुलिस ने उन्नाव की तरफ जा रही दो बसें रोकीं, 80 लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए ले जाने का आरोप

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में थाना नवाबगंज अंतर्गत चौकी गंगा बैराज के बोट क्लब के पास बजरंग दल ने पुलिस के सहयोग से दो बसें जोकि उन्नाव की तरफ जा रही थीं रोकी। दोनो बसें में पुरुषों और महिलाओं को भरकर धर्म परिवर्तन के लिए ले जाया जा रहा था। जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। बताया जा रहा है कि दोनों बसों में करीब 80 लोग सवार थे। नवाबगंज एसओ दीनानाथ ने बताया कि बस सवार कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें पैसे का लालच देकर जबरन धर्म परिवर्तन के लिए ले जाया जा रहा है। एसओ का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

### बिनगवां में 60 हेक्टेयर में विकसित होगी टाउनशिप, सस्ते प्लॉट मिलेंगे, पूरा होगा हर वर्ग का सपना

**कानपुर , एजेंसी।** न्यू कानपुर सिटी की तरह दक्षिणी कानपुर के बिनगवां में भी केडीए टाउनशिप विकसित करेगा। बिनगवां में 60 हेक्टेयर में विकसित होने वाली टाउनशिप के लिए सर्वे पूरा हो गया है। इसमें 24 हेक्टेयर जमीन खरीदी जाएगी, शेष जमीन खुद की है। न्यू कानपुर सिटी की तुलना में यहां सस्ते प्लॉट मिलेंगे। केडीए सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी ने सर्वे पूरा कर योजना का खाका खींचने के लिए रिपोर्ट अभियंत्रण विभाग को सौंप दी है। जमीन का मुआवजा डीएम सर्किल रेट से दोगुना देना है। कानपुर सागर मार्ग पर नौबस्ता गल्ला मंडी के आगे बिनगवां आवासीय योजना विकसित करने की तैयारी है। काश्तकारों से जमीन खरीदने के लिए शासन ने 50 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसके लिए और धन की जरूरत पड़ने पर प्राधिकरण बोर्ड से हरी झंडी लेगा। अगले साल इस योजना को धरातल पर लाने की तैयारी है। विकास प्राधिकरण के सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि इस योजना में मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम आय वर्ग और निम्न वर्ग के लोगों के लिए छोटे प्लॉट विकसित किए जाएंगे। ले-आउट बनने के बाद प्लॉटों की कीमत तय होगी। योजना में सड़कें, सीवरलाइन, पाइपलाइन, बिजली, पार्क आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# रायबरेली सीटः पहले जैसे नहीं रहे समीकरण?

## भाजपा ने की व्यूह रचना, इसलिए भी ठिठका गांधी परिवार



**रायबरेली , एजेंसी।** चुनावी पन्नों को पलटें तो रायबरेली और कांग्रेस का गहरा जुड़ाव दिखता है। कई ऐसे मौके आते हैं जो रोमांचित भी करते हैं, लेकिन 72 वर्षों में ऐसा पहली बार हो रहा है जब कांग्रेस अपने ही गढ़ में प्रत्याशी तय नहीं कर पा रही है। इस बार पार्टी ठिठकी है।

इसके वाजिब कारण हैं और समीकरण भी। पहले राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस का साथ ही नहीं छोड़ा, बल्कि सोनिया के खिलाफ चुनाव भी लड़ा। बाद में कांग्रेस के साथ रहीं सदर विधायक अदिति सिंह ने भाजपा के टिकट पर पिछला विधानसभा चुनाव जीता। सोनिया गांधी के चुनाव में खुला समर्थन करने वाले पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय का भाजपा से जुड़ना और बढ़ता कद कांग्रेस के लिए इस बार किसी चुनौती से कम नहीं है। ऊंचाहार के साथ ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पकड़ रखने वाले मनोज से दूरियां कहीं न कहीं कांग्रेस को परेशान कर रही हैं।

अमेठी में कांग्रेस का दुर्ग ढहाने के बाद इस बार भाजपा ने रायबरेली में मजबूत व्यूह रचना की है। गांधी परिवार के लिए प्रदेश में सुरक्षित मानी जाने वाली इस सीट के समीकरण वर्ष 2019 के चुनाव जैसे कतई नहीं हैं। रायबरेली अब श्रद्धाभाव से निकल रही है। दिनेश और अदिति के बाद मनोज पांडेय के बदले रुख से कांग्रेस चिंतित है। वे सपा में जरूर थे, लेकिन गांधी परिवार के खिलाफ सपा प्रत्याशी नहीं उतारती थी।

इसका फायदा कांग्रेस को मिलता था। असल में मनोज ने ऊंचाहार विधानसभा के साथ ही सदर व अन्य क्षेत्रों में ब्राह्मणों के साथ ही दूसरे वोटरों को कांग्रेस से जोड़ने का काम किया, लेकिन चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस का यह मजबूत सहयोगी छिटक गया है। ऐसे में रायबरेली की जनता भी सवाल कर रही है कि इतने वर्षों में कांग्रेस से उन्हें मिला क्या? हां, एनटीपीसी, एम्स, रेल कोच फैक्ट्री, निफ्ट की सौगात तो जरूर मिली। पर, इंदिरा गांधी के समय लगे अधिकतर उद्योग बंद हो गए हैं। आईटीआई की भी हालत दयनीय है। बाईपास का भी समाधान नहीं हो सका।

### यूं ही कांग्रेस नहीं गंवाएगी प्रदेश की इकलौती सीट

प्रदेश में इकलौती बची रायबरेली संसदीय सीट को यूं ही कांग्रेस गंवाने वाली नहीं है। यही कारण है कि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर एक दूसरे का मुंह ताक रहे हैं। जिले के कांग्रेसियों में अब भी प्रियंका के मैदान में उतरने की आस नहीं टूटी है। यह तो तय है कि कांग्रेस-सपा गठबंधन और भाजपा प्रत्याशी के बीच रोमांचक मुकाबला होगा।

संसदीय क्षेत्र रायबरेली की पांच विधानसभाओं में बछरावां से श्यामसुंदर, हरिचंदपुर से राहुल राजपूत, सरेनी से देवेंद्र प्रताप सिंह व ऊंचाहार से मनोज पांडेय ने सपा के टिकट पर जीत हासिल की है। बस रायबरेली विधानसभा से ही भाजपा की अदिति सिंह जीती हैं। रायबरेली हमेशा सुर्खियों में रही है। 1967 और 1971 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विजय पताका फहराया, लेकिन 1977 में राज नारायण ने कांग्रेस का यह किला ढहा दिया था। पहले आम चुनाव में जब सन 1952 में फिरोज गांधी रायबरेली से चुनाव मैदान में उतरे तो इस सीट को देश में वह पहचान नहीं मिली थी। कारण फिरोज गांधी के लिए रायबरेली राजनीतिक जमीन से अधिक उनकी कर्मस्थली थी। वहीं जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी का पूरा ध्यान इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीट पर रहता था। फिरोज गांधी के निधन के बाद 1967 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी ने रायबरेली को अपनी राजनीतिक जमीन बनाई और उसके बाद यह सीट गांधी परिवार की विरासत के साथ देश की सबसे प्रतिष्ठित लोकसभा सीट बन गई। यहां के चुनाव नतीजे के साथ मुकाबले को लेकर हर किसी की निगाह रहने लगी।

## यमुना नदी का पानी हुआ साफ, मिले दुर्लभ प्रजाति के कछुए

### किया जाएगा इनका संरक्षण



**आगरा , एजेंसी।** प्रकृति प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। यमुना नदी का पानी साफ हो गया है। यह बात यमुना पर किए गए सर्वे की रिपोर्ट में सामने आई है। यमुना में अति संकटग्रस्त प्रजाति के चित्रा इंडिका और बटागुर ढोंगोका सहित छह प्रजाति के कछुए मिले हैं। वन विभाग ब्रीडिंग सीजन में इनके संरक्षण का विशेष अभियान चलाएगा।

आगरा वन क्षेत्र और टर्टल सर्वाइवल एलायंस (टीएसए) ने आगरा से इटावा तक यमुना नदी के 250 किलोमीटर क्षेत्र में जलीय जीवों का अध्ययन किया। अक्तूबर से दिसंबर तक के सर्वेक्षण में चौंकाने वाले नतीजे आए। आमतौर पर कछुओं को साफ पानी में रहने वाला जीव माना जाता है। यमुना में प्रदूषण की बात किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में 6 प्रजाति के कछुओं का मिलना पर्यावरण के लिहाज से अच्छी खबर है।

बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के डॉ. केपी सिंह कहते हैं कि यमुना में जिन स्थानों पर ये कछुए पाए गए हैं, निश्चित ही वहां पानी को साफ रखने वाली मछलियों समेत जलीय वनस्पति आदि होगी। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी आदर्श कुमार बताते हैं कि आगरा में बाह और फतेहाबाद में कुछ स्थान चिह्नित किए हैं। इनकी ब्रीडिंग होगी तब अंडों को सुरक्षित रखने के लिए विभाग बाड़ आदि बनाएगा। इसके बाद अंडों को अस्थायी हैचरी में शिफ्ट किया जाएगा। पर्यावरण कार्यकर्ता अंकुश दबे बताते हैं कि टीएसए के साथ काम के दौरान साल 2015 में ढोर और साल प्रजाति के 25 किलो से ज्यादा वजन के कछुओं की टैगिंग की जानी थी। तब भी मात्र 2 या 3 कछुए इस वजन के मिले थे। जबकि 30-40 साल पहले 100-100 किलो के कछुए नजर आते थे।

**ये प्रजातियां पाई गईं:** बटागुर ढोंगोका : इस प्रजाति के कछुए सिर्फ साफ पानी में रहते हैं। कछुओं की यह प्रजाति संकटग्रस्त श्रेणी में है। खास बात है कि इनकी पीठ पर मुलायम कवच होता है। विलुप्त होने की कगार पर आ चुके इन कछुओं का यमुना नदी में मिलना किसी अजूबे से कम नहीं। देश की चुनिंदा नदियों में इनकी आबादी पाई जाती है।

**हर्डेला थुरजी :** यह भी मीठे और साफ पानी में रहने वाली कछुए की संकटग्रस्त श्रेणी की प्रजाति है। इसमें मादा कछुआ, नर की तुलना में तीन गुना तक आकार में बड़ी हो सकती है। ये शाकाहारी प्रजाति के कछुए होते हैं, जो मुख्यतः नदियों की सफाई का काम करते हैं। इनका शिकार मांस के लिए किया जाता है।

**चित्रा इंडिका :** नेरो हैडेड सॉफ्ट शेल टर्टल या सीम के नाम से जाना जाता है। जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, यह भी साफ्ट शेल प्रजाति का कछुआ है।

**इंडियन फ्लैप शेल टर्टल :** यह भी साफ और ताजा जल में रहने वाले कछुओं के शरीर पर कवच के नीचे की ओर फ्लैप होता है। यह कवच के अंदर शरीर करने के बाद कछुए के अंगों को ढक लेता है।

**इंडियन टेंट टर्टल :** कछुओं की यह प्रजाति प्रकृति के स्वच्छता कर्मी है। ये काई और शैवाल का भोजन करते हैं और पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में सहायक होते हैं।

## स्वामी प्रसाद कुशीनगर से लड़ेंगे चुनाव, देवरिया से भी प्रत्याशी घोषित, यहां से कांग्रेस कर चुकी है एलान

**लखनऊ , एजेंसी।** सपा से इस्तीफा देने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। जबकि उनके सहयोगी एस एन चौहान देवरिया से चुनाव लड़ेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने एलान किया है कि इंडिया गठबंधन का रुख देखने के बाद अन्य सीटों पर भी वह उम्मीदवार उतरेंगे।

समाजवादी पार्टी से अलग होने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने फरवरी माह में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पार्टी का संगठन तैयार कर लिया है। इस बीच समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और उनके बीच रिश्तों पर जमीन बर्फ पिघलती दिखी। कहा तो यह भी गया कि स्वामी प्रसाद मौर्य समाजवादी पार्टी के सहयोग सेभी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन रविवार को स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी पार्टी से चुनाव लड़ने का एलान कर दिया। खुद सहित दो उम्मीदवारों की घोषणा की। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया कि इंडिया गठबंधन के






नेताओं से उनकी बातचीत चल रही है। यदि उनकी पार्टी को गठबंधन में हिस्सेदारी दी गई तो दो ही सीट पर चुनाव लड़ेंगे। यदि गठबंधन में हिस्सेदारी नहीं मिली तो अन्य सीटों पर भी उम्मीदवार उतरेंगे।

उन्होंने कहा कि हमने अपील भी की है कि संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ। ऐसे में अभी तक इंडिया गठबंधन में शामिल बड़ी पार्टियों की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। इसलिए इसलिए दो सीट पर उम्मीदवार उतार दिया है। मालूम हो कि देवरिया से कांग्रेस ने अखिलेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। जबकि कुशीनगर से अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं हई है।

## मिड-डे मील में कीड़ेः बच्चों को परोसे गए भोजन में निकलीं सूड़ी, स्कूल में अभिभावकों ने किया हंगामा

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला परा स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में शनिवार को परोसे गए मिड-डे मील में कीड़े (सूड़ी) निकले। बच्चों ने जब प्रधानाध्यापक को बताया तो उन्होंने बचा हुआ भोजन फेंकने का दबाव बनाया। जानकारी होने पर विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। खंड शिक्षा अधिकारी की जांच में भी लापरवाही उजागर हुई। उन्होंने जांच रिपोर्ट बीएसए को भेजी है।

स्वयंसेवी संगठन अशर्फी ग्रामोद्योग की ओर से फरीदपुर नगर क्षेत्र के सात परिषदीय विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की आपूर्ति की जाती है। इसी संस्था की ओर से मोहल्ला परा स्थित स्कूल में सब्जी और चावल भेजे गए थे। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय स्टाफ ने जांच किए बिना ही यह भोजन बच्चों को परोस दिया।

खाना खाने के दौरान एक बच्चे को प्लेट में सूड़ियां दिखीं। उसने अन्य बच्चों को बताया तो उन्होंने भी अपनी प्लेट ध्यान से देखी। इस दौरान भोजन में कई सूड़ियां नजर आईं। बच्चों ने इस बारे में शिक्षकों को बताया। आरोप है कि उन्होंने बचा हुआ भोजन जानवरों को डालने का दबाव बनाया। कुछ बच्चों को सब्जी-चावल फेंकने के लिए भेज भी दिया।

### प्रधानाध्यापक से नोकझोंक

इसकी जानकारी जब अभिभावकों को हुई तो उन्होंने बच्चों को भोजन फेंकने से रोक दिया। कई अन्य बच्चों के परिजन भी पहुंच गए। उनकी प्रधानाध्यापक से नोकझोंक भी हुई। अभिभावकों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। सूचना पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी तौसीफ अहमद ने भोजन की जांच की तो उसमें सूड़ियां दिखीं। अभिभावकों ने उनसे प्रधानाध्यापक के व्यवहार की शिकायत की है।

### 150 बच्चे हैं, कितना ध्यान रखें

हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में प्रधानाध्यापक कहते दिख रहे हैं कि विद्यालय में 150 बच्चे पंजीकृत हैं, कितना ध्यान रखा जाए? खाने में सूड़ियां नीचे बैठ गईं। ऊपर की सब्जी परोसने के बाद सूड़ियां नजर आईं। मैं किसी से रिश्वत नहीं लेता हूं। आप लोग नहीं जानते, कहां क्या जाता है?

बीएसए संजय सिंह ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट मिली है। इसकी विस्तृत जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### जिस प्रेमी के लिए दिया पति को धोखा, वही बना कातिल...हाथों से न लगा पाया जोर, तो पैर से गला दबाकर ली जान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के फतेहाबाद थाना क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र निबोहरा के सामने 27 मार्च को भाई का टीका करने जा रही विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या करने के आरोप में विवाहिता के प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने विवाहिता के किसी और युवक से बातें करने पर यह वारदात की थी।

एसीपी फतेहाबाद अमरदीप लाल ने बताया कि थाना निबोहरा क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र के सामने खेत में महिला की हत्या कर शव फेंका गया था। मृतका की पहचान श्यामो पत्नी ओमप्रकाश निवासी ईंधौन थाना फतेहाबाद के रुप में पिता मानिकचंद निवासी मल्लाह टूला फतेहाबाद ने की थी। मृतका के पिता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में विवाहिता को बाइक पर बैठा कर एक युवक ले जाता दिखाई दिया। जांच में सामने आया कि वह विवाहिता का प्रेमी है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को काटर घाट उटंगन नदी के पास से पकड़ा। वह राजस्थान जाने की फिराक में यहां खड़ा था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम श्रीनिवास निबासी ईंधौन थाना फतेहाबाद बताया। उसने कहा कि महिला के घर उसका आना जाना था। इसी दौरान उसके महिला से संबंध बन गए। कुछ दिनों से महिला अपने परिवार के लोगों के साथ धारापुरा गांव में किराये पर रह रही थी। होली पर घर आया था, मेरा फोन नहीं उठा रही थी।

## लोकसभा चुनावः ओवैसी की पार्टी के साथ मिलकर यूपी में चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल



**लखनऊ, एजेंसी।** अखिलेश यादव के साथ सीटों पर हुई असहमति के बाद अपना दल कमेरावादी आने वाले लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। आज दोपहर लखनऊ में होने वाली प्रेस वार्ता में इस पर औपचारिक मुहर लगेगी। बीच में ऐसी खबरें भी आई थी कि पल्लवी पटेल की मायावती के साथ बातचीत चल रही है और वह बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। पर ऐसा नहीं हुआ। इस गठबंधन की औपचारिक घोषणा आज लखनऊ में असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल की संयुक्त प्रेसवार्ता में की जाएगी। इस गठबंधन के द्वारा यूपी की दो दर्जन से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी की जा रही है। तीन दिन पहले पल्लवी पटेल ने हैदराबाद में ओवैसी से मुलाकात की थी। आज इस गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए ओवैसी लखनऊ आ रहे हैं। संभव है कि आज ही कुछ सीटों का एलान भी हो जाए।

## रामलला के बदले गए वस्त्र, गर्मी बढ़ने पर पहनाए गए गोटेदार सूती कपड़े

### भोग में अभी बदलाव नहीं

**अयोध्या, एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शनिवार को रामलला की दिव्य तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। इसी के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से एक्स पर जानकारी दी गई कि गर्मी के मौसम की शुरुआत हो रही है। तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। इसे ध्यान में रखते हुए अयोध्या के भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को शनिवार को आरामदायक सूती पोशाक पहनाई गई।

पोस्ट में लिखा गया है कि ग्रीष्म ऋतु के आगमन और निरंतर बढ़ते तापमान को देखते हुए आज से भगवान रामलला सरकार सूती वस्त्र धारण करेंगे। प्रभु की ओर से आज धारण किए गए वस्त्र हस्तनिर्मित सूती मलमल से बने हैं, जिनको प्राकृतिक नील से रंगा गया है। साथ ही इसे गोटा पुष्पों से सजाया गया है। इस पोस्ट के साथ ही रामलला की खूबसूरत तस्वीर शेयर



की गई है। श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि कई दिन पहले से ही रामलला को सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। राग भोग में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**सीतानवमी और हनुमान जयंती भी भव्यता से मनाएगा ट्रस्टः** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कहा कि रामनवमी की तरह सीतानवमी और हनुमान जयंती भी इस बार धूमधाम से मनाई जाएगी। रामनवमी में रामलला के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। राम जन्मभूमि परिसर में दर्शनपथ सहित अन्य स्थानों पर जर्मन हैंगर लगाने और जूट की कारपेट बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। जगह-जगह पेयजल उपलब्ध रहेगा। चंपत राय ने यह बात कारसेवकपुरम में पत्रकारों के साथ होली मिलन समारोह के दौरान कही।


उन्होंने बताया कि तीर्थक्षेत्र पुरम में पानी और दो सौ शौचालयों की व्यवस्था है। बड़े टिन शेड में श्रद्धालुओं के रहने के भी इंतजाम हैं। उन्होंने समाज के लोगों से छोटे-छोटे स्तर पर भोजनालय चलाने की अपील की है। श्रद्धालुओं से भी अपेक्षा की कि अपने साथ सत्तू लेकर आएं। यह फायदेमंद तो रहेगा ही, खानपान के संकट से भी बचाएगा। इस दौरान संत एमबी दास और राम नंदन दास ने भजन सुनाए। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, महंत दिनेंद्र दास, विहिप के शरद शर्मा मौजूद रहे।



# निर्देशक बने कलाकारों में अब तक माधवन रहे नंबर वन

पिछले कुछ वर्षो में अभिनेता से निर्देशक बने कलाकारों पर नजर डाले तो निर्देशक के रूप में आर माधवन को ही सबसे अधिक सफलता मिली है। बीते शुक्रवार को को सिनेमाघरों में दो फिल्में स्वातंर्त्य वीर सावरकर और मडगांव एक्सप्रेस रिलीज हुई हैं। स्वातंर्त्य वीर सावरकर से अभिनेता रणदीप हुड्डा निर्देशन करियर की शुरुआत कर रहे हैं और मडगांव एक्सप्रेस में अभिनेता कुणाल खेमू निर्देशक बने हैं।

## रणदीप हुड्डा



अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपने निर्देशन करियर की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की बायोपिक स्वातंर्त्यवीर सावरकर से की। अपनी पहली ही फिल्म से रणदीप हुड्डा ने यह साबित कर दिया कि वह एक काबिल निर्देशक हैं। इस फिल्म में उनके अभिनय की जमकर तारीफ हो ही रही है, साथ ही उनके निर्देशन कौशल की भी खूब तारीफ हुई है। इस फिल्म का निर्माण और लेखन भी रणदीप हुड्डा ने किया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की ओपनिंग मराठी में बहुत अच्छी बताई जा रही है, हिंदी में फिल्म को उतना अच्छा प्रतिसाद नहीं मिला है।

## कुणाल खेमू



अभिनेता से निर्देशक बने कुणाल खेमू की भी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर के साथ सिनेमाघरों में 22 मार्च को रिलीज हुई है। कुणाल खेमू के निर्देशन के हिसाब से देखें तो यह औसत दर्जे की फिल्म है। इस फिल्म में कुणाल खेमू भी एक दृश्य में नजर आते हं। इस फिल्म से जिस तरह की उम्मीद कुणाल खेमू के प्रशंसक कर रहे थे, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को वैसी सफलता मिलती नहीं दिख रही है। फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने किया है।

## अजय देवगन




अभिनेता अजय देवगन अब तक चार फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। लेकिन जितने काबिल वह अभिनेता है उतने काबिल निर्देशक नहीं बन पाए। अजय देवगन ने अपने निर्देशन करियर की शुरुआत साल 2009 में रिलीज फिल्म यू मी और हम से की, इसके बाद उन्होंने शिवाय, रनवे 34 और पिछले साल रिलीज फिल्म भोला का निर्देशन किया। उनके निर्देशन में बनी अब तक चारों फिल्में दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी।

## रितेश देशमुख



अभिनेता रितेश देशमुख ने मराठी फिल्म वेद से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा। मराठी भाषा की यह सबसे सफल फिल्म रही है। साल 2022 में रिलीज यह मराठी सिनेमा की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। बाद में इस फिल्म को हिंदी में डब करके स्टार गोल्ड पर रिलीज किया गया था। इस फिल्म में रितेश देशमुख और उनकी पत्नी जेनेलिया डिसूजा की लीड भूमिकाएं थी। रितेश इन दिनों छत्रपति शिवाजी की कहानी पर आधारित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।

# रोहित शेट्टी से अनुरोध किया था की मुझे सिर्फ बैकग्राउंड डांसर ना बनाए



प्रियामणि ने हाल ही में खुलासा किया कि जब उन्हें पहली बार रोहित शेट्टी के ऑफिस से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस के लिए फोन आया, तो उन्हें ये मजाक लगा था। प्रियामणि को यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है। प्रियामणि ने बातचीत के दौरान कहा- एक दिन मुझे रोहित शेट्टी के ऑफिस से फोन आया। मुझे लगा रोहित शेट्टी की टीम का कोई व्यक्ति मुझसे क्यों संपर्क करेगा। फिर उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। इस बात के लिए मैं तुरंत मान गई और हामी भरकर फोन रख दिया। सच कहूं तो मुझे लगा कोई मुझसे शरारत कर रहा है। फिर मैंने ये पता करने के लिए कि कॉल क्या सच है या मजाक अपने मैनेजर से पूछा। 5 मिनट बाद मेरे मैनेजर ने जानकारी दी कि वो कॉल असली थी। बस फिर क्या था, अगला काम जो मैंने किया वो था- बैग पैक करके सीधा मुंबई आना। मेरे मैनेजर भी मेरे साथ मुंबई आए। आखिरकार हमारी मुलाकात रोहित शेट्टी से हुई। रोहित शेट्टी ने मुझे बताया कि उन्होंने एक कन्नड़ गाना देखा है, जिसमें मैं और पुनीत राजकुमार हैं। प्रियामणि ने आगे कहा- मैंने चेन्नई एक्सप्रेस का एड अखबार में देखा था। मुझे पता था कि इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हैं। इसलिए मैं सोचने लगी कि रोहित सर मुझे ऐसी फिल्म में क्यों लेंगे। हालांकि मैं बहुत खुश और आभारी महसूस कर रही थी। मैंने रोहित सर से अनुरोध किया वे मुझे गाने में सिर्फ बैकग्राउंड डांसर ना बनाए। मैं अपने दिमाग में इसलिए ऐसा सोच रही थी, क्योंकि फिल्म में इंडस्ट्री के 2 सबसे बड़े नाम शामिल थे। ये बात सुनकर उन्होंने तुरंत कहा कि गाने में सिर्फ मैं और शाहरुख खान होंगे। दीपिका पादुकोण गाने में नहीं होंगी। जैसे ही मैंने ये सुना, तुरंत हां कर दी।

## प्रियामणि ने शाहरुख खान की तारीफ की

प्रियामणि ने बताया कि उन्होंने पांच रातों की अवधि में 1 2 3 4 गेट ऑन द डांस फ्लोर गाना शूट किया। शाहरुख खान की प्रशंसा करते हुए वे बोलीं- शाहरुख बहुत मेहनती हैं। वे जिस मुकाम पर आज हैं, उसके लिए उन्हें ये सब करने की जरूरत नहीं है। दरअसल हम शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक शूटिंग किया करते थे। जैसे ही शूटिंग खत्म होती थी, मैं आराम करने के लिए अपने कमरे में वापस चली जाती थी। लेकिन शाहरुख वहीं रुकते थे और असिस्टेंट्स के साथ और प्रैक्टिस किया करते थे। उनके समर्पण और सिनेमा के प्रति प्यार को मैं दिल से सलाम करती हूं।

## प्रियामणि जल्द ही मैदान में दिखेंगी

प्रियामणि जल्द ही अजय देवगन स्टारर फिल्म मैदान में नजर आएंगी। फिल्म में अजय देवगन फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के किरदार में दिखेंगे, जो कि माना जाता है भारतीय फुटबॉल के संस्थापक हैं। सैय्यद अब्दुल रहमान ने 1950 से 1963 तक भारतीय फुटबॉल टीम के कोच और प्रबंधक के रूप में काम किया था। ये फिल्म बोनी कपूर और जी स्टूडियोज के बैनर तले रिलीज होगी।

# सलमान ने दबंग 4 पर दी अपडेट



सलमान खान ने हाल ही में फिल्म दबंग 4 पर अपडेट दी है। उन्होंने कहा है कि जब उनकी और अरबाज खान की सहमति एक कहानी पर हो जाएगी, तब फिल्म की शूटिंग कर दी जाएगी। अभी तब की कहानियों पर दोनों की सोच मेल नहीं खा रही है। दबंग सीरीज की पहली फिल्म 2010 में रिलीज हुई थी। इसके 2 साल बाद, 2012 में फिल्म का दूसरा पार्ट दबंग 2 रिलीज हुआ था। 7 साल के लंबे अंतराल के बाद सीरीज का तीसरा पार्ट दबंग 3 रिलीज किया गया था। इन तीनों ही पार्ट में सलमान खान, सोनाक्षी सिन्हा और अरबाज खान को देखा गया था। फिल्म में सोनाक्षी ने सलमान की पत्नी का किरदार निभाया था। वहीं, अरबाज उनके भाई के रोल में दिखे थे। रवीना टंडन की फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान खान से दबंग 4 के बारे में सवाल किया गया। इस पर सलमान ने कहा- जब हम दोनों भाई (सलमान और अरबाज) एक ही स्क्रिप्ट को लॉक कर देंगे, फिल्म आ जाएगी। अभी अरबाज को कुछ और बनाना है, मुझे कुछ और। सलमान को आखिरी बार फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था। फिल्म में उनके साथ कटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी नजर आए थे। आने वाले समय में सलमान 25 साल बाद करण जौहर के साथ काम करने वाले हैं। फिल्म का टाइटल द बुल है, जिसके निर्देशन का जिम्मा 'शेरशाह' फेम डायरेक्टर विष्णुवर्धन पर होगा। वहीं, करण इसे प्रोड्यूस करेंगे। इसके अलावा सलमान के पास 'टाइगर वर्सेज पठान' और सूरज बड़जात्या की फिल्म 'प्रेम की शादी' भी है।

# कृति सेनन ने राजनीति के सवाल पर तोड़ी चुप्पी

**हाल ही में कंगना रनोट को मंडी सीट से बीजेपी का टिकट मिला है। गोविंदा भी शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए हैं। ऐसे में कृति ने भी एक इंटरव्यू के दौरान राजनीति में आने के बारे में अपने थॉट शेयर किए।**

## राजनीति के सवाल पर तोड़ी चुप्पी

जब कृति से सवाल पूछा गया कि क्या वे कभी राजनीति में आना चाहेंगी? इस पर कृति ने कहा- मैंने कभी इसके बारे में सोचा नहीं है। सच कहूं तो मैं इस तरह से नहीं सोचती कि मुझे ये करना है या वो करना है। मैं कोई भी काम तभी करती हूं, जब मेरे अंदर से उसके लिए आवाज निकले। या अगर मेरे अंदर किसी चीज को लेकर बहुत पैशन हो। अगर कभी मेरे दिल में आएगा कि मुझे राजनीति में आना है, तब मैं शायद आ सकती हूं। जाहिर सी बात है कृति ने साफ कर दिया कि फिलहाल उनका राजनीति में आने का कोई प्लान नहीं है, लेकिन फ्यूचर में मन करेगा तो जरूर आएंगी।



# 10 मई को थिएटर में दस्तक देगी राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत



श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला की जीवनी पर आधारित है। बोल्ला एक ऐसे उद्योगपति हैं, जिन्होंने अपनी दृष्टिहीनता को समस्या नहीं बल्कि चुनौती समझा और कामयाबी की नई इबारत लिखी। फिल्म में राजकुमार राव के अलावा ज्योतिका और अलाया एफ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेता राजकुमार राव के फैंस के लिए अच्छी खबर सामने आई है। राजकुमार राव की अपकमिंग फिल्म श्रीकांत, जिसका नाम पहले श्री रखा गया था। उसका इंतजार अब खत्म होने वाला है। मेकर्स ने शनिवार को इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। यह फिल्म उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला की जीवनी पर आधारित है, जिसमें राजकुमार राव मुख्य किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की घोषणा होने के बाद से ही दर्शकों में इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चलिए आपको बताते हैं कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। दरअसल, टी-सीरीज और चॉक एन चीज फिल्म्स प्रोडक्शन एलएलपी के बैनर तले बनी इस फिल्म की घोषणा के बाद से दर्शक से इसका इंतजार कर रहे थे। शनिवार को टी-सीरीज ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। फिल्म अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को थिएटर में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर में एक टैगलाइन भी लिखा गया है, आ रहा है सबकी आंखें खोलने।

## तुषार हीरानंदानी ने किया है निर्देशन

दरअसल, श्रीकांत बोल्ला एक ऐसे उद्योगपति हैं, जिन्होंने अपनी दृष्टिहीनता को समस्या नहीं बल्कि चुनौती समझा और कामयाबी की नई इबारत लिखी। फिल्म में राजकुमार राव के अलावा ज्योतिका और अलाया एफ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। श्रीकांत का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है। फिल्म की कहानी सुमित पुरोहित और जगदीप सिंधु ने लिखी है। गौरतलब है कि उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला बौलेंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक हैं, जो आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव से आते हैं।


# फिर से निभाएंगे बैड बॉय वाले किरदार

इमरान हाशमी इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेताओं में एक हैं। हाल के दिनों इमरान कई बड़ी और हिट फिल्मों में नजर आए। इमरान की हालिया रिलीज वेब सीरीज शो टाइम भी खूब चर्चा में हैं, जहां इमरान अपने किरदार से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। इंडस्ट्री में इस ऊंचाई पर पहुंचने के लिए इमरान ने लंबा संघर्ष किया, जिसमें साल 2008 में आई फिल्म जन्नत इमरान के करियर की टर्निंग प्वाइंट साबित हुई थी। बीते 11 साल से दर्शक इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसे लेकर इमरान हाशमी ने बड़ा खुलासा किया है। हाल ही में एक साक्षात्कार में इमरान ने जन्नत 3 के बारे में बात की। इमरान ने कहा, मेरे लिए यह सबसे बेहतर चीज होगी। हां अगर किस्मत में इसका बनना लिखा होगा तो मेरे लिए यह एक चमत्कार जैसा होगा। इमरान ने आगे कहा, आने वाले दिनों मेरी कई नई फिल्मों में नजर आने वाला हूं, जिसमें दर्शक मुझे मेरी पुरानी बैड बॉय वाले किरदार में देख सकेंगे। मैं एक बार फिर से उस तरह की किरदारों को निभाऊंगा।



# क्रूज पर शूट होगी अक्षय कुमार की 350 करोड़ी फिल्म हाउसफुल 5

अक्षय कुमार अभिनीत लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल 5 अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। हालांकि, अब तक इसकी शूटिंग या कलाकारों के नाम पर कोई अपडेट सामने नहीं आया है। फिल्म पहले दिवाली 2024 पर रिलीज होने वाली थी। वहीं अब इसे 6 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच फिल्म की शूटिंग को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है, जिसन फैंस के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और तरूण मनसुखानी द्वारा निर्देशित फिल्म हाउसफुल 5 का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस तरह यह भारत की सबसे बड़ी कॉमेडी फिल्म साबित होगी। हाउसफुल 5 के घोषणा वीडियो में सफल फ्रेंचाइजी की पहली चार फिल्मों के मजेदार और यादगार क्लिप दिखाए गए। दिलचस्प बात यह है कि इस्तेमाल किए गए ट्रांजिशन में एक क्रूज जहाज दिखाया गया है। इससे साफ होता है कि हाउसफुल 5 का क्रूज, दर्शकों को पागलपंती भरी सवारी पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाउसफुल फ्रेंचाइजी में आम बात यह है कि पागल पात्रों का एक समूह एक घर में इकट्ठा होता है, जिससे पागलपन पैदा होता है। इसीलिए इसका नाम हाउसफुल रखा गया, क्योंकि यह हाउस इन मजेदार किरदारों से भरा हुआ है। हाउसफुल 5 पिछले चार भागों की तुलना में पांच गुना अधिक मनोरंजक होने का वादा करता है। उम्मीद है कि नई फिल्म हर पैमाने पर बेहतर और बड़ी होगी, जो बिल्कुल मनमोहक कहानी और शानदार सिनेमाई दृश्यों के साथ दर्शकों को लुभाएगी। दोस्ताना फेम तरुण मनशुखानी ने इस बार निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली है और इसकी शूटिंग इस साल के मध्य में यूके में शुरू होने वाली है।



# अरहर उत्पादन तकनीक

## भूमि का चुनाव एवं तैयारी

हल्की दोमट अथवा मध्यम भारी प्रचुर स्फुर वाली भूमि, जिसमें समुचित पानी निकासी हो, अरहर बोने के लिये उपयुक्त है। खेत को 2 या 3 बाद हल या बखर चला कर तैयार करना चाहिये। खेत खरपतवार से मुक्त हो तथा उसमें जल निकासी की उचित व्यवस्था की जावे।

अरहर की फसल के लिए समुचित जल निकासी वाली मध्य से भारी काली भूमि जिसका पी.एच. मान 7.0-8.5 का हो उत्तम है। देशी हल या ट्रैक्टर से दो-तीन बार खेत की गहरी जुताई क व पाटा चलाकर खेत को समतल करें। जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें।

## जातियों का चुनाव

बहुफसलीय उत्पादन पद्धति में या हल्की ढलान वाली असिंचित भूमि हो तो जल्दी पकने वाली जातियाँ बोनी चाहिए। निम्न तालिका में उपयुक्त जातियों का विवरण दिया गया है:

## अंतरवर्तीय फसल

अंतरवर्तीय फसल पद्धति से मुख्य फसल की पूर्ण पैदावार एंव अंतरवर्तीय फसल से अतिरिक्त पैदावार प्राप्त होगी । मुख्य फसल में कीडों का प्रकोप होने पर या किसी समय में मौसम की प्रतिकूलता होने पर किसी न किसी फसल से सुनिश्चित लाभ होगा। साथ-साथ अंतरवर्तीय फसल पद्धति में कीडों और रोगों का प्रकोप नियंत्रित रहता है। निम्न अंतरवर्तीय फसल पद्धति मध्य प्रदेष के लिए उपयुक्त है।

अरहर मूंगफली या सोयाबीन 2ः4 कतारों कें अनुपात में (कतारों दूरी 30 से.मी.)

उडद या मूंग 1ः2 कतारों कें अनुपात में (कतारों दूरी 30 से.मी.)

उन्नत जाति जे.के.एम.-189 या ट्राम्बे जवाहर तुवर-501 को सोयाबीन या मूंग या मूंगफली के साथ अंतरवर्तीय फसल में उपयुक्त पायी गई है।

## बोनी का समय व तरीका

अरहर की बोनी वर्षा प्रारम्भ होने के साथ ही कर देना चाहिए। सामान्यतः जून के अंतिम सप्ताह से लेकर जुलाई के प्रथम सप्ताह तक बोनी करें। कतारों के बीच की दूरी शीघ्र पकने वाली जातियों के लिए 60 से.मी. व मध्यम तथा देर से पकने वाली जातियों के लिए 70 से 90 से.मी. रखना चाहिए। कम अवधि की जातियों के लिए पौध अंतराल 15-20 से.मी. एवं मध्यम तथा देर से पकने वाली जातियों के लिए 25-30 से.मी. रखें।

## बीज की मात्रा व बीजोपचार

जल्दी पकने वाली जातियों का 20-25 किलोग्राम एवं मध्यम पकने वाली जातियों का 15 से 20 कि.ग्रा. बीज/हेक्टर बोना चाहिए। चैफली पद्धति से बोने पर 3-4 किलों बीज की मात्रा प्रति हैक्टेयर लगती है। बोनी के पूर्व फफूदनाशक दवा 2 ग्राम थायरम .1 ग्राम कार्बेन्डेजिम या वीटावेक्स 2 ग्राम .5 ग्राम ट्रयकोडरमा प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित करें। उपचारित बीज को रायजोबियम कल्चर 10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से उपचारित कर लगावें।

## निंदाई-गुडाई

खरपतवार नियंत्रण के लिए 20-25 दिन में पहली निंदाई तथा फूल आने के पूर्व दूसरी निंदाई करें। 2-3 कोल्पा चलाने से नीदाओं पर अच्छा नियंत्रण रहता है व मिट्टी में वायु संचार बना रहता है । नींदानाषक पेन्डीमेथीलिन 1.25 कि.ग्रा. सक्रिय तत्व / हेक्टर बोनी के बाद प्रयोग करने से नींदा नियंत्रण होता है। नींदानाषक प्रयोग के बाद एक नींदाई लगभग 30 से 40 दिन की अवस्था पर करना लाभदायक होता है।

## सिंचाई

जहाँ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो वहाँ एक हल्की सिंचाई फूल आने पर



व दूसरी फलियाँ बनने की अवस्था पर करने से पैदावार में बढोतरी होती है।



## पौध संरक्षण

### बीमारियाँ एवं उनका नियंत्रण

**उकटा रोग-** यह फ्यूजेरियम नामक कवक से फैलता है। रोग के लक्षण साधारणतया फसल में फूल लगने की अवस्था पर दिखाई पडते है। सितंबर से जनवरी महिनों के बीच में यह रोग देखा जा सकता है। पौधा पीला होकर सूख जाता है । इसमें जडें सड़ कर गहरे रंग की हो जाती है तथा छाल हटाने पर जड़ से लेकर तने की उचाई तक काले रंग की धारिया पाई जाती है। इस बीमारी से बचने के लिए रोगरोधी जातियाँ जैसे जे.के.एम-189, सी.-11, जे.के.एम-7, बी.एस.एम.आर.-853, 736 आशा आदि बोये। उन्नत जातियों को बीज बीजोपचार करके ही बोयें । गर्मी में गहरी जुताई व अरहर के साथ ज्वार की अंतरवर्तीय फसल लेने से इस रोग का संक्रमण कम रहता है।

### बांझपन विषाणु रोग-

यह रोग विषाणु (वायरस) से होता है। इसके लक्षण ग्रसित पौधों के उपरी शाखाओं में पत्तियाँ छोटी, हल्के रंग की तथा अधिक लगती है और फूल-फली नही लगती है। यह रोग माईट, मकड़ी के द्वारा फैलता है। इसकी रोकथाम हेतु रोग रोधी किस्मों को लगाना चाहिए। खेत में बे मौसम रोग ग्रसित अरहर के पौधों को उखाड कर नष्ट कर देना चाहिए। मकड़ी का नियंत्रण करना चाहिए। बांझपन विषाणु रोग रोधी जातियां जैसे आई.सी.पी.एल. 87119 (आषा), बी.एस.एम.आर.-853, 736 को लगाना चाहिए।

### फायटोपथोरा झुलसा रोग-

रोग ग्रसित पौधा पीला होकर सूख जाता है। इसमें तने पर जमीन के उपर गठान नुमा असीमित वृद्धि दिखाई देती है व पौधा हवा आदि चलने पर यहीं से टूट जाता है। इसकी रोकथाम हेतु 3 ग्राम मेटेलाक्सील फफूँदनाशक दवा प्रति किलो बीज के हिसाब से उपचारित करें। बुआई पाल (रिज) पर करना चाहिए और चवला या मूँग की फसल साथ में लगाये। रोग रोधी जाति जे.ए.-4 एवं जे.के.एम.-189 को बोना चाहिए।

## कीटः-

**मक्खी-** यह फली पर छोटा सा गोल छेद बनाती है। इल्ली अपना जीवनकाल फली के भीतर दानों को खाकर पूरा करती है एवं बाद में प्रौढ बनकर बाहर आती है। जो वृद्धिरत फलियों में अंडे रोपण करती है। अंडों से मेगट बाहर आते है ओर दाने को खाने लगते है और फली के अंदर ही शंखी में बदल जाती है जिसके कारण दानों का सामान्य विकास रूक जाता है। दानों पर तिरछी सुरंग बन जाती है और दानों का आकार छोटा रह जाता है एवं बाद में प्रौढ बनकर बाहर आती है, जिसके कारण फली पर छोटा सा छेद दिखाई पडता है। फली मक्खी तीन सप्ताह में एक जीवन चक्र पूर्ण करती है।

### छेदक इल्ली-

छोटी इल्लियाँ फलियों के हरे ऊत्तकों को खाती हैं व बडे होने पर कलियों, फूलों, फलियों व बीजों को नुकसान करती है। इल्लियाँ फलियों पर टेढे-मेढे छेद बनाती है। इस कीट की मादा छोटे सफेद रंग के अंडे देती है। इल्लियाँ पीली हरी काली रंग की होती हैं तथा इनके शरीर पर हल्की गहरी पट्टियाँ होती हैं । शंखी जमीन में बनाती है प्रौढ़ रात्रिचर होते है जो प्रकाष प्रपंच पर आकर्षित होते है। अनुकूल परिस्थितियों में चार सप्ताह में एक जीवन चक्र पूर्ण करती हैं।

**फली का मत्कुण-** मादा प्रायः फलियों पर गुच्छों में अंडे देती है। अंडे कत्थई रंग के होते है। इस कीट के शिशु एवं वयस्क दोनों ही फली एवं दानों का रस चूसते हैं , जिससे फली आड़ी-तिरछी हो जाती है एवं दाने सिकुड़ जाते है। एक जीवन चक्र लगभग चार सप्ताह में पूरा करते है।

**प्लू माथ -** इस कीट की इल्ली फली पर छोटा सा गोल छेद बनाती है। प्रकोपित दानों के पास ही इसकी विष्ठा देखी जा सकती है। कुछ समय बाद प्रकोपित दाने के आसपास लाल रंग की फफूँद आ जाती है। मादा गहरे रंग के अंडे एक-एक करके कलियों व फली पर देती है। इसकी इल्लियाँ हरी तथा छोटे-छोटे काटों से आच्छादित रहती है। इल्लियाँ फलियों पर ही शंखी में परिवर्तित हो जाती है। एक जीवन चक्र लगभग चार सप्ताह में पूरा करती है।

**ब्रिस्टल ब्रिटलः** ये भृंग कलियों फूलों तथा कोमल फलियों को खाती है। जिससे उत्पादन में काफी कमी आती है। यह कीट अरहर, मूंग, उडद तथा अन्य दलहनी फसलों को नुकसान पहुचाता है। सुबह-षाम भृंग को पकडकर नष्ट कर देने से प्रभावी नियंत्रण हो जाता है।



## कीट नियंत्रण

कीटों के प्रभावी नियंत्रण हेतु समन्वित संरक्षण प्रणाली अपनाना आवश्यक है।

### 1. कृषि कार्य द्वारा

गर्मी में गहरी जुताई करें ।
शुद्ध/सतत अरहर न बोयें ।
फसल चक्र अपनायें ।
क्षेत्र में एक समय पर बोनी करना चाहिए।
रासायनिक खाद की अनुशंसित मात्रा ही डालें।
अरहर में अन्तरवर्तीय फसले जैसे ज्वार , मक्का, सोयाबीन या मूंगफली को लेना चाहिए।

### 2. यांत्रिकी विधि द्वारा

प्रकाश प्रपंच लगाना चाहिए
फेरोमेन टेप्स लगाये
पौधों को हिलाकर इल्लियों को गिरायें एवं उनकों इकटठा करके नष्ट करें
खेत में चिडियों के बैठने के लिए अंग्रेजी शब्द ''टी'' के आकार की खुटिया लगायें।

### 3. जैविक नियंत्रण द्वारा

एन.पी.वी. 500 एल.ई./हे. .यू.वी. रिटारडेन्ट 0.1 प्रतिषत .गुड 0.5 प्रतिषत मिश्रण का शाम के समय छिडकाव करें।

बेसिलस थूरेंजियन्सीस 1 किलोग्राम प्रति हेक्टर .टिनोपाल 0.1 प्रतिषत .गुड 0.5 प्रतिषत का छिडकाव करे।

### 4. जैव-पौध पदार्थों के छिडकाव द्वारा

निंबोली सत 5 प्रतिषत का छिडकाव करें

नीम तेल या करंज तेल 10-15 मि.ली..1 मि.ली. चिपचिपा पदार्थ (जैसे सेन्डोविट, टिपाल) प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

निम्बेसिडिन 0.2 प्रतिषत या अचूक 0.5 प्रतिषत का छिडकाव करें।

### 5. रासायनिक नियंत्रण द्वारा

आवष्यकता पडने पर एवं अंतिम हथियार के रूप में ही कीटनाषक दवाओं का छिडकाव करें।

फली मक्खी एवं फली के मत्कुण के नियंत्रण हेतु सर्वांगीण कीटनाषक दवाओं का छिडकाव करें जैसे डायमिथोएट 30 ई.सी. या प्रोपेनोफॉस-50 के 1000 मिली. मात्रा 500 लीटर पानी में घोलकर छिडकाव करें।

फली छेदक इल्लियों के नियंत्रण हेतु - इण्डोक्सीकार्ब 14.5 ई.सी. 500 एम.एल. या क्वीनालफास 25 ई.सी. 1000 एम.एल. या ऐसीफेट 75 डब्लू.पी. 500 ग्राम को 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर छिडकाव करें। दोनों कीटों के नियंत्रण हेतू प्रथम छिडकाव सर्वांगीण कीटनाषक दवाई का करें तथा 10 दिन के अंतराल से स्पर्ष या सर्वांगीण कीटनाषक दवाई का छिडकाव करें। तीन छिडकाव में पहला फूल बनना प्रारंभ होने पर, दूसरा 50 प्रतिषत फूल बनने पर और तीसरा फली बनने की अवस्था पर करने से सफल कीट नियंत्रण होता है।

### 6. कटाई एवं गहाई

जब पौधे की पत्तियाँ खिरने लगे एवं फलियाँ सूखने पर भूरे रंग की हो जाए तब फसल को काट लेना चाहिए। खलिहान में 8-10 दिन धूप में सूखाकर ट्रैक्टर या बैलों द्वारा दावन कर गहाई की जाती है। बीजों को 8-9 प्रतिषत नमी रहने तक सूखाकर भण्डारित करना चाहिए। उन्नत उत्पादन तकनीकी अपनाकर अरहर की खेती करने से 15-20 क्विंटल/हेक्ट उपज असिंचित अवस्था में और 25-30 क्विंटल/हेक्ट उपज सिंचित अवस्था में प्राप्त कर सकते है।

# कोदों एवं कुटकी की उन्नत उत्पादन तकनीक



## कोदों एवं कुटकी की खेती

ये फसलें गरीब एवं आदिवासी क्षेत्रों में उस समय लगाई जाने वाली खाद्यान फसलें हैं जिस समय पर उनके पास किसी प्रकार अनाज खाने को उपलब्ध नहीं हो पाता है। ये फसलें अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितम्बर के प्रारंभ में पककर तैयार हो जाती है जबकि अन्य खाद्यान फसलें इस समय पर नही पक पाती और बाजार में खाद्यान का मूल्य बढ़ जाने से गरीब किसान उन्हें नही खरीद पाते हैं। अतः उस समय 60-80 दिनों में पकने वाली कोदो-कुटकी, सावां,एवं कंगनी जैसी फसलें महत्वपूर्ण खाद्यानों के रूप में प्राप्त होती है।

## भूमि की तैयारी

ये फसलें प्रायः हर एक प्रकार की भूमि में पैदा की जा सकती है। जिस भूमि में अन्य कोई धान्य फसल उगाना संभव नही होता वहां भी ये फसलें सफलता पूर्वक उगाई जा सकती हैं। उतार-चढाव वाली, कम जल धारण क्षमता वाली, उथली सतह वाली आदि कमजोर किस्म में ये फसलें अधिकतर उगाई जा रही है। हल्की भूमि में जिसमें पानी का निकास अच्छा हो इनकी खेती के लिये उपयुक्त होती है। बहुत अच्छा जल निकास होने पर लघु धान्य फसलें प्रायः सभी प्रकार की भूमि में उगाई जा सकती है।भूमि की तैयारी के लिये गर्मी की जुताई करें एवं वर्षा होने पर पुनः खेत की जुताई करें या बखर चलायें जिससे मिट्टी अच्छी तरह से भुरभुरी हो जावें।

## बीज का चुनाव एवं बीज की मात्रा

भूमि की किस्म के अनुसार उन्नत किस्म के बीज का चुनाव करें। हल्की पथरीली व कम उपजाऊ भुमि में जल्दी पकने वाली जातियों का तथा मध्यम गहरी व दोमट भूमि में एवं अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में देर से पकने वाली जातियों की बोनी करें। लघु धान्य फसलों की कतारों में बुवाई के लिये 8-10 किलोग्र्राम बीज तथा छिटकवां बोनी के लिये 12-15 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर पर्याप्त होता है।लघु धान्य फसलों को अधिकतर छिटकवां विधि से बोया जाता है। किन्तु कतारों में बोनी करने से निदाई गुड़ाई में सुविधा होती है और उत्पादन में वृद्धि होती है।



## बोनी का समय, बीजोपचार एवं बोने का तरीका

वर्षा आरंभ होने के तुरंत बाद लघु धान्य फसलों की बोनी कर देना चाहिये। षीघ्र बोनी करने से उपज अच्छी प्राप्त होती है एवं रोग, कीट का प्रभाव कम होता है। कोदों में सूखी बोनी मानसून आने के दस दिन पूर्व करने पर उपज में अन्य विधियों से अधिक उपज प्राप्त होती है। जुलाई के अन्त में बोनी करने से तना मक्खी कीट का प्रकोप बढ़ता है।

बोनी से पूर्व बीज को मेन्कोजेब या थायरम दवा 3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से बीजोपचार करें। ऐसा करने से बीज जनित रोगों एवं कुछ हद तक मिट्टी जनित रोगों से फसल की सुरक्षा होती है। कतारों में बोनी करने पर कतार से कतार की दूरी 20-25 से.मी. तथा पौधों से पौधों की दूरी 7 से.मी. उपयुक्त पाई गई है। इसकी बोनी 2-3 से.मी. गहराई पर की जानी चाहिये। कोदों में 6-8 लाख एवं कुटकी में 8-9 लाख पौधे प्रति हेक्टेयर होना चाहिये।

## फसल की कटाई गहाई एवं भंडारण

फसल पकने पर कोदों व कुटकी को जमीन की सतह के उपर कटाई करें। खलियान में रखकर सुखाकर बैलों से गहाई करें। उड़ावनी करके दाना अलग करें। रागी, सांवा एवं कंगनी को खलिहान में सुखाकर तथा इसके बाद लकड़ी से पीटकर अथवा पैरों से गहाई करें। दानों को धूप में सुखाकर (12 प्रतिषत) भण्डारण करें।

### भण्डारण करते समय सावधानियाँ

भण्डार गृह के पास पानी जमा नहीं होना चाहिये। भण्डार गृह की फर्ष सतह से कम से कम दो फीट ऊंची होनी चाहिये।

2- कोठी, बण्डा आदि में दरार हो तो उन्हें बंदकर देवे। इनकी दरार में कीडे हो तो चूना से पुताई कर नष्ट कर देवें।

3- कोदों का भण्डारण कई वर्षो तक किया जा सकता है, क्योंकि इनके दानों में कीट का प्रकोप नहीं होता है। अन्य लघु धान्य फसल को तीन से पांच वर्ष तक भण्डारित किया जा सकता है।

## खाद एवं उर्वरक का उपयोग

प्रायः किसान इन लघु धान्य फसलों में उर्वरक का प्रयोग नहीं करते हैं। किंतु कुटकी के लिये 20 किलो नत्रजन 20 किलो स्फुर/हेक्टे. तथा कोदों के लिये 40 किलो नत्रजन व 20 किलो स्फुर प्रति हेक्टेयर का उपयोग करने से उपज में वृद्धि होती है। उपरोक्त नत्रजन की आधी मात्रा व स्फुर की पूरी मात्रा बुवाई के समय एवं नत्रजन की षेष आधी मात्रा बुवाई के तीन से पांच सप्ताह के अन्दर निंदाई के बाद देना चाहिये।बुवाई के समय पी.एस.बी. जैव उर्वरक 4 से 5 किग्रा. प्रति हेक्टेयर की दर से 100 किग्रा. मिट्टी अथवा कम्पोस्ट के साथ मिलाकर प्रयोग करे ।

## निंदाई गुड़ाई

बुवाई के 20-30 दिन के अन्दर एक बार हाथ से निन्दाई करना चाहिये तथा जहां पौधे न उगे हों वहां पर अधिक घने ऊगे पौधों को उखाड़कर रोपाई करके पौधों की संख्या उपयुक्त करना चाहिये। यह कार्य 20-25 दिनों के अंदर कर ही लेना चाहिये। यह कार्य पानी गिरते समय सर्वोत्तम होता है।

# पशुओं के चारे हेतु ज्वार की नई उन्नत किस्म 'सीएसवी 44 एफ'



पशुपालन से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक पशु से अधिक दूध प्राप्त किया जाए 7 पशु आहार पशु में दूध उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है 7 हरा चारा एवं संतुलित आहार खिलाने से पशुओं में न केवल दूध उत्पादन बढ़ता है बल्कि पशुओं की सेहत भी अच्छी रहती है 7 कई पशुपालक किसान पशुओं को खिलाने के लिए हरे चारे की खेती भी करते हैं 7 ऐसे किसानों के लिए वैज्ञानिकों ने ज्वार की नई किस्म विकसित की है, जो न केवल पशुओं में दूध उत्पादन को बढ़ाती है बल्कि पशुओं के लिए सेहतमंद भी है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,हिसार के कृषि वैज्ञानिकों ने पशुओं के चारे की फसल ज्वार की नई व उन्नत किस्म 'सीएसवी 44 एफ' विकसित कर विश्वविद्यालय के नाम एक और उपलब्धि दर्ज करवा दी है। ज्वार की इस किस्म को विश्वविद्यालय के अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के चारा अनुभाग द्वारा विकसित किया गया है। इस किस्म को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि एवं सहयोग विभाग की 'फसल मानक, अधिसूचना एवं अनुमोदन केंद्रीय उप-समिति' द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 84वीं बैठक में अधिसूचित व जारी कर दिया गया है।

## ज्वार की नई विकसित किस्म 'सीएसवी 44 एफ' की विशेषताएं

'सीएसवी 44 एफ' किस्म में अन्य किस्मों की तुलना में प्रोटीन व पाचनशीलता अधिक है, जिसकी वजह से यह पशु के दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी करती है। इस किस्म में मिठास 10 प्रतिशत से भी अधिक व स्वादिष्ट होने के कारण पशु इसे खाना काफी पसंद करते हैं। इस किस्म में हरे चारे के लिए प्रसिद्ध किस्म 'सीएसवी 21 एफ' से 7.5 प्रतिशत व 'सीएसवी 30 एफ' से 5.8 प्रतिशत अधिक हरे चारे की पैदावार होने के कारण किसानों को अधिक मुनाफा भी होगा। सिफारिश किए गए उचित खाद व सिचाई प्रबंधन के अनुसार यह किस्म अधिक पैदावार देने में सक्षम है और इसे लवणीय भूमि में भी उगाया जा सकता है। अधिक बारिश व तेज हवा चलने पर भी यह किस्म गिरती नहीं है। ज्वार में प्राकृतिक तौर पर पाया जाने वाला विषैला तत्व धूरिन इस किस्म में बहुत ही कम है। 'सीएसवी 44 एफ' किस्म तनाछेदक कीट की प्रतिरोधी है व इसमें पत्तों पर लगने वाले रोग भी नहीं लगते। ज्वार की यह किस्म दक्षिणी राज्यों मुख्यतः कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के लिए सिफारिश की गई है। हालांकि इस किस्म को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एचएयू में ही विकसित किया है 7 इस किस्म को हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में परीक्षण के तौर पर लगाया गया था, जहां इसके बहुत ही सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसलिए यहां किसानों के लिए भी इसकी सिफारिश संबंधी प्रपोजल जल्द ही कमेटी को भेजा जाएगा।

## अभी तक विकसित की गई ज्वार की किस्में

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,हिसार के चारा अनुभाग 1970 से अब तक ज्वार की कुल आठ किस्में विकसित कर चुका है ।इनमें से बहु-कटाई वाली किस्म एसएसजी 59-3 (1978), दो कटाई वाली किस्म एचसी 136 (1982) व एक कटाई वाली किस्में एचसी 308 (1996), एचजे 513 (2010) और एचजे 541 (2014) किसानों की पहली पसंद बनी हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया के अजाज प्रांत में कार बम धमाका, हमले में 8 लोगों की मौत; 20 घायल

**बेरूत , एजेंसी।** रविवार सुबह तुर्की समर्थक बलों के कब्जे वाले उत्तरी सीरियाई शहर के एक बाजार में एक बम विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। मौके पर मौजूद एक युद्ध निगरानीकर्ता ने इसकी जानकारी दी। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि अलेप्पो प्रांत के अजाज में एक लोकप्रिय बाजार के बीच में एक कार में बम विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में आठ लोग के मारे गए हैं और 23 अन्य घायल हैं। मरने वालों की संख्या अभी और भी बढ़ सकती है। ब्रिटेन स्थित ऑब्जर्वेटरी, जिसके पास सीरिया के अंदर स्रोतों का एक नेटवर्क है उसने जानकारी दी कि विस्फोट स्थल पर कई एम्बुलेंस और बचाव कर्मी मौजूद थे। तुर्की सेना और उनके सीरियाई प्रतिनिधियों ने सीमा के बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया है, जिसमें अज़ाज़ जैसे कई प्रमुख शहर और कस्बे शामिल हैं।साल 2011 में सरकार द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को दबाने के बाद सीरिया का युद्ध शुरू हुआ और यह एक घातक संघर्ष में बदल गया जिसमें जिहादियों और विदेशी सेनाओं को शामिल किया गया।

### एक बार फिर भीषण हमलों से दहला यूक्रेन, रूसी सेना ने रातभर दागे मिसाइल और ड्रोन

**कीव , एजेंसी।** युद्ध के बीच रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाया है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर रात भर 16 मिसाइल दागे हैं। इसके अलावा 11 ड्रोन हमले भी किए हैं। रूस ने यूक्रेन पर दागे मिसाइल और ड्रोन यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूस ने रातभर 16 मिसाइलें और 11 ड्रोन हमले किए हैं। टेलीग्राम पर एक बयान में वायु सेना ने कहा कि यूक्रेन ने नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया है। हालांकि, बाकी मिसाइलों और ड्रोन किस जगह गिरे हैं। उन लक्ष्यों की पहचान नहीं हो पाई है। रूस के हवाई हमलों में हुआ इजाफा जानकारी के अनुसार, बीते एक सप्ताह के दौरान रूस के हवाई हमले की संख्या में जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच साल 2022 की शुरुआत में जंग छिड़ी थी। साल 2024 शुरू होने के बाद भी दोनों देशों के बीच युद्ध नहीं थम पाया है।

### पाकिस्तान में हुए विस्फोट में 1 व्यक्ति की मौत, 14 अन्य घायल

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में हुए एक बम धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारी पेट्रोलियम कंपनी की टीम हरनाई जिले में इलाके में गैस की खोज करने के लिए सर्वेक्षण कर रही थी तभी संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में धमाका हुआ। हरनाई के उपायुक्त जावेद डोमकी ने धमाके की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हैं। हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन प्रांत में जारी जातीय संघर्ष की वजह से अक्सर बलूच चरमपंथी सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते रहे हैं। बलूच चरमपंथियों का संघीय सरकार पर प्रांत की खनिज संपदा का दोहन करने का आरोप है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे घायलों को सभी जरूरी चिकित्सा सहायता प्रदान करें।

### ब्रिटेन में खुलेगा दुनिया का पहला 165 मील लंबा ड्रोन सुपर हाई-वे

**लंदन एजेंसी।** ब्रिटेन में दुनिया का पहला ड्रोन सुपर हाई-वे जून से जुलाई के बीच खुलेगा, जिससे पायलट रहित ड्रोन पूरे देश में हाई-स्पीड डिलीवरी कर सकेंगे। ड्रोन सॉफ्टवेयर कंपनी एल्टीट्यूड एंजेल द्वारा प्रोजेक्ट स्काई-वे के तहत विकसित 165 मील लंबा नेटवर्क मिडलैंड्स में कोवेंटी को दक्षिणपूर्व में मिल्टन कीन्स से जोड़ेगा।

# नेतन्याहू पर बढ़ा इस्तीफे का दबाव, बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर तेल अवीव में प्रदर्शन



**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल-हमास युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली पुलिस ने तेल अवीव में 16 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, हमास की कैद से बंधकों की रिहाई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों को ट्रैफिक में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर 270 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है।

पुलिस ने बयान में कहा कि बड़ी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने आग लगाकर, पुलिस बैरिकेड को तोड़कर कानून व्यवस्था को बाधित किया। इसके साथ ही सड़कों को बंद करने और पुलिस अधिकारियों के साथ झड़प भी की। इस मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उन पर जुर्माना भी लगाया गया है। सीएनएन ने एक वीडियो का हवाला देते हुए बताया कि पुलिस ने तेल अवीव में अयालोन राजमार्ग पर मौजूद प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। साथ ही मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया, जिसे पुलिस वाहन में ले जाया गया।

#### 7 अक्टूबर को किया था इजरायल पर हमला

बता दें कि बीते साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर आतंकवादी हमला किया था। इस दौरान 1200 से अधिक लोग मारे गए थे और हमास ने लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। हालांकि, बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बढ़ गया है। उनके इस्तीफे की मांग को लेकर देश भर में कई विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

### चुप रहो, मैं तुम्हें लेक्चर दूंगा; भारतीय मूल के राष्ट्रपति ने दिया ऐसा जवाब, हो रही जमकर तारीफ

**गुयाना , एजेंसी।** गुयाना के भारतीय मूल के राष्ट्रपति इरफान अली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह पर्यावरण के मुद्दे पर एक पश्चिमी मीडियाहाउस के पत्रकार को इंटरव्यू दे रहे हैं। इसी बीच पत्रकार के सवाल पर वह कहते हैं कि पश्चिम को पर्यावरण के बारे में लेक्चर देने की जरूरत नहीं है। अब आप सुनिए, इस मुद्दे पर मैं लेक्चर दूंगा।

राष्ट्रपति इरफान अली से पत्रकार ने हाल ही में खोजे गए तेल के बड़े भंडार और तेल निकालने को लेकर सवाल किया। पत्रकार ने कहा कि, आने वाले दोशकों में लगभग 150 अरब डॉलर का तेल निकाले जाने की संभावना है। यह एक बड़ा फिगर है। इसका मतलब हुआ कि वहां पर बहुत ज्यादा कार्बन एमिशन भी होने वाला है। इससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसके बाद राष्ट्रपति इरफान अली ने कहा, क्या आपको हमें लेक्चर देने का अधिकार है। आप कौन होते हैं हमें लेक्चर देने वाले। इस मामले में मैं आपको लेक्चर देता हूं। क्या आप उन लोगों के लिए काम करते हैं जिन्होंने औद्योगिक क्रांति के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया। मैं आपको रोकता हूं। आप जानते हैं को गुयाना के पास इतना वन क्षेत्र है जितना इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का कुल एरिया है। एक ऐसा वन है जो कि 19.5 गीगाटन कार्बन स्टोर करता है और हमने वह वन बचाकर रखा है। इसके बाद रिपोर्टर ने कहा कि क्या इस बात से गुयाना को मनमर्जी कार्बन उत्सर्जित करने का अधिकार मिल जाएगा। इसके बाद राष्ट्रपित ने कहा, क्या आपको हमें लेक्चर देने का अधिकार मिल जाता है? हमने जो जंगल बचाए हैं उनका आनंद आप और पूरी दुनिया ले रही है। उन्होंने कहा, गुयाना में दुनिया में सबसे कम जंगल काटे जाते हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम के उत्पादन के बाद भी गुयाना नेट जीरो कार्बन वाला देश बना रहेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे जंगलों के लिए पश्चिमी देशों को भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा, बीती आधी सदी में दुनिया ने आधे से ज्यादा जैव विविधता खत्म करदी। हमने अपने पर्यावरण को बरकरार रखा है। आप कौन होते हैं इसका मूल्यांकन करने वाले। क्या हमने जो पर्यावरण कि रक्षा की है विकसित देश उसकी कीमत चुकाएंगे।

## इटली में घटी जन्म दर से एलन मस्क भी हैरान, एक साल में पैदा हुए साढ़े तीन लाख बच्चे






**वाशिंगटन , एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर शख्सियतों में शुमार एलन मस्क काफी समय से जनसंख्या वृद्धि में गिरावट का मुद्दा उठाते रहे हैं। मस्क का मानना है कि कम जन्म दर के कारण जनसंख्या का पतन सभ्यता के लिए ग्लोबल वार्मिंग से कहीं अधिक बड़ा खतरा है। अब उन्होंने एक यूरोपीय देश का आंकड़ा शेयर किया है जिसमें बताया गया है कि वहां की जनसंख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। हम बात कर रहे हैं इटली की। इटली में जन्म दर में पिछले साल फिर से गिरावट आई है। हालांकि इमिग्रेशन (आप्रवासन) के कारण कुल जनसंख्या लगभग स्थिर रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसटीएटी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इटली में 01 जनवरी, 2024 तक लगभग 5.89 करोड़ लोग थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7,000 लोगों की शुद्ध गिरावट है। यह 2014 के बाद से हो रही जनसांख्यिकीय गिरावट को दिखाता है। आंकड़ों से पता चला है कि इटली में पिछले साल 379,000 बच्चे पैदा हुए थे, और जन्म दर 2022 में 6.7 प्रति हजार तुलना में प्रति 1,000 लोगों पर 6.4 बच्चों के बराबर थी। यही आंकड़ा शेयर करते हुए एक्स के बॉस एलन मस्क ने लिखा, 2023 में इटली में केवल 379,000 जन्म हुए, जो 1861 में देश के एकीकरण के बाद से सबसे कम वार्षिक आंकड़ा है। पिछले आंकड़ों पर गौर करें तो 2022 की तुलना में 14,000 कम बच्चे पैदा हुए। यानी कुल 4.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं 2008 की तुलना में लगभग 197,000 कम बच्चे पैदा हुए हैं। वर्ष 2008 में पहली बार यहां जन्म दर में गिरावट की प्रवृत्ति शुरू हुई थी। इसके कारण इटली में महिलाओं से जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या 2022 में 1.24 से घटकर 2023 में 1.2 रह गई। यह स्थिति पूरे इटली में समान रूप से देखी गई है। हालांकि विदेशी लोगों के इटली में बसने से वहां की कुल जनसंख्या लगभग स्थिर रही। इटली में विदेशी मूल के लोग पूरी आबादी का लगभग नौ प्रतिशत है, और इससे जनसांख्यिकीय गिरावट को सीमित करने में मदद मिली। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग द्वारा प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट में हर देश में 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी का विश्लेषण किया गया है। इससे पता चलता है कि जापान (29.8 प्रतिशत) के बाद 23.7 प्रतिशत बुजुर्गों के साथ इटली दूसरे स्थान पर है, लेकिन फिनलैंड (22.9 प्रतिशत), पुर्तगाल (22.6 प्रतिशत), और यूनान (22.5 प्रतिशत) से अधिक है।

## पाकिस्तान में रेड कार्पेट बैन, सिर्फ विदेशी मेहमानों के लिए बिछाया जाएगा

#### पीएम शाहबाज समेत कैबिनेट मंत्री सैलरी नहीं लेंगे




**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में किसी भी सरकारी कार्यक्रम में रेड कार्पेट का इस्तेमाल नहीं होगा। अब इसे सिर्फ विदेशी महमानों के स्वागत में बिछाया जाएगा। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने यह फैसला लिया है।

पीएम शाहबाज शरीफ ने अधिकारियों को आधिकारिक कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर बैन लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कैबिनेट मीटिंग में रेड कार्पेट बिछाने की प्रथा पर असंतोष जाहिर किया।

इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री को मिलने वाली सैलरी लेने से भी इन्कार कर दिया है। 18 दिन पहले राष्ट्रपति जरदारी ने भी सैलरी नहीं लेने का फैसला किया था। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के इस फैसले के बाद कैबिनेट के मंत्रियों ने भी सैलरी नहीं लेने की घोषणा की है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की सैलरी 2 लाख रुपए प्रति महीना होती है। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को सैलरी के तौर पर हर महीने करीब 8 लाख 46 हजार पाकिस्तानी रुपए मिलते थे। यह वेतन 2018 में संसद ने तय किया था। 13 मार्च को जरदारी की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने अपने ङ्ग अकाउंट पर लिखा- राष्ट्रपति जरदारी देश की मदद करने के लिए अपने कार्यकाल में कोई सैलरी नहीं लेंगे। उन्होंने फाइनेंशियल मैनेजमेंट और राष्ट्रीय राजस्व पर बोझ नहीं डालने का फैसला किया है।

## डोनाल्ड ट्रंप की विवादित पोस्ट पर बढ़ा हंगामा, राष्ट्रपति बाइडन के समर्थकों ने लगाई फटकार



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो को लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की तस्वीर वाली एक वीडियो शेयर की थी। इस वीडियो में राष्ट्रपति बाइडन के हाथ-पैर बंधे हुए दिखाई दे रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया कि यह फुटेज एनवाईपीडी के अधिकारी जोनाथन डिलर की मौजूदगी के दौरान लॉन्ग आइलैंड पर कैप्चर किया गया था। वीडियो में ट्रंप के लिए समर्थन व्यक्त करने वाले दो ट्रकों को दिखाया गया है। जिसमें बाइडन की हाथ और पैर बंधी तस्वीर को ट्रक के पीछे दिखाया गया है। हालांकि, ट्रंप द्वारा ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद जो बाइडन के समर्थकों ने उनकी जमकर आलोचना की। ट्रंप के प्रचार प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने उनका बचाव करते हुए कहा कि यह तस्वीर एक पिकअप ट्रक के पीछे थी, जो राजमार्ग से गुजर रहा था। डेमोक्रेट और लोगों ने न केवल पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके परिवार के खिलाफ घृणित हिंसा का आह्वान किया। बल्कि वे वास्तव में उनके खिलाफ न्याय प्रणाली को हथियार बना रहे हैं। वहीं, बाइडन के प्रचार प्रवक्ता माइकल टायलर ने सीएनएन को बताया कि डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शेयर की गई यह पोस्ट हास्यपाद है। यह पोस्ट एक रक्तपात की मांग करने की तरह है। ट्रंप नियमित रूप से राजनीतिक हिंसा को भड़का रहे हैं और समय आ गया है कि लोग उन्हें गंभीरता से लें। इस महीने की शुरुआत में ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर वह 2024 के चुनाव में हार जाते हैं तो इससे अमेरिकी ऑटो उद्योग और देश के लिए खूनखराबा होगा। उन्होंने अमेरिका के बाहर निर्मित कारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया।

# लेबनान में गोलाबारी से संयुक्त राष्ट्र के चार कर्मी घायल, इजरायल ने हमले से संबंध होने से किया इनकार

**बेरूत , एजेंसी।** लेबनान के दक्षिण में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक दल में शामिल तीन पर्यवेक्षकों और एक अनुवादक शनिवार को बम हमले में घायल हो गए। ये लोग जब क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर रहे थे तभी इनके नजदीक टैंक से दागा गया गोला आकर गिरा। इस गोले के टुकड़ों से क्षेत्र में तैनात संयुक्त राष्ट्र के ये कर्मी घायल हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने इस हमले की निंदा करते हुए उसे अस्वीकार्य बताया है जबकि इजरायल ने इस हमले से कोई संबंध होने से इनकार किया है। लेबनान का यह इलाका ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्ला के प्रभाव वाला है। यहां पर इजरायल और हिजबुल्ला के बीच बीते आठ अक्टूबर से रह-रहकर लड़ाई चल रही है।




इस बीच, युद्धविराम पर इजरायल और हमास के बीच शनिवार को मिस्त्र की राजधानी काहिरा में फिर से परोक्ष वार्ता शुरू हो गई है। दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल काहिरा में मौजूद हैं लेकिन वे मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता में वार्ता कर रहे हैं। गाजा की खाद्य समस्या में राहत देने के लिए यूरोपीय देशों का एक और जहाज 400 टन खाद्य सामग्री लेकर साइप्रस से रवाना हो गया है। इसके अगले हफ्ते गाजा पहुंचने की संभावना है।

अमेरिका ने कई अरब डालर मूल्य के बम और लड़ाकू विमान इजरायल को देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इस खेप में अमेरिका इजरायल को विभिन्न तरह के 4,800 बम देगा। उल्लेखनीय है कि सामान्य स्थिति में अमेरिका अपने पुराने सहयोगी इजरायल को प्रतिवर्ष 3.8 अरब डालर की सैन्य सहायता देता है। गाजा में इजरायली भीषण सैन्य कार्रवाई के चलते अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना कर रही बाइडन सरकार को घरेलू मोर्चे पर भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके इजरायल की सहायता में कमी नहीं की गई है। गाजा में इजरायली हमलों में 75 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इनमें से कई हजार लोगों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इसके अतिरिक्त अन्य कारणों से भी कई हजार लोग बुरी तरह से बीमार है।

### हमें निकालकर भारतीयों को दी नौकरी, अमेरिका में टीसीएस पर लगे गंभीर आरोप

**न्यूयार्क , एजेंसी।** भारत की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) पर अमेरिका में भेदभाव के गंभीर आरोप लगे हैं। टीसीएस के 20 से अधिक कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कंपनी नस्ल और उम्र के आधार पर गैरकानूनी तरीके से भेदभाव कर रही है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) ने अपनी रिपोर्ट में ये जानकारी दी। कुल मिलाकर, 22 अमेरिकी प्रोफेशनल ने टीसीएस पर आरोप लगाया है कि कंपनी ने उन्हें निकालकर एच-1बी वीजा पर आए पर भारतीयों को नौकरी पर रखा।

टीसीएस द्वारा निकाले गए व्यक्तियों में कॉकेशियन, एशियाई-अमेरिकी और हिस्पैनिक अमेरिकी नस्ल के लोग शामिल हैं, जिनकी उम्र 40 से 60 वर्ष के बीच है। ये लोग अमेरिका के विभिन्न राज्यों से आते हैं। शिकायतों के आधार पर, टीसीएस द्वारा नौकरी से निकाले गए कई व्यक्तियों के पास मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन या अन्य एडवांस डिग्री है। इन लोगों ने आईटी फील्ड की दिग्गज भारतीय कंपनी पर उनके साथ भेदभाव करके कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इन लोगों का कहना है कि कंपनी भारतीयों को फेवर कर रही है। आरोपों के बाद भारतीय आईटी कंपनियों द्वारा एच-1बी वीजा के इस्तेमाल को लेकर जांच शुरू हो गई है। ये वीजा कैटेगरी कुशल विदेशी श्रमिकों के लिए है।

# बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने फिर रचा इतिहास, रैंकिंग में भी शीर्ष पर लौटे

**मेलबर्न, एजेंसी।** इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे 44 वर्षीय बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी फाइनल में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से एक सेट से पिछड़ गई थी, लेकिन इस जोड़ी ने शानदार वापसी की और हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 6-7(3), 6-3, 10-6 से जीत दर्ज की।

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष डबल्स वर्ग का खिताब जीत लिया। इस जोड़ी ने इस साल दूसरी बार इतिहास रचा और बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतने वाली सबसे उम्रदराज जोड़ी बन गई। इससे पहले वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी इन दोनों की जोड़ी विजेता बनी थी। वह ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे।

### एक सेट से पिछड़कर की वापसी

इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे 44 वर्षीय बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी फाइनल में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से एक सेट से पिछड़ गई थी, लेकिन इस जोड़ी ने शानदार वापसी की और हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 6-7(3), 6-3, 10-6 से जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ ही बोपन्ना ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा और वह सबसे अधिक उम्र में एटीपी खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बने। इससे पहले उन्होंने पिछले साल इंडियन वेल्स में 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीता था।




### रैंकिंग में शीर्ष पर की वापसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए थे।

हालांकि दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल और इंडियन वेल्स के राउंड-32 में हारने के बाद यह जोड़ी दूसरे नंबर पर खिसक गई थी, लेकिन मियामी ओपन में खिताब जीतने के बाद यह जोड़ी सोमवार को जारी होने वाली एटीपी की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी कर लेगी।

### बोपन्ना के नाम है कई उपलब्धियां

भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में शामिल बोपन्ना के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हैं। बोपन्ना के करियर का यह 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था, जबकि वह पहली बार मियामी ओपन के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे। ओवरऑल यह उनका 63वां टूर स्तर का फाइनल था। बोपन्ना के करियर का यह 26वां डबल्स खिताब है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का यह पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। बोपन्ना के नाम एक खास उपलब्धि भी जुड़ गई थी वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे।



# हैदराबाद ने गुजरात को दिया 163 रन का टारगेट

### अभिषेक शर्मा और अब्दुल समद ने 29-29 रन बनाए, मोहित शर्मा को तीन विकेट

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 12वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 163 रन का टारगेट दिया गया था। टीम ने अहमदाबाद में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 163 रन बनाए। अभिषेक शर्मा और अब्दुल समद ने 29-29 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 24 रन का योगदान दिया। मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके। अजमतुल्लाह ओमरजई, उमेश यादव, राशिद खान और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिला।

# धवन आईपीएल में छक्का लगाने के मामले में युवराज से आगे निकले

### गेल, सहवाग और कोहली के इस रिकॉर्ड की बराबरी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी टीम के लिए कप्तानी पारी खेली। धवन ने इस मैच में 70 रन बनाए और इस दौरान उन्होंने 3 छक्के और 7 चौके भी लगाए। इन 3 छक्कों की मदद से धवन आईपीएल में छक्के लगाने के मामले में युवराज सिंह से आगे निकल गए और इस लीग में 150 छक्के लगाने वाले 17वें बल्लेबाज बन गए। इस मैच में धवन की कप्तानी में पंजाब की टीम को 21 रन से हार का सामना करना पड़ा।

### धवन ने युवराज सिंह को पीछे छोड़ा

शिखर धवन ने इस मैच में लखनऊ के खिलाफ 30 गेंदों पर 3 छक्के और 5 चौकों की मदद से पहले अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने 50 गेंदों पर 3 छक्के और 7 चौकों की मदद से 70 रन की पारी खेली और आउट हो गए। इन तीन छक्कों की मदद से वह आईपीएल में युवराज सिंह से छक्के लगाने के मामले में आगे निकल गए।

युवराज सिंह ने आईपीएल में 149 छक्के लगाए थे, लेकिन धवन ने 3 छक्कों की मदद से आईपीएल में अपने छक्कों की संख्या 152 कर लिया है। वह इस लीग में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी 17वें नंबर पर आ गए हैं।

### धवन ने कोहली की कर ली बराबरी

आईपीएल में चेज करते हुए बतौर भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने 23वीं बार 50 प्लस की पारी खेली और विराट कोहली की बराबरी पर आ गए।

कोहली ने भी इस लीग में चेज करते हुए 23 बार 50 प्लस की पारी खेली है। अब दोनों इस लीग में चेज करते हुए भारतीय बल्लेबाज के रूप में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस की पारी खेलने के मामले में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर आ गए हैं जबकि केएल राहुल दूसरे और गौतम गंभीर तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।



### आईपीएल में चेज करते हुए सर्वाधिक 50+ स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

23 बार — शिखर धवन
23 बार — विराट कोहली
21 बार — केएल राहुल
20 बार — गौतम गंभीर

धवन ने की कोहली, गेल, केएल राहुल और सहवाग की बराबरी

आईपीएल में यह 7वां मौका था जब धवन सेवेनटीज पर आउट हो गए। इससे पहले विराट कोहली, क्रिस गेल, केएल राहुल और वीरेंद्र सहवाग भी 7-7 बार सेवेनटीज पर आउट हो चुके हैं। अब धवन भी इन दिग्गजों की इस खास लिस्ट में शामिल हो चुके हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा बार सेवेनटीज पर आउट होने वाले बल्लेबाज

7 बार — शिखर धवन
7 बार — विराट कोहली
7 बार — क्रिस गेल
7 बार — केएल राहुल
7 बार — वीरेंद्र सहवाग

### आईपीएल में हारे हुए मैचों में सर्वाधिक 50 से अधिक स्कोर

28 - विराट कोहली
25 — डेविड वॉर्नर
19 — शिखर धवन
18 — केएल राहुल

# धोनी का यह आखिरी आईपीएल? पूर्व कप्तान खुद भी दे चुके हैं संकेत

**चेन्नई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय और टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के सबसे सफल कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धोनी इस साल आईपीएल को अलविदा कह सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से उनके आईपीएल से संन्यास की योजना भी चल रही है लेकिन टीम को सफल कप्तान ना मिलने की वजह से वह टीम के साथ बने हुए हैं। पिछले साल उन्होंने टीम को पांचवां खिताब दिलाया था जबकि उससे पहले 2022 में रविंद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी गई थी जो सही फैसला साबित नहीं हुआ था।



लेकिन इस बार 2024 में सीएसके को एक बार फिर से रुतुराज गायकवाड़ के रूप में नया कप्तान मिला है जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में हो सकता है कि धोनी का यह आखिरी आईपीएल हो। चाहे वह आईपीएल से संन्यास ले लें लेकिन वह टीम के साथ बने रहेंगे और उनके मार्गदर्शन में अगली पीढ़ी सीएसके के लिए काम करेगी।

### सबसे सफल कप्तान

उन्होंने सबसे ज्यादा मैचों (226) में कप्तानी की है और 100 से ज्यादा मैच जीते हैं। उनकी अगुवाई में उनकी टीम ने 133 मैच (चेनई सुपर किंग्स ने 128 और राइजिंग पुणे सुपर सुपरजाएंट्स ने 5) जीते हैं। धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स 10 बार फइनल में पहुंची और 5 बार खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा की अगुवाई में मुंबई इंडियन्स ने भी पांच बार खिताब जीते हैं लेकिन वह रनर-अप केवल एक बार ही बनी।

# आंद्रे रसेल बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक हैं: अय्यर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के आंद्रे रसेल की जमकर तारीफ की और उन्हें दुनिया के बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक बताया।



शुक्रवार रात चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रसेल ने दो विकेट लिए - कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार - और अपनी टीम के लिए डेथ ओवरों में गेंदबाजी की। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अय्यर ने कहा कि अगर रसेल ने शुक्रवार को बल्लेबाजी की होती, तो उन्होंने कुछ रन भी बनाए होते। जैसा कि आप मैदान पर देख सकते हैं, उसने अपने चार ओवर फेंके और फिर महत्वपूर्ण स्थान पर फील्डिंग भी की।

वह पूरे मैच के दौरान लंबे समय से दौड़ रहा था। मुझे यकीन है कि अगर उसे वहां हिट मिलती, तो वह रन बनाता। यह उस लड़के की फिटनेस और उसके करियर की लंबी उम्र के बारे में बताता है। वह हमेशा फिट रहता है, हमारे अधिकांश गेंदबाज ज्यादातर समय काम करते हैं, लेकिन आज, जब श्रेयस ने देखा कि गेंद ज्यादा घूम नहीं रही है, उन्होंने अपना पूरा कोटा डालने के लिए आंद्रे की ओर रुख किया और उन्होंने गेंद फेंकी।

और यही कारण है कि वह बेहतरीन टी20 खिलाड़ियों में से एक है। जब भी टीम को उससे किसी चीज की जरूरत होती है, वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करता है। केकेआर का अगला मुकाबला 3 अप्रैल को विजाग में दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

# शाहीन अफरीदी की गजब बेइज्जती

### 5 मैच बाद ही छीनी कप्तानी, बाबर आजम फिर बॉस


**नई दिल्ली,एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट में कुछ भी असंभव नहीं है। बोर्ड कप्तान को कपड़े की तरह बदलता है।अब शाहीन अफरीदी को ही देख लीजिए।उन्हें वनडे वर्ल्ड कप के बाद बाबर आजम की जगह पाकिस्तान टी 20 क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया था। माना जा रहा था कि वह टी20 वर्ल्ड में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की अगुवाई करेंगे। लेकिन उससे पहले ही खेल हो गया।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंटरनेशनल टी20 टीम का कप्तान बदल दिया है।अब शाहीन अफरीदी की जगह बाबर आजम नए कप्तान होंगे। यानी शाहिद अफरीदी के दामाद की घनघोर बेइज्जती हुई है। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को चेतावनी दी थी कि अगर कप्तान बनाया है तो समय भी दो। लेकिन उनकी इस धौंस का कोई फायदा नहीं हुआ। पीसीबी ने पाकिस्तान सुपर लीग में फेल रहने वाले शाहीन को फायर कर दिया है।उनकी जगह एक बार फिर बाबर आजम को बॉस बना दिया है।

### पीसीबी अध्यक्ष ने बाबर को दिया था फिर से कप्तानी का ऑफर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को सफेद गेंद के प्रारूप में कप्तानी की पेशकश दी थी। हालांकि बाबर ने कप्तानी स्वीकार करने के लिए कुछ शर्तें भी रखी थीं, जिसमें कोचों की नियुक्ति में भी उनकी राय लेना शामिल है।

बाबर ने यह भी कहा है कि उन्हें तीनों प्रारूपों में टीम की कमान सौंपी जानी चाहिए। फिलहाल बाबर आजम को अभी सिर्फ वाइट बॉल क्रिकेट का कप्तान बनाया गया है।





### बाबर आजम की कप्तानी में कैसा रहा पाकिस्तान का रिकॉर्ड?

बता दें कि बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। 2021 टी20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तो 2022 टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान फाइनल तक पहुंची थी। वहीं 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान अंतिम 4 में भी अपनी जगह नहीं बना पाई थी।

# केएल राहुल की फ्लॉप बल्लेबाजी पर भड़के फैंस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल अपनी फ्लॉप बल्लेबाजी की वजह से एक बार फिर फैंस के निशाने पर आ गए हैं. पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को खेले गए आईपीएल मैच में केएल राहुल 9 गेंद में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए. केएल राहुल के बल्ले से इस दौरान एक छक्का और एक चौका निकला था. बता दें कि केएल राहुल बीती रात पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे.

लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन को कार्यवाहक कप्तान के तौर पर उतारा था. वहीं, केएल राहुल को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था. दरअसल, लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम चोट के बाद लौटे केएल राहुल पर ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहती. लंबे टूर्नामेंट को देखते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम केएल राहुल को ज्यादा से ज्यादा आराम देना चाहती है.

### सोशल मीडिया पर फैंस ने लगाई क्लास

केएल राहुल शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाए. केएल राहुल ने एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी से फैंस को निराश किया है. केएल राहुल को पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपना शिकार बनाया. अर्शदीप सिंह ने केएल राहुल को जॉनी बेयरस्टो के हाथ कैच आउट करा दिया. केएल राहुल सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए.

# 156 किमी/घंटा...रफ्तार का नया सौदागर



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास का सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड शॉन टैट के नाम हैं, जिन्होंने 157.71 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बॉल फेंकी थी. इस लिस्ट में उमरान मलिक भारतीयों में नंबर वन पर हैं, जिनके नाम आईपीएल में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है. लेकिन अब उमरान के बाद भारत को एक और तेज गेंदबाज मिल गया है, जिसने अपनी रफ्तार से सबको चौंका दिया है. उस गेंदबाज का नाम मयंक यादव है. मयंक के नाम अब आईपीएल इतिहास का पांचवीं सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है. मयंक ने शनिवार को आईपीएल में डेब्यू करते हुए यह रिकॉर्ड बनाया. लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलने उतरे इस तेज गेंदबाज की स्पीड को देखकर बड़े-बड़े दिग्गजों के पसीने छूट गए. उमरान मलिक के बाद मयंक अब आईपीएल इतिहास के केवल दूसरे ऐसे भारतीय तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने 155+ गेंदबाजी की है. पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में मयंक ने चार ओवर के अपने स्पेल में 9 गेंदें 150 किमी प्रति घंटे या उससे तेज रफ्तार से फेंकी. उनके स्पेल की सबसे धीमी गेंद 141 किमी प्रति घंटे की थी. पंजाब की बल्लेबाजी के दौरान 10वें ओवर में अपनी गेंदबाजी की शुरुआत करने आए मयंक ने अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद 147 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी. उन्होंने फिर इसी ओवर में अपनी बॉलिंग स्पीड को 150 के पार भी पहुंचा दिया.

# इंडी की दिल्ली रैली में महिलाओं का दम सुनीता केजरीवाल संग दिखीं कल्पना सोरेन



**रांची/दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन इंडिया गठबंधन की रैली में शामिल होने के लिए रामलीला मैदान पहुंचीं हैं।

इंडी गठबंधन की महारैली में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा, यहां उमड़ा जल सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि लोकतंत्र को खत्म करने के लिए जिस तरीके तानाशाह ताकतों ने अपने कदम बढ़ाएं हैं

इंडी गठबंधन की महारैली में कल्पना सोरेन ने कहा कि यहां उमड़ा जल सैलाब इस बात की गवाही दे रहा है कि लोकतंत्र को खत्म करने के लिए जिस तरीके तानाशाह ताकतों ने अपने कदम बढ़ाएं हैं, उसका अंत करने के लिए यह सभा आज आयोजित हुई है।

उन्होंने कहा कि आज भारत में बाबा साहेब के संविधान से प्राप्त जिनती गारंटियां से उसे एनडीए सरकार द्वारा खत्म किया जा रहा है। इन्होंने हमारे संवैधानिक मूल्यों को तहस-नहस किया है। आपको(जनता) अपने वोट का चुनाव सही रूप से करना होगा।

कल्पना सोरेन ने कहा कि हम अपने देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। इंडी अलायंस की पार्टियां यहां इकट्ठा हो रही हैं और इसके माध्यम से हम देश के लोगों और आज यहां एकत्र हुए लोगों को बताना चाहते हैं कि आपको अपने लोकतंत्र के लिए लड़ने के लिए आगे आएं।

दरअसल, दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी एकता की ताकत दिखाने के लिए रैला का आयोजन किया गया है। इस महारैली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी मौजूद हैं।

इसके अलावा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रेयन, लेफ्ट नेता सीताराम येचुरी, एनसीपी (पवार) शरद पवार सहित कई दिग्गज नेता मौजूद हुए। इस रैली में 26 दलों के नेता शामिल हुए।

## झारखंड में सीट बंटवारे को लेकर इंडी में तनाव! कांग्रेस के बाद अब इस पार्टी ने मैदान में उतारे उम्मीदवार



**रांची, एजेंसी।** आइएनडीआइ गठबंधन में सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं होने के बावजूद लोकसभा सीटों पर गठबंधन दल की पार्टियां अपना-अपना प्रत्याशी उतारना शुरू कर दी है। भाकपा माले ने झारखंड में कोडरमा लोकसभा सीट पर बगोदर के विधायक विनोद सिंह को उतारा है।

विनोद सिंह पहली बार पार्टी की टिकट से वर्ष 2005 में बगोदर से विधायक बने थे। इसके बाद वर्ष 2009 व 2019 में विधायक बने। इस बार पार्टी ने उन्हें कोडरमा लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया है।

इधर, सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं होने के बावजूद कांग्रेस ने भी झारखंड की तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इनमें खूंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत व हजारीबाग से जयप्रकाश भाई पटेल को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

भाकपा को महागठबंधन में जगह नहीं मिला है। यही वजह है कि पार्टी ने झारखंड की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ये सीटें रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, चतरा, पलामू, गिरिडीह, दुमका व जमशेदपुर हैं। इनमें लोहरदगा, पलामू, चतरा व दुमका सीट के लिए प्रत्याशियों के चयन का कार्य पूरा हो गया है।

अन्य सीटों के प्रत्याशियों का चयन चल रहा है। एक-दो दिनों के भीतर पार्टी अपने सभी आठ सीटों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर देगी।

## धनबाद सीट पर गरमाई सियासत, बीजेपी प्रत्याशी के खिलाफ इस विधायक ने खोल दिया मोर्चा; पलट सकती है बाजी



**धनबाद, एजेंसी।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के खिलाफ वह धनबाद लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। भाजपा यदि चाहती है कि वह ऐसा नहीं करें तो तत्काल धनबाद में अपना प्रत्याशी बदले।

सरयू राय ने यह बातें शुक्रवार को यहां धैया में अपने समर्थक व मारवाड़ी सम्मेलन के धनबाद जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के आवास पर पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने विधायक ढुलू महतो के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलते हुए कहा कि वह यहां की जनता की रक्षा के लिए चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि यहां हम आपको याद करा दें कि सरयू राय लंबे समय से धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए वह बराबर धनबाद का दौरा करते रहे हैं। भाजपा से टिकट के दावेदारों में उनका भी नाम शामिल था, लेकिन बाजी ढुलू महतो ने मार ली।

विदित हो कि कृष्णा अग्रवाल ने ढुलू को प्रत्याशी बनाने के विरोध में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखा था। इसे लेकर ढुलू और कृष्णा अग्रवाल के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत का एक ऑडियो गुरुवार को वायरल हुआ था। इसके दूसरे दिन ही सरयू राय धनबाद पहुंच गए थे।सरयू राय ने कहा कि प्रिंस खान ने जब व्यवसाय वर्ग के साथ आम जनता को धमकाने का काम किया तो वह सामने आकर लड़े। आज ईडी व उच्च जांच एजेंसी इस मामले की जांच कर रही है।

वहीं, कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ें, उन्हें पूरा समर्थन रहेगा। इसके लिए माहौल भी तैयार हो रहा है। इस मौके पर विजय कुमार झा, उदय सिंह, अरविंद सिंह, कृष्णा अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रात में घर से अकेले न निकलें बाहर, पार्क में छिपकर बैठा है खूंखार तेंदुआ, अलर्ट जारी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कदमा स्थित डायवर्सिटी पार्क में तेंदुआ देखे जाने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है। वन विभाग एवं टाटा जू के अधिकारी मौके पर मुस्तैद है। लोगों को आगाह करते हुए जमशेदपुर के वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी ने आम जनता से सावधान और सतर्क रहने की अपील की है। डीएफओ ने कहा कि भटके हुए तेंदुए के रेस्क्यू में वन विभाग की टीम को सहयोग करें। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को कदमा स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में एक तेंदुआ देखा गया है, जिसके उपरान्त वन विभाग के द्वारा बचाव अभियान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बचाव अभियान के लिए आवश्यक संयत्रों की व्यवस्था की जा चुकी है।

### बोकारो के लिए मौसम विभाग का यलो अलर्ट : मौसम साफ पर हल्के बादल छाए रहेंगे

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिला में रविवार 31 मार्च को मौसम साफ है लेकिन दिन में कभी भी कहीं कहीं बादल गर्जन एवं हल्के बरसात की संभावना है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर रखा है। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक रहने की संभावना है। हवा 3 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बह रही है। सूर्योदय सुबह 5:38 में हुआ है जबकि सूर्यास्त शाम को 6:01 में होना है। एयर क्वालिटी इंडक्शन 225 है।वहीं सोमवार 1 अप्रैल से 5 अप्रैल शुक्रवार तक मौसम साफ व शुष्क रहने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा बताई गई है। अर्थात बादल या बारिश की कोई संभावना नहीं है। धूप खिली हुई रहेगी, न्यूनतम तापमान की बात करें तो 1 अप्रैल को न्यूनतम 23 डिग्री एवं अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की संभावना है।

### रांची एयरपोर्ट में खान-पान की व्यवस्था से असंतुष्ट हैं यात्री, छठे पायदान पर पहुंचा

**रांची, एजेंसी।** देश के 42 एयरपोर्ट पर ग्राहक संतुष्टि सर्वे रिपोर्ट के रिजल्ट में देश का नंबर वन रहने वाला रांची एयरपोर्ट इस बार छठे पायदान पर फिसल गया। बिहार के दरभंगा एयरपोर्ट से भी रांची एयरपोर्ट पिछड़ गया है। यात्रियों को रांची एयरपोर्ट से बेहतर सुविधा दरभंगा एयरपोर्ट पर मिली है। यह सर्वे रिपोर्ट जुलाई-2023 से दिसंबर तक की जारी की गई है। एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने सर्वे रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार पहले नंबर पर भोपाल एयरपोर्ट रहा। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची की व्यवस्था से यात्री असंतुष्ट हैं।एयरपोर्ट के इंट्री प्वाइंट से लेकर विमान में बैठने तक की व्यवस्था पर यात्रियों ने सवाल उठा दिए हैं। खासकर एयरपोर्ट पर पार्किंग की व्यवस्था से यात्री सबसे ज्यादा परेशान हैं। वहीं एयरपोर्ट पर सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार भी खराब है। एयरपोर्ट पर खान-पान की व्यवस्था भी ठीक नहीं है, क्योंकि एयरपोर्ट पर रेस्टूरेंट नहीं है। जो खान-पान के छोटे शॉप हैं, वहां यात्रियों को पसंदीदा खान-पान के सामान भी नहीं मिल रहे हैं।जम्मू, देहरादून व गोरखपुर एयरपोर्ट समान नंबर संग दूसरे पायदान पर जम्मू 4.99 गोरखपुर 4.99 देहरादून 4.99 बेलगाम 4.97 दरभंगा 4.97 मदुरै 4.95 नोट :- एयरपोर्ट की सर्वे रिपोर्ट में जम्मू, गोरखपुर, देहरादून एयरपोर्ट पर भी दूसरे नंबर रहा, जिनकी रैंकिंग 4.99 रही। वहीं बेलगाम और दरभंगा एयरपोर्ट तीसरे पायदान पर रहा।

### बीसीसीएल अफसरों के लिए खुशखबरी, अब मिलेगी यह बड़ी सुविधा; 8 साल का इंतजार हुआ खत्म

**धनबाद, एजेंसी।** बीसीसीएल के अधिकारियों के लिए अच्छी खबर है। करीब आठ साल से बंद उनके आवास भत्ते को फिर से शुरू करने को कोयला कंपनी के निदेशक मंडल से सहमति मिल गई है। बीसीसीएल में 1910 अधिकारी को इसका लाभ मिलेगा।14 मार्च की तिथि से अधिकारी स्थापना विभाग की ओर से पत्र जारी कर अधिकारियों से कागजात की मांग गई है। उन्हें 16 प्रतिशत एचआर का लाभ मिलेगा। पत्र में स्पष्ट लिखा गया है कि फंक्शनल डायरेक्टर की बैठक में उन अधिकारियों के एचआरए की मंजूरी दे दी गई है, जिनके घर का स्वामित्व स्वयं के नाम पर, पति या पत्नी और माता-पिता के साथ संयुक्त रूप से हैं। संबंधित अधिकारी को कोल इंडिया एचआरए नियम 2010 के अनुसार आवेदन करना होगा।

## बिगड़ने वाला है झारखंड का मौसम, अगले दो दिनों तक ऐसा रहेगा हाल; इन 8 जिलों में होगी बारिश

**रांची, एजेंसी।** पिछले तीन चार दिनों से राजधानी रांची व आसपास के जिलों में गर्मी से जहां आम जनजीवन का हाल बेहाल है, वहीं मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने राहत भरी सूचना दी है।केंद्र के अनुसार अगले दो दिनों के अंदर निकटवर्ती व मध्य हिस्से यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी के अलावा दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा व सरायकेला-खरसावां में कहीं-कहीं मेघगर्जन व वज्रपात के साथ वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

इसे लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में वर्षा होने के बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट के संकेत हैं।इसके बाद राजधानी समेत पूरे राज्य में 1 से 5 अप्रैल तक आसमान के साफ रहने और मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। मार्च महीने में ही लोगों के पसीने छूट रहे हैं।चिलचिलाती धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी हैं। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद की माने तो दो दिनों तक राजधानी व आसपास के जिलों में 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की गति से हवा बहने और आंशिक बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है।मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने भी अलर्ट जारी करते हुए लोगों से अपील की है कि तेज हवा बहने के दौरान सावधान रहें। सुरक्षित स्थान में शरण लें, बिजली के खंभों से दूर रहें।

साथ ही किसान अपने खेतों में न जाएं एवं मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें। बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर 31 मार्च को देखने को मिल सकता है। राज्य के अधिकांश जिलों में वर्षा होने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री डाल्टेनगंज का जबकि न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री लोहरदगा का रिकॉर्ड किया गया।

## जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन के खिलाफ 5500 पन्नों की चार्जशीट



**रांची, एजेंसी।** बड़गाई अंचल के बरियातू में हुए 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच पूरी कर ली है। जांच एजेंसी ने शनिवार को इस मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सहित पांच लोगों के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में 5500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। इसमें जमीन की हेराफेरी की पूरी जानकारी दी गई है। चार्जशीट में जिन्हें आरोपी बनाया गया है, उनमें हेमंत सोरेन के अलावा उनके करीबी आर्किटेक्ट बिनोद सिंह, बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, हिलेरियस कच्छप और राजकुमार पाहन शामिल हैं।

ईडी ने सभी आरोपियों पर लगे मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप को सही पाया है। साथ ही उस जमीन को भी कुर्क कर लिया है। चार्जशीट पर अब कोर्ट चार अप्रैल को संज्ञान ले सकता है। इसके बाद आगे की न्यायिक प्रक्रिया शुरू होगी। उसी दिन हेमंत सोरेन और भानु प्रताप की पेशी भी है।जांच एजेंसी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के बाद उन्हें एक फरवरी को जेल भेज दिया गया था। तब से वह जेल में हैं। नियम के मुताबिक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य है। उनकी गिरफ्तारी के 60वें दिन शनिवार को चार्जशीट दाखिल की गई है।

ईडी ने भानु प्रताप के घर से छापेमारी के दौरान 11 ट्रंक में भरे पंजी-टू समेत अन्य सरकारी दस्तावेज जब्त किए थे। उन्ही दस्तावेजों से इस जमीन की जानकारी मिली। जांच में इसमें हेराफेरी का मामला सामने आया। जांच एजेंसी ने इस मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सात बार समन जारी किया। लेकिन वे एक बार भी पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। 31 जनवरी को लंबी पूछताछ के बाद उन्हें सीएम हाउस से गिरफ्तार कर लिया। बिनोद के मोबाइल से मिला था बैंक्वेट हॉल का नक्शा:-ईडी ने बिनोद सिंह से भी पूछताछ की थी। इस दौरान बिनोद और हेमंत के बीच वॉट्सएप चैट मिले थे। बिनोद के मोबाइल से उस जमीन पर बनने वाले बैंक्वेट हॉल का नक्शा भी मिला था। ईडी ने कोर्ट को बताया था कि बिनोद ने 6 अप्रैल 2021 को यह नक्शा बनाया था, जिसे उसने हेमंत को वॉट्सएप पर भेजा था।

# बगोदर विधायक विनोद सिंह कोडरमा से भाकपा माले के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

**रांची, एजेंसी।** भाकपा माले ने कोडरमा लोकसभा सीट से बगोदर विधायक विनोद सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने शनिवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि विनोद सिंह के नाम पर इंडी गठबंधन ने मुहर लगा दी है। महागठबंधन ने वामदलों के लिए राज्य में सिर्फ कोडरमा सीट छोड़ी थी, जिस पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की। इससे पहले पार्टी यहां से राजकुमार यादव को प्रत्याशी बनाती रही है, लेकिन इस बार विनोद पर दांव खेला है। इस सीट से भाजपा ने अन्नपूर्णा देवी को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में अब यहां अन्नपूर्णा और विनोद सिंह के बीच आमने-सामने का मुकाबला होगा।

विनोद सिंह बगोदर से तीसरी बार विधायक हैं। वर्ष 2005 में पिता महेंद्र सिंह की हत्या के बाद भाकपा माले ने उन्हें बगोदर से उम्मीदवार बनाया था। वे जीतकर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद 2009 और 2019 में भी वे विधायक चुने गए। विनोद सिंह बीएचयू से एमए की शिक्षा ली है।

प्रत्याशी घोषित करने के साथ ही पार्टी ने घोषणा पत्र भी जारी कर दिया। इसमें कहा गया है कि पार्टी क्षेत्र के सुदूर इलाकों में रहने वाले लोगों तक शिक्षा की रोशनी फैलाना चाहती है। कोडरमा में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्कूल-कॉलेजों में मुफ्त इंटरनेट की व्यवस्था की जाएगी। कोडरमा में पिछले कई दशकों से मजदूरों, दलितों और पिछड़ों की स्थिति सुधर नहीं रही है। एक दशक से अधिक समय से यहां भाजपा नेतृत्व कर रही है, लेकिन आज भी गरीब पलायन को मजबूर हैं। माले उम्मीदवार जब लोकसभा पहुंचेंगे तो निश्चित रूप से वहां के मूलवासियों की समस्याओं को उठाएंगे। पार्टी इसी संकल्प को लेकर लोगों के बीच जाएंगे।महागठबंधन में सीट शेयरिंग का मामला अब भी अटका हुआ है। महागठबंधन का घटक दल राजद चतरा और पलामू सीट पर दावा कर रहा है, जबकि कांग्रेस पलामू या चतरा में से एक ही सीट देने पर अड़ा है। इस पर अभी सहमति नहीं बन पाई है। इसलिए राजद ने अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव का कहना है कि राजद दो सीटों पर जरूर चुनाव लड़ेगा।

## बियाडा की फैक्ट्रियों का होगा फिजिकल वैरिफिकेशन : 20 टीम का हुआ गठन, गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्रवाई, रद्द होगा आवंटन

**बोकारो, एजेंसी।** बालीडीह थाना क्षेत्र के बियाडा औद्योगिक क्षेत्र में अवैध विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री उद्भेदन मामले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने सहायक उत्पाद आयुक्त बोकारो एवं बियाडा के सहायक विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।वहीं, संबंधित सर्वश्री कास्टोन टेक्नोलाजी लि. के मालिक से भी स्पष्टीकरण मांगा है। 48 घंटे में जवाब उपलब्ध कराने को कहा है। प्लॉट का आवंटन इकाई स्थापित करने के लिए किया गया था,इसके आड़ में अवैध विदेशी शराब निर्माण फैक्ट्री का संचालन करना नियम के विरूद्ध और अपराध है। उक्त प्लॉट का आवंटन लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित सभी औद्योगिक इकाईयों का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए 20 टीम गठित किया गया है।

## बीएलओ से वार्ड सुपरवाइजर व सफाई कर्मी को जोड़ चलेगा डोर टू डोर अभियान

**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी में बहुत हद तक सफलता मिली है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में अभी भी मतदान प्रतिशत बढ़ाना बड़ी समस्या है। इसे देखते हुए डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने शनिवार को निगम सभागार में निगम के वार्ड सुपरवाइजरों और रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप तैयार किया जाएगा। डीडीसी ने कहा कि शहरी क्षेत्र में 1000 से अधिक पोलिंग बूथ हैं। प्रत्येक बूथ पर एक-एक बीएलओ को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसमें निगम के वार्ड सुपरवाइजर और सफाईकर्मी को बूथ लेवल ऑफिसर के साथ जोड़ा जाएगा। यह ग्रुप अपने वार्ड के प्रत्येक घरों में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेगा।



डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी मतदान केन्द्रों पर बेसिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। शनिवार को कलेक्ट्रेट में लो वोटर टर्नआउट को लेकर बैठक करते हुए उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करें। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पानी, बिजली, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, पार्किंग की सुविधा होनी चाहिए। सभी बीडीओ-सीओ को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करके रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया। जहां सुविधाएं कम है, उसे दूर करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिनका नाम अभी भी मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है उन्हें फॉर्म-6 दें, ताकि नाम जोड़ा जा सके।

## जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र:सबसे ज्यादा मतों से विद्युत, सबसे कम मतों से जीते थे स्वर्ण


**जमशेदपुर , एजेंसी।** जमशेदपुर संसदीय सीट पर अब तक हुए लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक मतों से विद्युतवरण महतो की जीत हुई है, जबकि सबसे कम 206 वोट से 1971 में कांग्रेस के प्रत्याशी सरदार स्वर्ण सिंह जीते थे। जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में हमेशा पार्टियों के बीच कांटे का मुकाबला रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो ने तीन लाख से अधिक मतों से चुनाव जीत कर रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने झामुमो प्रत्याशी और वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन को हराया था।इस बार भी भाजपा की ओर से विद्युतवरण महतो चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ अबतक झामुमो-कांग्रेस गठबंधन से कौन उम्मीदवार होगा, यह अबतक तय नहीं है। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर दो बार उपचुनाव भी हुआ। 2007 में हुए उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सुमन महतो ने भाजपा प्रत्याशी डॉ दिनेश षाड़ंगी को 58816 मतों से हराया था। 2011 के उपचुनाव में झाविमो (झारखंड विकास मोर्चा) के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने लगभग 1.50 लाख मतों से जीत हासिल की थी। हालांकि 2014 में डॉ अजय कुमार भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो से 99876 मतों से चुनाव हार गए थे।जमशेदपुर लोकसभा सीट पर तीन बार के चुनाव में विजेता और उपविजेता के बीच जीत का अंतर 10 हजार वोट से भी कम का रहा है। 1957 में कांग्रेस पार्टी के एमके घोष 9603 मतों से जीते थे। कांग्रेस के सरदार स्वर्ण सिंह 1971 में मात्र 206 मतों से जीते थे।

# लव ट्रायंगल में अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी की हत्या, हजारी बाग में प्रेमिका बोली-पैसों के लिए दोस्ती की, पीछे पड़ गया था

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग में अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत कुमार सिन्हा (38) की गला दबाकर हत्या कर दी गई। खिलाड़ी की हत्या उसी की प्रेमिका काजल सिन्हा ने अपने नए प्रेमी रौनक कुमार के साथ मिलकर की। हत्या के बाद शव को प्लास्टिक की बोरी में पैक कर छड़वा डैम स्थित पुल के नीचे फेंक दिया।

पुलिस ने काजल और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में काजल ने अपना जुर्म कबूल किया है। काजल ने बताया कि उसने पैसे के लिए प्रशांत से दोस्ती की थी, लेकिन प्रशांत को उससे प्यार हो गया था। काजल उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी, लेकिन वह उसे छोड़ नहीं रहा था। साथ ही फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था।इसी वजह से उसने प्रशांत की हत्या करने की प्लानिंग की और उसे 11 मार्च को जमशेदपुर से हजारीबाग बुलाया। फिर 12 मार्च को उसकी हत्या कर शव को बोरी में पैक कर फेंक दिया। पुलिस ने युवती की निशानदेही पर कटकमसांडी थाना क्षेत्र के छड़वा डैम स्थित पुल से सड़ी-गली अवस्था में उसकी लाश बारामद की।

प्रशांत सिन्हा मूल रूप से जमशेदपुर के रहने वाले थे। वे 11 मार्च से लापता थे। परिजनों ने बिरसा नगर, जमशेदपुर थाना में 13 मार्च को गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। बाद में फिर 22 मार्च को आवेदन देकर अपहरण का मामला दर्ज



कराया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के लोहसिंगना थाना क्षेत्र के न्यू एरिया निवासी काजल सिन्हा को आरोपी बनाया गया। जिसके बाद बिरसा नगर जमशेदपुर थाना में पुलिस ने कई धाराओं में केस दर्ज किया और मामले की पड़ताल में जुट गई। जांच के दौरान 8 दिन बाद प्रशांत की हत्या का खुलासा हुआ।

आरोपी काजल सिन्हा ने पुलिस को बताया कि प्रशांत से उसकी दोस्ती 2019 से थी। प्रशांत दिव्यांग था। उसकी सिर्फ पैसों के कारण दोस्ती थी, लेकिन प्रशांत उससे सच्चा प्यार करने लगा था। वह अलग होना चाहती थी, लेकिन प्रशांत को यह मंजूरी नहीं था।दोस्ती तोड़ने पर वह फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इससे तंग आकर उसने प्रशांत को शहर के शहीद निर्मल महतो पार्क बुलाया। दूसरे दिन देवघर जाने का प्लान बनाते हुए रात में अपने नए प्रेमी हजारीबाग के ही रहने वाले रौनक के खटाल में रुक गया। वहां उसने रौनक के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। फिर रात में प्लास्टिक की बोरी में शव भरकर स्कूटी से छड़वा डैम गए और पुल से नीचे फेंक दिया।

अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह वर्ष 2023 थाईलैंड में हुई प्रतियोगिता में हिस्सा लिए थे। ये प्रतियोगिता 9 से 14 मई तक चली थी। अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन की इस प्रतियोगिता में उसने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।